मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.9 | 23.4 |
| जमशेदपुर | 34.8 | 26.4 |
| डालटनगंज | 31.9 | 26.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in रांची, रविवार 11 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 124 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


# अदालतों की टिप्पणियां, ईडी की साख और निचली अदालतें

सुरजीत सिंह

इनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट. यानी ईडी. देश की सबसे पावरफुल जांच एजेंसी. सर्व शक्तिमान. देश में शायद ही ऐसी कोई जांच एजेंसी है, जिसे ईडी जितने अधिकार हों. यही कारण है कि इसका नाम सुनते ही बड़े-बड़े लोग घबरा जाते हैं. परेशान हो जाते हैं. लेकिन हाल के महीनों में इस जांच एजेंसी की साख पर गहरा झटका लगा है. अदालतों की टिप्पणियों से ईडी की साख पर बट्टा लगा है. पिछले दस सालों में 5000 मामले दर्ज करने और सिर्फ 40 मामलों में सजा दिलाने के आंकड़े से इस एजेंसी की क्षमता और कार्यकुशलता भी सवालों के घेरे में आ गई है. साथ ही उन आरोपों को बल मिला है, जिनमें कहा जाता रहा है कि ईडी की कार्रवाई राजनीतिक वजहों से हो रही हैं. जमानत को लेकर सुप्रीम कोर्ट की हालिया टिप्पणियों ने निचली अदालतों पर भी सवाल खड़ा कर दिया है.

### जो केस बनाया गया, उसमें शायद दोषी नहीं

**हेमंत सोरेन**



8.86 एकड़ जमीन के मामले में ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था. हाईकोर्ट ने उन्हें यह कहते हुए जमानत दे दी कि जो केस हेमंत सोरेन के खिलाफ बनाया गया है, उसमें शायद वह दोषी ही नहीं है. आरोप है कि उन्होंने सरकारी दस्तावेज व रेवन्यू रिकॉर्ड में टेंपरिंग की है. वो रिकॉर्ड जो हेमंत सोरेन के पोजेशन में थे ही नहीं थे. बड़ी अजीब बात है कि किसी डाक्यूमेंट में, कहीं पर भी, किसी से भी जो दस्तावेज मिला है, उसमें हेमंत सोरेन या उनके परिवार के किसी सदस्य का नाम नहीं है. एक महिला का बयान, एक संतोष मुंडा, जिसने कहा- मंत्री जी जमीन के मालिक है, एक अमीन, जो कह रहा है आई केम टू नो, कि हेमंत सोरेन की प्रॉपर्टी है. वो भानु प्रसाद, जो इस पूरे केस का किंग पिन है, उसने अपने सबसिक्वेंट स्टेटमेंट में हेमंत सोरेन का नाम नहीं लिया. ईडी ने झारखंड हाईकोर्ट के इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जो खारिज हो गया है.

### ईडी ने जमानत का विरोध तक नहीं किया

**संजय सिंह**



आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- आखिर संजय सिंह को जेल में रखने की जरूरत क्यों है ? यह समझ से परे है कि संजय सिंह को जेल में रखना क्यों जरूरी है ? ईडी पर टिप्पणी करते हुए अदालत ने कहा कि आपने छह महीने तक संजय सिंह को हिरासत में रखा. दिनेश अरोड़ा ने पहले नौ बयानों में संजय सिंह का नाम नहीं लिया. मामले की सच्चाई यह है कि कोई पैसा बरामद नहीं हुआ. इस मामले में ईडी ने संजय सिंह की जमानत का विरोध तक नहीं किया.

### 5000 मामलों में 40 में सजा

**सुनील अग्रवाल**



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि ईडी को अभियोजन और सबूतों की गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है. 10 सालों में दर्ज 5000 मामलों में से 40 में सजा हुई है. शीर्ष कोर्ट की यह टिप्पणी छत्तीसगढ़ के व्यवसाई सुनील कुमार अग्रवाल द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान आई. कोर्ट ने यह भी कहा कि आपको सबूत आधारित जांच करनी चाहिए.

### जमानत नियम-जेल अपवाद

**मनीष सिसोदिया**



सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को जमानत देते हुए निचली अदालतों की आलोचना करते हुए कहा कि मामले की सुनवाई शुरू हुए बिना लंबे समय तक जेल में रखे जाने से वह शीघ्र सुनवाई के अधिकार से वंचित रहे. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तुरंत सुनवाई का अधिकार एक पवित्र अधिकार है. जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने अपने फैसले में कहा कि अब समय आ गया है कि निचली अदालतें और हाईकोर्ट इस सिद्धांत को स्वीकार करें कि जमानत एक नियम है और जेल एक अपवाद है. कोर्ट ने मनीष सिसोदिया के मामले में एक और टिप्पणी की, वह यह कि ट्रायल शुरू होने और खत्म होने में ज्यादा समय लगना ठीक नहीं.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 65,800 |
| चांदी (किलो) | 84,000 |

## ब्रीफ खबरें

### सोमनाथन बने गौबा की जगह कैबिनेट सचिव

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ आईएएस टीवी सोमनाथन को कैबिनेट सचिव नियुक्त किया गया है. वह झारखंड कैडर के आईएएस राजीव गौबा की जगह लेंगे. तमिलनाडु कैडर के 1987 बैच के अधिकारी सोमनाथन अभी में केंद्रीय वित्त सचिव थे. एक आदेश में कहा गया है, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने टी वी सोमनाथन को दो साल के कार्यकाल के लिए कैबिनेट सचिव के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है. गौबा ने पांच साल पहले 30 अगस्त 2019 को कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला था. गौबा वह रिटायर हो जाएंगे.

### गाजा में स्कूल पर हमला, 100 की मौत

**अल-बलाह।** गाजा सिटी में शरणार्थी शिविर में तब्दील एक स्कूल पर हुए इजराइल के हवाई हमले में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई. फलस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच 10 महीने से जारी युद्ध में यह हमला अब तक के भीषण हमलों में से एक है. इजराइली सरकार ने हमले की बात स्वीकार करते हुए दावा किया है कि उसने स्कूल के अंदर स्थित हमास के कमान सेंटर को निशाना बनाया है.

### 'क्रीमी लेयर' पर फैसला संसद से निरस्त करते

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एससी और एसटी के अंदर उप-वर्गीकरण और 'क्रीमी लेयर' संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के प्रति विरोध जताते हुए शनिवार को कहा कि सरकार को यह निर्णय आते ही इसे संसद के माध्यम से निरस्त करना चाहिए था.

### लोगों को तानाशाही से लड़ना होगा: मनीष

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों से देश में तानाशाही के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया. शुक्रवार को जेल से बाहर आए सिसोदिया पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे.

### ब्राजील में विमान हादसा, 61 की मौत

**विन्हेडो (ब्राजील)।** ब्राजील के साओ पाउलो प्रांत में एक यात्री विमान के रिहायशी इलाके में शुक्रवार रात दुर्घटनाग्रस्त होने से विमान में सवार सभी 61 लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों और विमानन कंपनी ने यह जानकारी दी.-पेज 12 भी देखें

### रीतिका हारीं, फिर भी पदक की बनी आस

**पेरिस।** भारतीय पहलवान रीतिका हुड्डा को पेरिस ओलंपिक महिला कुश्ती के 76 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान की एइपेरी मेतेट के खिलाफ बराबरी के बाद आखिरी अंक गंवाने के कारण हार का सामना करना पड़ा. लेकिन अब भी उनसे कांस्य पदक की उम्मीद की जा रही है. - पेज 10 भी देखें



### आदिवासी महोत्सव का रंगारंग समापन, सीएम ने की घोषणा

# झारखंडी कलाकारों के लिए बनाएंगे अलग से पॉलिसी

प्रमुख संवाददाता।रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि मेरे जन्मदिन को अलग से पहचान देने का प्रयास किया गया है. आदिवासी दिवस के एक दिन बाद ही मेरा जन्मदिवस है. आज आदिवासी समाज विकास के साथ-साथ कई चुनौतियों से भी गुजर रहा है. अपनी संस्कृति को बचाने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं. सीएम शनिवार को झारखंड आदिवासी महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अथिति बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि व्यापार पर दूसरो का धाक है. न्यायपालिका, आईपीएस, आईएएस और हेल्थ के क्षेत्र में गिने चुने लोग आते हैं. लेकिन अब आदिवासी समाज के लोग आगे आ रहे हैं.आदिवासी समाज अपनी पहचान बना रहा है. आदिवासी महोत्सव में जितने भी अलग-अलग राज्यों और झारखंड से कलाकार आए है, उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि कलाकारों के लिए अलग से पॉलिसी बनाई जाएगी. हेमंत ने कहा, यहां के कलाकारों को आने वाले दिनों में एक बेहतर नीति और कार्ययोजना बना कर आगे बढ़ाने का काम उनकी सरकार करेगी, ताकि झारखंड के कलाकार देश और दुनिया में अपने हुनर का प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर सकें. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के कलाकार झारखंड की कला-संस्कृति को निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं. इनके प्रयासों को और मजबूती प्रदान की जाएगी. उन्होंने कहा कि खेल और कला, संस्कृति के क्षेत्र में झारखंड की पूरे विश्व में अलग पहचान है. मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में बात करें, तो हॉकी इंडिया में झारखंड के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा. देश की महिला हॉकी टीम में इस राज्य की महिला खिलाड़ियों ने एक अलग मुकाम हासिल किया है.

**गीत-नृत्य झारखंड की कला-संस्कृति का अहम हिस्सा**



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि इस समय बारिश का मौसम है. खेत-खलिहान से जुड़े लोगों के मन में भी उत्साह है और सामाजिक सरोकार रखने वाले लोगों के मन में भी उत्साह है. मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है. यहां के आदिवासी समाज के लोग यहां की कला-संस्कृति को संरक्षित करने का काम करते हैं. राज्य की समृद्ध कला-संस्कृति का सीधा जुड़ाव प्रकृति से भी है. मुख्यमंत्री ने कहा कि गीत-नृत्य यहां की कला-संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो अनवरत चलता रहता है. इसी कड़ी में विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर आयोजित झारखंड आदिवासी महोत्सव में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाते हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि कई चुनौतियों का सामना करते हुए आदिवासी समाज के लोग अपनी कला-संस्कृति, रहन-सहन और समृद्ध आदिवासियत को बचाने के लिए जद्दोजहद में लगे हैं.

### धीरे-धीरे ही सही लेकिन हम लोग भी अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापार जगत हो, न्यायपालिका का क्षेत्र हो, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स का क्षेत्र हो, चाहे आईएएस, आईपीएस की बात करें तो भी इन क्षेत्रों में आदिवासी समाज के गिने-चुने लोग ही अपनी जगह बना पाए हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमारे आदिवासी समाज के लोग आगे नहीं बढ़ रहे हैं. अब आदिवासी समाज के नौजवान युवक-युवतियां एवं छात्र-छात्राएं अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सिर्फ नदी, पहाड़, पर्वत या खनिज संपदा के लिए ही नहीं जाना जाता है, बल्कि यहां एक समृद्ध मानव बल के लिए भी जाना जाता है. -शेष पेज 07 पर

### सीएम ने अपने जन्म दिन पर गृह रक्षकों को दी बड़ी सौगात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने 49 वें जन्म दिवस के अवसर पर गृह रक्षकों (स्वंयसेवकों) को बड़ी सौगात दी है. उन्होंने गृह रक्षकों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक दिए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है. इसके तहत गृह रक्षकों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष दैनिक कर्तव्य पारिश्रमिक के रूप में 1088 रुपए प्रतिदिन की दर से भुगतान किए जाने का प्रस्ताव है. वर्तमान में इन्हें पांच सौ रुपए प्रतिदिन की दर से भुगतान किया जाता है. वर्तमान में विधि- व्यवस्था हेतु गृह रक्षकों की संख्या 3527 है.

### बांग्लादेश में सड़कों पर उतरे हजारों हिंदू, की सरकार से मांग

# हम भी हैं आपके नागरिक जान-माल की सुरक्षा दीजिए

लगातार न्यूज नेटवर्क।ढाका

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के 5 अगस्त को देश छोड़ने के बाद से वहां अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ जबरदस्त हिंसा हो रही है. इसको लेकर शनिवार को हिंदू संगठनों ने ढाका में प्रदर्शन किया और एक खुला पत्र लिख कर नई अंतरिम सरकार से जान-माल की सुरक्षा की मांग की गई. इस दौरान दो हिंदू संगठनों ने दावा किया है कि अब तक बांग्लादेश के 52 जिलों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की कम से कम 205 घटनाएं सामने आ चुकी हैं. द डेली स्टार समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद और बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद ने नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को एक खुले पत्र में ये आंकड़ा प्रस्तुत किया है. आंकड़ों के अनुसार, सोमवार से 52 जिलों में अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों पर कम से कम 205 हमलेदर्जकिए गए हैं, एकता परिषद के तीन अध्यक्षों में से एक निर्मल रोसारियो ने कहा, हम सुरक्षा चाहते हैं क्योंकि हमारा जीवन विनाशकारी स्थिति में है. हम रात में जागकर अपने घरों और मंदिरों की रखवाली कर रहे हैं. मैंने अपने जीवन में ऐसा कभी नहीं देखा.

-शेष पेज 07 पर




### इस्तीफों की झड़ी, चीफ जस्टिस के बाद बैंक के गवर्नर ने भी छोड़ा पद

**ढाका।** बांग्लादेश में उथल-पुथल और हिंसा का दौर लगातार जारी है. शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद लगातार शीर्ष पदों पर बैठे लोगों को हटाया जा रहा है या उनके इस्तीफे हो रहे हैं. बांग्लादेश बैंक के गवर्नर अब्दुर रउफ तालुकदार ने भी इस्तीफा दे दिया है. तालुकदार के इस्तीफे की जानकारी केंद्रीय बैंक मुख्यालय पर हमले और विरोध प्रदर्शनों के बीच आई है. बताया गया है कि सोमवार से ही रऊफ दफ्तर नहीं आ रहे थे और शनिवार को उन्होंने वित्तीय संस्थान प्रभाग के सचिव को उन्होंने अपना इस्तीफा भेज दिया. उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ा है. इससे पहले सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को सुबह ही सुप्रीम कोर्ट घेर लिया और चीफ जस्टिस समेत कई अन्य जजों को पद छोड़ देने का अल्टीमेटम दिया. इसके बाद चीफ जस्टिस उबैदुल हसन और कुछ अन्य जजों ने पद छोड़ देने का ऐलान कर दिया.बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के गठन के बाद छात्र संगठन और प्रदर्शनकारियों ने सुप्रीम कोर्ट में सामने इकट्ठा होकर मुख्य न्यायाधीश उबैदुल हसन को इस्तीफा देने का अल्टीमेटम दिया था. इसके बाद हसन ने पद छोड़ने का ऐलान कर दिया. कहा जा रहा है कि चीफ जस्टिस अंतरिम सरकार के खिलाफ साजिश कर रहे थे और उसे अवैध घोषित करने वाले थे. उन्हें शेख हसीना का करीबी माना जाता है.

# जल्द ही झारखंड आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

संवाददाता।रांची

- बिरसा सर्किट की नींव रखने के साथ कर सकते हैं बड़ी घोषणा, साथ ही आठ राज्यों में बनने वाले यूनिटी मॉल का भी रांची में करेंगे शिलान्यास



पीएम नरेंद्र मोदी जल्द झारखंड के दौरे पर आएंगे. कहा जा रहा कि भगवान बिरसा मुंडा से जुड़ी कुछ योजनाओं को वो हरी झंडी दिखा सकते हैं. इसमें प्रमुख बिरसा मुंडा टूरिस्ट सर्किट का शिलान्यास शामिल है. ऐसे ही अगले साल बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म-जयंती है. पीएम अपने दौरे पर बिरसा मुंडा जयंती को अगले एक साल तक मनाने की घोषणा कर सकते हैं. भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा इन कार्यक्रमों को लेकर तैयारी की जा रही है. हालांकि मोदी के झारखंड दौरे की तिथि अभी नहीं बताई गई है. लेकिन अगले है कि दो-तीन दिनों में इसकी घोषणा हो जाएगी. चर्चा है कि पीएम मोदी रांची से देश के आठ राज्यों के यूनिटी मॉल का शिलान्यास करेंगे. इसके निर्माण का जिम्मा उद्योग विभाग अंतर्गत आनेवाली जिडको को मिला है. बिरसा मुंडा टूरिस्ट सर्किट दरअसल बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़े स्थलों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने का प्रयास है. इसके लिए भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय द्वारा 40 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है.

### हिंडनबर्ग ने फिर किया ट्वीट, मची खलबली...

**वाशिंगटन।** अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने शनिवार को एक ट्वीट करके सनसनी फैला दी है. इस पोस्ट में भारत पर एक नई रिपोर्ट की संभावना का संकेत दिया है. यदि आप हिंडनबर्ग के बारे में भूल गए हैं, तो बता दें कि जनवरी 2023 में हिंडनबर्ग ने अडानी समूह पर वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट प्रकाशित की, जिससे कंपनी के शेयर गिर गए.

हिंडनबर्ग रिसर्च के एक्स पर पोस्ट किया गया कि भारत के लिए जल्द ही कुछ बड़ा आनेवाला है. अंग्रेजी में लिखे गए ट्वीट के शब्द हैं- समथिंग बिग सून इंडिया. हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में समूह पर शेयरों में धोखाधड़ी का आरोप लगा था. मामला शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के आरोपों के बाद अडानी समूह की विभिन्न कंपनियों के शेयरों में तेजी से गिरावट आई, जो सौ बिलियन डॉलर से अधिक की थी.

### नई रिपोर्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानवता के लिए वरदान या अभिशाप?

# बन न जाए 'भस्मासुर', बिजली-पानी सब सोख रहा है!

लगातार न्यूज नेटवर्क

आज के वक्त में दुनिया तकनीकी विकास के उच्चतम शिखर को छू रही है, लेकिन इस बीच एक सवाल बार-बार उठता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मानवता के लिए वरदान है या अभिशाप? जैसे-जैसे एआई की प्रगति हो रही है, इसके अनगिनत फायदे हमारे सामने आ रहे हैं. लेकिन साथ ही खतरों का साया भी गहराता जा रहा है. गूगल की वार्षिक पर्यावरण रिपोर्ट से पता चला है कि एआई का ज्यादा इस्तेमाल न सिर्फ आपकी नौकरी बल्कि पर्यावरण व मानव सभ्यता के लिए हानिकारक साबित हो सकता है. आपको जानकर हैरानी होगी कि एआई बिजली और पानी जैसी बुनियादी जरूरतों की खपत को बढ़ा रही है, जिससे आने वाले कुछ सालों में प्राकृतिक संसाधनों पर भारी दबाव पड़ सकता है. कहीं ऐसा न हो कि यह आधुनिक ''भस्मासुर'' बन जाए, जो अपनी ही शक्ति के कारण विनाश का कारण बन जाए. इस रिपोर्ट में हम इसी चिंता पर गहराई से चर्चा करेंगे और समझने की कोशिश करेंगे कि कैसे AI हमारे संसाधनों का उपभोग कर रहा है और इसके दूरगामी प्रभाव क्या हो सकते हैं.

**एक तकनीक, जो कंप्यूटर सिस्टम को मानव जैसा बुद्धिमान व्यवहार प्रदर्शित करने की क्षमता देती है**



### क्या कहती है रिपोर्ट

गूगल की वार्षिक पर्यावरण रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं. इस आंकड़े के अनुसार साल 2022 की तुलना में साल 2023 में गूगल के डाटा केंद्रों पर कार्बन उत्सर्जन फुटप्रिंट में 13 फीसदी की बढ़त हुई है. इसी रिपोर्ट के अनुसार साल 2023 में गूगल के डाटा केंद्रों ने पिछले डेटा की तुलना में 17 प्रतिशत से ज्यादा बिजली का इस्तेमाल किया है. एक्सपर्ट्स की मानें, तो जैसे जैसे दुनिया में एआई टूल्स के इस्तेमाल में बढ़त होगी. वैसे वैसे पर्यावरण में कार्बन उत्सर्जन और बिजली की खपत भी बढ़ेगी.

### एआई व कार्बन उत्सर्जन का संबंध क्या है

दरअसल इस अध्ययन में एआई और पर्यावरण का संबंध बताते हुए कहा गया है कि एआई चैटबॉट चैट-जीपीटी से जब हम किसी भी सवाल का जवाब मांगते हैं, तो वो गूगल सर्च की तुलना में 10 से 33 गुना ज्यादा ऊर्जा का इस्तेमाल करता है. ये तो हुई चैटजीपीटी की बात. एआई की इमेज आधारित प्लेटफॉर्म पर भी आमतौर पर गूगल से कहीं ज्यादा ऊर्जा खर्च होती है. इसे आसान भाषा में समझें तो एआई गूगल सर्च की तुलना में ज्यादा जल्दी काम करता है. अब ज्यादा काम का मतलब है कि कंप्यूटर को डाटा प्रोसेसिंग, स्टोरिंग और रिट्रीविंग के समय ज्यादा ऊर्जा की जरूरत होती है. वहीं ज्यादा काम करने से उत्पन्न गर्मी को कम करने के लिए डाटा केंद्रों पर ज्यादा शक्तिशाली एयर कंडीशनिंग और अन्य ठंडे उपाय किए जाते हैं. -शेष पेज 07 पर

### ट्रेनी डॉक्टर से दरिंदगी, रेप के बाद निर्मम हत्या

# कोलकाता में एक और निर्भया कांड से उबाल

एजेंसी।कोलकाता

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से दरिंदगी का दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है. डॉक्टर से पहले रेप किया गया, उसके बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई. इस मामले ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया. मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है.

यह घटना कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की है. ट्रेनी डॉक्टर मरणासन्न अवस्था में पड़ी मिली. उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया. लेकिन उसकी मौत हो गई. उसकी हड्डियां टूटी मिली. प्राइवेट पार्ट, आंख और शरीर से अन्य अंगों से खून निकल रहा था.

जांच के लिए एसआईटी का गठन हुआ है. लोग कैंडल मार्च निकाल कर इंसाफ की मांग कर रहे हैं और आरोपियो को सख्त सजा देने के लिए प्रदर्शन हो रहे हैं. -पेज 12 भी देखें

### क्या बोलीं ममता

घटना दुर्भाग्यपूर्ण और घृणित है. यह मेरे लिए निजी क्षति है. डॉक्टरों का गुस्सा और मांग जायज है. मैं इसका समर्थन करती हूं. पुलिस ने भी उनकी मांगें मान ली हैं. मैंने पीड़ित परिवार से बात की है और उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है. मैंने मामले को फास्ट-ट्रैक कोर्ट में ले जाने का निर्देश दिया है. जो विरोध कर रहे हैं, उन्हें अगर हम पर भरोसा नहीं है, तो वे अन्य जांच एजेंसी से भी संपर्क कर सकते हैं. मुझे कोई दिक्कत नहीं है.

### सीएम में जेल की मुहर वाली फोटो पोस्ट कर लिखा- यह निशान केवल मेरा नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की वर्तमान चुनौतियों का प्रतीक है

# हर शोषित, वंचित, आदिवासी के पक्ष में लड़ने को हमेशा कृतसंकल्पित हूं : हेमंत

प्रमुख संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने जन्मदिन के मौके पर जेल से रिहाई के वक्त अपने हाथ में अंकित मुहर की फोटो 'एक्स' पर पोस्ट कर अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा है कि आज अपने जन्मदिन के मौके पर बीते एक साल की स्मृति मेरे मन में अंकित है- यह कैदी का निशान, जो जेल से रिहा होते वक्त मुझे लगाया गया. यह निशान केवल मेरा नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की वर्तमान चुनौतियों का प्रतीक है.



सीएम हेमंत सोरेन द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट की गयी तस्वीर.

उन्होंने आगे लिखा है कि जब एक चुने हुए मुख्यमंत्री को बिना किसी सबूत, बिना कोई शिकायत, बिना कोई अपराध के जेल में 150 दिनों तक डाल सकते हैं, तो फिर ये आम आदिवासियों, दलितों और शोषितों के साथ क्या करेंगे, यह मुझे कहने की आवश्यकता नहीं है. इसलिए, आज के दिन मैं और ज्यादा कृतसंकल्पित हूं. हर शोषित, वंचित, दलित, पिछड़ा, आदिवासी, मूलवासी के पक्ष में लड़ने के अपने संकल्प को और मजबूत करता हूं. सीएम ने अपने जनमदिन पर सभी के स्नेह, दुआ, आशीर्वाद एवं अपनापन जतानेवालों का आभार जताया है.

**वंचितों को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाऊंगा :** सीएम ने कहा है कि मैं हर उस व्यक्ति व समुदाय के लिए आवाज उठाऊंगा, जिसे दबाया गया है, जिसे न्याय से वंचित रखा गया है, जिसे उसके रंग, समुदाय, खानपान और पहनावे के आधार पर सताया जा रहा है. हमें एकजुट होकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना होगा, जहां कानून सभी के लिए समान हो, जहां सत्ता का दुरुपयोग न हो.

### राहुल गांधी व खड़गे ने दी जन्मदिन की बधाई

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी. राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' गरीबों, वंचितों और आदिवासियों के हक की लड़ाई लड़ेगा तथा जीतेगा. वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी हेमंत सोरेन को जन्मदिन की बधाई दी.

### पीएम मोदी ने सीएम को जन्मदिन की बधाई दी

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को 49 साल के हो गए. उनके जन्मदिन पर प्रधानमंतत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी है. शनिवार को सीएम हेमंत सोरेन ने झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से भी आशीर्वाद लिया. उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा कि जन्मदिन पर पिता का आशीष लिया.



### बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर नए एग्जीक्यूटिव लाउंज का मंत्री ने किया शुभारंभ



**रांची।** रांची के भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में निर्मित लाउंज का शनिवार को रक्षा राज्य मंत्री और सांसद संजय सेठ ने उद्घाटन किया. इस मौके पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, रांची हवाई अड्डे के निदेशक और एएआई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. नये एक्जीक्यूटिव लाउंज क्रैम बार में एक समय में 55 लोग बैठ सकते हैं. साथ ही बार में 65 लोगों को सर्विस देने की क्षमता है. एयरपोर्ट के अधिकारियों ने कहा कि क्रैम बार के निर्माण से एयरपोर्ट पर यात्रियों को बैठने का पर्याप्त स्थान व अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी. यह आधुनिक सुविधा हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

### रांची में स्मार्ट मीटरिंग पर 61 और धनबाद में खर्च होगा 28 करोड़

# बिजली वितरण निगम को ₹10857.03 करोड़ चाहिए

- घरेलू उपभोक्ताओं से चाहिए 4346 .03 करोड़ रुपये का राजस्व
- वित्तीय वर्ष 2024–25 में खरीदेगा 8050 .81 करोड़ की बिजली

रवि भारती। रांची

वित्तीय वर्ष 2024-25 में झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम को 10,857.93 करोड़ रुपये का राजस्व चाहिए. झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग को सौंपे प्रस्ताव में बिजली वितरण निगम ने कहा है कि चालू वित्तीय वर्ष में 8050.81 करोड़ रुपये की बिजली खरीदी जाएगी. रांची में स्मार्ट मीटरिंग में 61 करोड़ और धनबाद में स्मार्ट मीटरिंग में 28 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. कर्मचारियों के वेतन सहित अन्य भत्तों पर 268.03 करोड़ और रिपेयर व मेनटेनेंश में 307.40 करोड़ खर्च किए जाएंगे.

**नुकसान कम करने के लिए चाहिए 1680 करोड़ :** नियामक आयोग को सौंपे प्रस्ताव में बिजली वितरण निगम ने बिजली नुकसान कम करने के लिए 1680.02 करोड़ रुपये की मांग की है. कंज्यूमर मीटरिंग के लिए 98.86 करोड़, डीटी मीटरिंग के लिए 11.39 करोड़ और फीडर मीटरिंग के लिए 1.03 करोड़ रुपये की मांग की है. प्रस्ताव में निगम ने इस बात की जिक्र किया है कि नॉन टैरिफ से वितरण निगम को 10.29 करोड़ का इनकम भी होगा.

**किस कैटेगरी के उपभोक्ताओं से कितना राजस्व चाहिए**

| उपभोक्ता का श्रेणी | राजस्व (करोड़ में) | उपभोक्ता का श्रेणी | राजस्व (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| घरेलू | 4346.03 | आइएएस (सिंचाई) | 93.64 |
| कॉमर्शियल | 721.86 | एचटीएस | 2167.85 |
| एसएस | 45.18 | आरटीएस | 60.09 |
| एलटीआइएस | 316.04 | एमइएस | 9.29 |

**किस कैटेगरी के उपभोक्ता में कितनी होगी बिजली की खपत**

| उपभोक्ता की श्रेणी | उपभोक्ता की | संख्या बिजली की खपत (किलोवाट में) |
|---|---|---|
| घरेलू | 47,35,331 | 58,26,482 |
| कॉमर्शियल | 3,02,029 | 5,08,035 |
| पब्लिक लाइटिंग | 434 | 13,831 |
| सिंचाई | 75,592 | 67,300 |
| इंडस्ट्रियल एलटी | 21,083 | 3,83,487 |
| इंडस्ट्रियल एचटी | 2,411 | 10,43,776 |
| रेलवे | 08 | 42,854 |



### शिकारी आएगा, दाना डालेगा, बचेंगे : बाउरी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने हेमंत सोरेन पर तंज कसा है. ट्वीट कर कहा है कि शिकारी आएगा, जाल बिछाएगा, दाना डालेगा, पर लोभ में आकर फंसना नहीं. उन्होंने सीएम से सवाल करते हुए पूछा है कि 2019 से 2024 इन पांच सालों का हिसाब और आपने जो वादा किया था, उसका जवाब कौन देगा मुख्यमंत्री जी. पूरे राज्य को याद है कि 2019 चुनाव से पूर्व अमर शहीद निर्मल महतो जी के शहादत दिवस पर मुख्यमंत्री जी ने जो वादा किया था कि युवाओं को पांच लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगे नहीं तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे! उसका क्या हुआ.

**बेरोजगारी भत्ता का क्या हुआ :** बाउरी ने आगे ट्वीट में लिखा है कि अगर नौकरी नहीं तो बेरोजगारों को महीने का 5000 से 7000 का बेरोजगारी भत्ता ! उसका क्या हुआ. इन्होंने गरीब परिवारों से यह वादा किया था कि सरकार बनते ही गरीबों के खातों में सालाना 72 हजार हजार रुपये दिए जाएंगे, उसका क्या हुआ. सरकार बनते ही संविदा कर्मियों को नियोजित किया जाएगा और स्थायी समाधान यथाशीघ्र निकाला जाएगा! उसका क्या हुआ. मुख्यमंत्री जी ध्यान रहे काठ की हांडी एक बार ही चढ़ती है.

## चिंता : कोई जेल, तो कोई बाहर रहकर मांग रहा रंगदारी

- झारखंड में संगठित अपराध पर पुलिस नहीं लगा पा रही लगाम

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड में संगठित अपराध पर लगाम नहीं लग रहा है. कोई अपराधी जेल में रहकर तो कोई जेल के बाहर रहकर कारोबारियों से रंगदारी मांगने का काम कर रहा है. वर्तमान समय की बात करें तो झारखंड में सात आपराधिक गिरोह पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं. ये आपराधिक गिरोह माओवादी और उग्रवादी संगठन की तरह घटना को अंजाम देने के बाद जिम्मेवारी भी ले रहे हैं.

**कोयलांचल क्षेत्र में अमन साहू गिरोह का बढ़ा उत्पात :** झारखंड में कई आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं. लेकिन इन दिनों अन्य गिरोह की तुलना में अमन साहू गिरोह ज्यादा उत्पात मचा रहा है. यह गिरोह खासकर राज्य के लातेहार, चतरा, रामगढ़, हजारीबाग और रांची के कोयलांचल क्षेत्र में आतंक मचा रहे हैं. घटना को अंजाम देने के बाद मयंक सिंह नाम का व्यक्ति इसकी जिम्मेवारी भी लेता है. अमन साहू के जेल में बंद होने के बावजूद उसके गिरोह की सक्रियता कम नहीं हुई है. अमन साहू जेल से ही अपना गिरोह चला रहा है.

**धनबाद का आतंक बना प्रिंस खान :** प्रिंस खान इन दिनों धनबाद में आतंक का पर्याय बना हुआ है. व्यवसायियों, कोयला कारोबारियों, चिकित्सकों व अन्य संपन्न लोगों को धमकी देना, गोलीबारी कर दहशत फैलाना उसका शौक बन गया है. अमन श्रीवास्तव और विकास तिवारी जेल में रहकर ही अपना गिरोह का संचालन कर रहा है. विकास तिवारी और अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य व्यवसायियों से रंगदारी की मांग करते हैं. .

**जानें किस जिले में कौन सा गिरोह सक्रिय :** अमन साहू गिरोह : रांची, लातेहार, रामगढ़ और हजारीबाग. प्रिंस खान गिरोह : धनबाद, बोकारो. विकास तिवारी गिरोह : रामगढ़. अमन श्रीवास्तव गिरोहः रामगढ़, हजारीबाग. सुजीत सिन्हा गिरोह : लातेहार और पलामू. अखिलेश सिंह गिरोह : जमशेदपुर और सरायकेला. सुधीर दुबे गिरोह : जमशेदपुर और सरायकेला- डब्लू सिंह गिरोह : पलामू

### केंद्र सरकार की झारखंड को सौगात

# 1639 करोड़ की बुरामारा-चाकुलिया रेल परियोजना को मिली मंजूरी

संवाददाता। रांची

केंद्र सरकार ने झारखंड को तोहफा दिया है. पीएम मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में बुरामारा-चाकुलिया रेल परियोजना को मंजूरी दी गयी है. इस रेल परियोजना पर 1639 करोड़ खर्च होंगे. 59.96 किमी लंबी रेल लाइन पूर्वी सिंहभूम, झाड़ग्राम और मयूरबनंज (झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा) को जोड़ेंगी. साथ ही यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी. रेल लाइन तैयार होने से रेलवे की ढुलाई क्षमता भी बढ़ेगी.

**केंद्र सरकार ने आठ नई रेल परियोजनाओं को दी है मंजूरी :** आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुरामारा-चाकुलिया रेल परियोजना समेत आठ नयी रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है. इन आठ रेल परियोजनाओं पर 24,657 करोड़ खर्च होंगे. इसके तहत सात राज्यों में रेल परियोजनाओं से जुड़े निर्माण कार्य किये जायेंगे. झारखंड, बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल को कवर करने वाली आठ परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को 900 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी. इससे 14 जिलों, 64 नये स्टेशनों और लगभग 40 लाख लोगों को लाभ होगा. इसे 2030-31 तक पूरा किया जाएगा.



नई रेल परियोजनाओं को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए योजनाओं की जानकारी दी. इसमें रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत बिन्द्रा समेत सभी रेल मंडल के अधिकारी शामिल हुए.

**इन आठ परियोजनाओं में शामिल रेलवे नेटवर्क**

- बुरामारा चाकुलिया 59 .96 किमी पूर्वी सिंहभूम, झाड़ग्राम और मयूरभंज (झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा)
- गुनुपुर–थेरुबली (नई लाइन) 73 .62 किमी रायगड़ा, ओडिशा
- जूनागढ़–नबरंगपुर 116 .21 किमी कालाहांडी और नबरंगपुर, ओडिशा
- बादामपहाड़ कंदुझारगढ़ 82 .06 किमी क्योंझर और मयूरभंज, ओडिशा
- बंग्रिपोसी गोरुमहिसानी 85 .60 किमी मयूरभंज, ओडिशा
- मलकानगिरी पांडुरंगपुरम (भद्राचलम से होते हुए) 173 .61 किमी, मलकानगिरि, पूर्वी गोदावरी और भद्राद्री कोठागुडेम ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना
- विक्रमशिला कटारेह 26 .23 किमी भागलपुर, बिहार
- जालना – जलगांव 174 किमी औरंगाबाद महाराष्ट्र इसमें यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल, अजंता गुफाओं को भारतीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ना शामिल है.

### अवैध रूप से बर्खास्त कर्मचारी को सभी लाभ मिले : हाईकोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया है कि जिस कर्मचारी को अवैध रूप से नौकरी से निकाल दिया गया हो, उसे उन लाभों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए, जो उसे उसे नौकरी से निकाले न जाने की स्थिति में मिलते. दरससल प्रार्थी उमेश कुमार सिंह की नियुक्ति वर्ष 1989 में धनबाद के चिरकुंडा स्थित जे.के.आर.आर. हाई स्कूल में क्लर्क के रूप में हुई थी. नियुक्ति के तीन वर्ष बाद 23 जुलाई 1992 को उनकी सेवाएं यह कह कर समाप्त कर दी गयी कि जिला शिक्षा कार्यालय से नियुक्ति के लिए मंजूरी नहीं मिली थी. इसके बाद उन्होंने श्रम न्यायालय में अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी. श्रम न्यायालय ने 25 जनवरी 1995 को याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया. श्रम न्यायालय के फैसले के बाद उमेश सिंह ने अपनी सेवाएं फिर से शुरू कीं. लेकिन 23 जुलाई 1992 से 30 नवंबर 2009 तक की कार्य अवधि के लिए उन्हें वेतन समेत अन्य लाभ नहीं दिया गया. उमेश कुमार सिंह ने अवैध समाप्ति की अवधि के लिए सेवाओं के नियमितीकरण की मांग को लेकर हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की. न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक की अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता की 23 जुलाई 1992 से 30 नवंबर 2009 तक की सेवाओं को सेवानिवृत्ति के बाद और पेंशन संबंधी लाभों सहित सभी लाभ दिये जाने चाहिए.

### झारखंड दौरा | झारखंड पहुंचे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा

# विधानसभा चुनाव का खाका तैयार है

- विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पूरी तरह से सक्रिय
- हिमंता बिस्वा सरमा पहले अपने प्रदेश का ही ठीक से ख्याल रखें
- राहुल गांधी को हिमंता बिस्वा सरमा से सीखने की जरूरत नहीं
- बंग्लादेश से जिस तरह की खबरें आ रहीं हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए

प्रमुख संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचे. मीडिया से बातचीत में कहा कि विधानसभा चुनाव का खाका तैयार है. जनता के साथ जितना अधिक हो सके संपर्क बढ़ाया जाएगा।आने वाले दिनों में कई योजनाबद्ध तरीके से अधिक से अधिक लोगों के बीच कार्यक्रम चलाए जाएंगे.कार्यक्रम के जरिये लोगों को उपलब्धियां बताई जाएंगे। साथ ही जनता से फीडबैक भी लिया जाएगा. जनता की नई बातों को आत्मसात भी किया जाएगा. कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार सक्रिए है.




**बंग्लादेश में ऐसा नहीं होना चाहिए :** बंग्लादेश के मसले पर कहा कि जिस तरह की खबरें वहां से आ रही हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार इस दिशा में उचित कदम उठा रही है. केंद्र सरकार की जिम्मेवारी भी है कि जो लोग वहां रह रहे हैं, उनके रखरखाव और परेशानियों को भी देखें. जम्मू कश्मीर के मसले पर कहा कि चुनाव आयोग की टीम वहां की स्थिति से अवगत हो चुकी है. सभी राजनीतिक दलों ने कहा है कि चुनाव होना चाहिए.

**'राहुल गांधी को हिमंता से सीखने की जरूरत नहीं'**

मीर ने हिमंता बिस्व सरमा के बयानों पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी को हिमंता से सीखने की जरूरत नहीं है. बचपन से ही वह देश-विदेश देख चुके हैं. हिमंता बिस्वा सरमा अपने प्रदेश का ख्याल रखें. युवा कितना मजबूत हुआ है यह हाल ही चुनाव ने देखा है. कितना भी कोशिश कर ले भारतीय जनता पार्टी का कुछ नहीं होने वाला है. केंद्र में बैसाखी लेकर सरकार चला रहे हैं। अगर युवा और बेरोजगारों के लिए काम किया होता तो यह हालत नहीं होती. वक्फ बोर्ड के सवाल पर उन्होंने कहा कि जो संविधान में फ्रेमवर्क है, उसमें छेड़छाड़ करने का अधिकार किसी को नहीं है.


## क्लासिफाइड

























राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, रविवार 11 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 07 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 124 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## ब्रीफ खबरें

### सड़क हादसे में छात्र घायल, स्थिति नाजुक

**चतरा।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत जपुवा स्कूल के समीप एक अज्ञात वाहन के धक्के से एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया. जानकारी के अनुसार, प्रखंड कार्यालय में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था. गंगापुर गांव निवासी कारू भुईयां का पुत्र नितेश कुमार इस कार्यक्रम में शामिल होने गया था. वहां से साइकिल मिलने के लिए बाद वह अपने घर आ रहा था. इसी क्रम में चतरा-हजारीबाग मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया. घायल छात्र को ग्रामीणों के सहयोग से गिद्धौर सीएचसी पहुंचाया गया. चिकित्सकों ने घायल छात्र को हजारीबाग रेफर कर दिया.

### वज्रपात की चपेट में आकर महिला की मौत

**रामगढ़।** रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत बारलोंग में वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी. मृतका की पहचान हरगडाडीह टोला निवासी तुलेश्वर महतो की पत्नी भारती कुमारी (32) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, उक्त महिला देर शाम अपने खेत में धान रोपने के लिए गई थी. वहां से घर लौटने के क्रम में अचानक वज्रपात होने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई. महिला की मौत से उसके दो मासूम के सिर ये ममता का आंचल छिन गया है. इधर, घटना की सूचना पर जेएलकेएम नेता संतोष महतो ने मृतक के परिजज से मुलाकात की सरकारी राहत दिलाने का भरोसा दिया.

### जेजेएमपी का पूर्व एरिया कमांडर ललन गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने कुख्यात ललन भुईयां उर्फ अर्जुन जी उर्फ अर्जून सिंह को उसके सहयोगी विरेन्द्र भुईयां के साथ गिरफ्तार किया है. दोनों को चैनपुर थाना क्षेत्र के बरांव गांव के चढ़नवा मोड़ के पास से दबोचा गया है. पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्तौल, पांच कारतूस व एक अपाची बाइक (जेएच 03 वी 4666) बरामद किया है. पलामू एसपी रमेशन ने बताया कि गिरफ्तार ललन भुइयां जेजेएमपी का पूर्व एरिया कमांडर रह चुका है. वह गुमला में कनक ज्वेलर्स में हुए लूट कांड और 25 जुलाई को गढ़वा जिले के डंडा थाना क्षेत्र में गोलीबारी कर बाइक की लूट में भी शामिल था.

### टीएसपीसी एरिया कमांडर के घर पर इश्तेहार चिपकाया

**चतरा।** पुलिस ने उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर हरेंद्र गंझू के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरिया गांव स्थित घर पर इस्तेहार चस्पा किया है. हरेंद्र के परिजनों से कहा गया कि उसे एक महीने के अंदर सरेंडर करने को कहें. अन्यथा पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी. एसडीपीओ संदीप सुमन ने बताया कि हरेंद्र गंझू पर दो पुलिस जवान की हत्या करने, प्रतापपुर थाना क्षेत्र के हिंदिया कला गांव निवासी आदिम जनजाति के दो-पिता पुत्र की हत्या करने समेत विभिन्न थानों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं.

## खिलाड़ियों की भूमि झारखंड के साथ सरासर अन्याय

# हेमंत ने 'खेलो इंडिया स्कीम' में केंद्र से राज्यों को मिलने वाली मदद पर उठाया सवाल


**संवाददाता।रांची**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खेलो इंडिया स्कीम के तहत केंद्र सरकार से राज्यों को मिलने वाली धनराशि पर सवाल उठाया है. उन्होंने शुक्रवार की रात करीब 10.40 बजे अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स (फेसबुक व एक्स) पर पोस्ट कर कहा है कि झारखंड को सिर्फ नौ करोड़ रुपए का मिलना सरासर अन्याय है. झारखंड को गोवा के बाद सबसे कम राशि मिली है. गोवा को 4.24 करोड़ रुपए मिले हैं, जबकि झारखंड को 9.63 करोड़ रुपए. हालांकि लिस्ट देख कर स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि यह किस वित्तीय वर्ष का है. हेमंत सोरेन ने इस योजना के तहत राज्यों के मिलने वाली राशि की लिस्ट भी शेयर की है. लिस्ट में राज्यों के सामने आवंटित राशि अंकित है. लिस्ट में एक जगह पर हॉकी का चिन्ह है. वहां 426.13 करोड़ रुपए दर्ज है. यह राशि गुजरात सरकार को दी गई है. यह राशि उत्तर प्रदेश से 12 करोड़ कम है, लेकिन अन्य किसी भी राज्य की राश 300 करोड़ अधिक नही है.

उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया स्कीम के तहत राज्यों को मिलने वाली राशि पर सवाल उठ रहे हैं. सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि गुजरात सरकार को इतनी अधिक राशि दी जाती है, जबकि शायद ही वहां का कोई खिलाड़ी ओलंपिक में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर पा रहा है. जबकि हरियाणा और मणिपुर जैसे राज्य, जहां के कई खिलाड़ी अच्छे प्रदर्शन करते हैं, उन राज्यों को सिर्फ क्रमशः 66.59 करोड़ व 46.71 करोड़ रुपए मिले हैं.

जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर से सांसद कीर्ति आजाद ने भी शुक्रवार की सुबह में सोशल मीडिया एक्स पर इस आवंटन लिस्ट को जारी किया था. उन्होंने सवाल उठाया था कि मणिपुर व हरियाणा राज्य, जहां के ओलंपियंस सबसे अधिक मेडल देश के लिए लाते हैं, उन्हें कितनी कम राशि मिलती है और गुजरात को कितनी अधिक, जहां से कोई भी खिलाड़ी कभी उल्लेखनीय प्रदर्शन नहीं करता (क्रिकेट को छोड़ कर). उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया स्कीम के तहत राज्यों में खेल की आधारभूत संरचना के विकास के लिए केंद्र सरकार सालाना दो हजार करोड़ से अधिक रुपए खर्च करती है.




**राज्य किसको कितनी धनराशि (करोड़ में)**

| राज्य | धनराशि | राज्य | धनराशि |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 21.91 | महाराष्ट्र | 87.43 |
| अरुणाचल प्रदेश | 148.91 | मणिपुर | 46.71 |
| असम | 43.68 | मेघालय | 16.28 |
| बिहार | 20.34 | मिजोरम | 31.73 |
| छत्तीसगढ़ | 19.66 | नगालैंड | 45.75 |
| दिल्ली | 69.99 | ओडिशा | 34.25 |
| गोवा | 4.24 | पुडुचेरी | 8.75 |
| गुजरात | 426.13 | पंजाब | 78.02 |
| हरियाणा | 66.59 | राजस्थान | 107.33 |
| हिमाचल प्रदेश | 17.48 | सिक्किम | 24.64 |
| जम्मू कश्मीर | 18.84 | तमिलनाडु | 20.40 |
| झारखंड | 9.63 | तेलंगाना | 17.77 |
| कर्नाटक | 109.11 | त्रिपुरा | 32.30 |
| केरल | 50.00 | उत्तर प्रदेश | 438.27 |
| लद्दाख | 13.58 | पश्चिम बंगाल | 22.22 |
| मध्य प्रदेश | 94.06 | कुल | 2168.78 |

## भाकपा माले ने जनता के ज्वलंत मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया

# मासस का भाकपा माले में विलय 9 सितंबर को धनबाद में एकता रैली

- केंद्रीय स्तर से ग्रास रूट तक एकीकरण की प्रक्रिया एक माह में पूरी होगी
- एकीकरण के बाद 17 विधानसभा में भाकपा माले का जानाधार मजबूत होगा

**मुख्य संवाददाता।रांची**

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन और मार्क्सिस्ट कॉर्डिनेशन कमेटी (मासस) के एकीकरण को लोकर चार साल से चल रही प्रकिया पर दोनों पार्टियों की केंद्रीय कमेटी ने मोहर लगा दी है. रांची प्रेस क्लब में शनिवार को मासस के भाकपा माले में विलय की औपचारिक घोषणा कर दी गई. यह ऐलान भाकपा माले के सांसद राजाराम सिंह व मासस के कार्यकारी अध्यक्ष सह निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने संयुक्त रूप से किया.

दोनों नेताओं ने कहा कि यह एकीकरण जनता के संघर्ष को दावेदारी में तब्दील करने के लिए हुआ है. विलय के बाद अब दोनों वाम दलों की एकीकृत 23 सदस्यीय स्थायी कमेटी का गठन किया जाएगा. प्रेस कांफ्रेस में कॉमरेड एके राय द्वारा की पुस्तक धर्म और राजनीति एवं नई दलित क्रांति का विमोचन भी किया गया. प्रेस कांफ्रेस में मासस के कार्यकारी अध्यक्ष सह निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, भाकपा माले के शुभेंदु सेन, बगोदर विधायक विनोद सिंह, मासस के मिथिलेश सिंह, हलधर महतो, पूर्व विधायक राजकुमार यादव, निताई महतो, मिथिलेश सिंह, दिलीप तिवारी, कृष्णा सिंह, सहित दोनों दलों के से जुड़े मजदूर संगठन के प्रतिनिधि और माले राज्य कमेटी के सदस्य मौजूद रहे.


रांची प्रेस क्लब में कॉ एके राय की पुस्तक का विमोचन करते राजाराम सिंह, अरुप चटर्जी व अन्य नेता.

### कोलयरी के निजीकरण की रची जा रही है साजिश : अरूप चटर्जी

मासस के कार्यकारी अध्यक्ष अरूप चटर्जी ने कहा कि यह एकीकरण जनता के संघर्षों को दावेदारी में तब्दील करने के का काम करेगा. इसके लिए 9 सितंबर को धनबाद में बड़ी रैली का आयोजन किया जाना है. रैली का नाम एकता रैली होगा और इसका मुख्य नारा भाजपा भगाओ, लूट मिटाओ, बिरसा के सपनों का झारखंड बनाओ होगा. बेरोजगारी, राष्ट्रीयकरण को उलट कर कोलयरी समेत तमाम सार्वजनिक क्षेत्रों के निजीकरण की साजिश और सांप्रदायिक नफरत के खिलाफ इस रैली के माध्यम से एकीकृत माले झारखंड में विधानसभा चुनाव को जनआंदोलन में बदलने की ओर बढ़ेगी. दोनों संगठनों के केंद्रीय स्तर से ग्रास रूट स्तर के ढांचों के एकीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. एक महीने के भीतर यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी. उन्होंने कहा कि अब 'इंडिया' गठबंधन की ताकत और बढ़ेगी. लोकतांत्रिक ताकतों को एकजुट करने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा.

### रोजगार के सवाल पर युवाओं के साथ : राजाराम

भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य व कारकाट सांसद राजाराम सिंह ने कहा कि भारत में फासीवाद विरोधी संघर्ष को तेज करने, झारखंड की जन आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ वामपंथ को मजबूत करने के लिए मासस और भाकपा माले के विलय किया जा रहा है. भाकपा माले और मासस का विलय झारखंड के विधानसभा चुनाव में कॉरपोरेट परस्त एवं सांप्रदायिक ताकतों की हार की गारंटी और एक नये अध्याय की शुरुआत करेगा. राज्य में युवाओं को नौकरी और रोजगार नहीं मिलने को लेकर पूछे गये सवाल पर कॉमरेड सिंह ने कहा हम युवाओं के साथ हैं. झारखंडी युवाओं को राज्य की नौकरियों में प्राथमिकता, गंभीर मुद्दा है. भाजपा मुक्त झारखंड के निर्माण के लिए हमारी एकीकृत पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव और उसके बाद भी जल, जंगल, जमीन और खनिज पर अधिकार सहित जनता के सभी ज्वलंत मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया.

**झारखंड की 17 विधानसभा सीट पर पार्टी की नजर**

सूत्रों के अनुसार विधानसभा चुनाव को लेकर मासस के विलय के बाद माकपा माले ने राज्य की 17 सीटो पर विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार, भाकपा माले ने निरसा, बगोदर, राजधनवार ,जमुवा, गाडेय, झरिया, सिंदरी, चंदनकियारी, गोमिया, मांडू, रामगढ़, बाघमारा, टुंडी, हुसैनाबाद, गोड्डा, पांकी और छतरपुर विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है.

## जन्मदिन पर सीएम ने केक काटा


रांची में अपने जन्मदिन पर केक काटते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और साथ में राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झामुमो के केंद्रीय नेता विनोद पांडेय व अन्य.

# जेल में बंद आकाश साहू से एनआईए कर रही पूछताछ

- जेल में बंद कुख्यात अमन साहू का भाई है आकाश साहू
- लेवी की रकम निवेश करने में संलिप्तता हुई है जाहिर

**संवाददाता।रांची**

चाईबासा जेल में बंद अमन साहू के भाई आकाश साहू से एनआईए पूछताछ कर रही है. एनआईए ने बीते छह अगस्त को आकाश साहू को गिरफ्तार किया था. एजेंसी उसे पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है. एनआईए ने जांच में पाया है कि आकाश, शंकर यादव और अन्य के साथ अमन साहू के लिए जबरन वसूली के पैसे को ठिकाने लगाने में सक्रिय रूप से शामिल था. आकाश लेवी की रकम को रियल एस्टेट में निवेश करने के लिए शंकर के साथ शामिल हो गया था. एनआईए की जांच के अनुसार, आकाश साहू गिरोह के कई महत्वपूर्ण सदस्यों को पैसे के साथ-साथ अन्य सहायता प्रदान कर रहा था.

**कोलियरी में परिचालन को बाधित करने की रची थी साजिश**

: लातेहार जिला स्थित तेतरियाखाड़ कोयला खदान पर हमले के बाद 19 दिसंबर 2020 को बालूमाथ थाना में मामला में दर्ज किया गया था. अमन साहू ने गैंगस्टर सुजीत सिन्हा और अन्य के साथ मिल कर लेवी वसूली और कोलियरी में परिचालन को बाधित करने की साजिश रची थी. उसी को लेकर हमले की योजना बनायी गयी थी. अमन साहू गिरोह झारखंड में पुलिस अधिकारियों और जेल कर्मचारियों पर गोलीबारी सहित कई सनसनीखेज अपराधों में शामिल रहा है. इस गिरोह के निशाने पर खासकर कारोबारी और ठेकेदार रहे हैं.

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म व छेड़छाड़ के चार आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता।रामगढ़**

बरकाकाना ओपी क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म और दो अन्य किशोरियों के साथ छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है. पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी और छेड़छाड़ के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. एसपी अजय कुमार ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि बीते 21 जुलाई को बरकाकाना निवासी तीन नाबालिग लड़कियां कबाड़ चुनने निकली थीं.


कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते रामगढ़ एसपी अजय कुमार.

इसी क्रम में तीनों सीसीएल वर्कशॉप के पीछे पहुंची, जहां पहले से मौजूद चार युवक लोहे के स्क्रैप का प्रलोभन देकर तीनों किशोरी को दीवार फंदवा कर वर्कशॉप के अंदर ले गए. वहां साजन गोसाई ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया, जबकि अमित कुमार साहनी, प्रवीण कुमार और राजा कुमार सिंह ने दो अन्य नाबालिग लड़कियों के साथ छेड़छाड़ किया. मामला संज्ञान में आने के बाद पतरातू थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए अनुसंधान शुरू किया. कांड की गंभीरता को देखते हुए रामगढ़ एसपी ने पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया. पुलिस टीम ने छापेमारी कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.

## अमन सिंह हत्याकांड : सीआईडी की जांच में बड़ा खुलासा

# सिपाही ने गेट पर पिस्तौल रिसीव किया जमादार ने अंदर पहुंचाया

**सौरभ सिंह।रांची**

धनबाद सेंट्रल जेल में गैंगस्टर अमन सिंह हत्याकांड की जांच कर रही सीआईडी की पूरक चार्जशीट में बड़ा खुलासा है. पूरक चार्जशीट के अनुसार, अमन सिंह को मारने के लिए मोबाइल पर कोड वर्ड में दो ब्रेटा पिस्तौल जेल के बाहर से मंगाये गये थे. जेल सिपाही शिव स्नेही ने गेट पर पिस्तौल को रिसीव किया था, जबकि जेल के जमादार जितेंद्र सिंह ने खाने के पैकेट में रखे पिस्तौल और गोलियों को विकास बजरंगी के वार्ड तक पहुंचाया था.

सीआईडी को दिये बयान में उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी राहुल सिंह राजपूत ने इन बातों का जिक्र किया है. सीआईडी ने धारा 164 के तहत राहुल सिंह का बयान न्यायालय में दर्ज कराया है. इस मामले में अब तक रितेश यादव उर्फ सुंदर महतो, विकास कुमार उर्फ विकास बजरंगी, सतीश कुमार उर्फ गांधी, चंदन यादव उर्फ ब्रजेश यादव, शहजाद कुरैशी, बंटी उर्फ धनु वर्मा, पिंटू सिंह उर्फ जयनेंद्र कुमार और अभिमन्यु कुमार सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी है. उल्लेखनीय है कि तीन दिसंबर 2023 को गैंगस्टर अमन सिंह की धनबाद सेंट्रल जेल के अंदर गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी.

**सीआईडी ने अमन के खास राहुल सिंह का बयान न्यायालय में दर्ज कराया**

### विकास बजरंगी और अमन सिंह के बीच हुआ था विवाद

राहुल सिंह ने सीआईडी को बताया कि कतरास के कोयला कारोबारी मनोज यादव की हत्या मामले में धनबाद सेंट्रल जेल में बंद विकास बजरंगी और अमन सिंह के बीच विवाद हुआ था. अमन सिंह ने विकास के घरवालों को जान से मारने की धमकी दी थी. वहीं विकास ने भी अमन को मारने की चेतावनी दी थी. अमन सिंह की हत्या से कुछ ही दिन पहले उसका करीबी राहुल सिंह अपने गिरोह के वैभव यादव से मिलने विकास बजरंगी के वार्ड में गया था. उस दिन उसने विकास को किसी से फोन पर बातचीत करते सुना था. विकास कोड वर्ड में कह रहा था कि दो सेट और 40 चना भेज खाने के पैकेट में डाल कर गेट पर सिपाही स्नेही को दे देना. इसके एक घंटे बाद ही जमादार जितेंद्र सिंह वहां पर थैला में खाने का पैकेट लेकर पहुंचा था. जांच में यह भी खुलासा हुआ था कि स्टोर रूम में सब्जी के झोले में छिपा कर पिस्तौल रखे गए थे.

### पैर दबानेवाले ने ही अमन सिंह के शरीर में उतार दी गोली

गैंगस्टर अमन सिंह को अपनी जान का खतरा था, इसलिए वह अपने आसपास किसी को भटकने तक नहीं देता था. गिनती के ही लोग थे, जो उसके वार्ड से बाहर आने के बाद उससे मिलते व बात करते थे. हालांकि, रितेश यादव उर्फ सुंदर महतो जेल के अंदर आते ही अमन सिंह का करीबी बन गया. सूत्रों की मानें, तो 25 नवंबर को रितेश जेल में आया और उसके दो दिन के बाद ही वह अमन का सेवक बन गया. वह अमन का पैर दबाने का काम करता था. लेकिन अमन को क्या पता था कि जो व्यक्ति उसका पैर दबा रहा है, उसकी सेवा कर रहा है, वही उसका काल बन जाएगा. तीन दिसंबर 2023 को रितेश ने जेल के अंदर अमन सिंह के शरीर में ताबड़तोड़ कई गोलियां उतार दी थी.

## शर्मनाक — राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरियातू के बच्चों से पानी की ढुलाई करा रहे हैं शिक्षक

# स्कूली बच्चों से करायी जा रही मजदूरी, पदाधिकारी मौन

- ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की
- बच्चों ने पप्पू सर के आदेश पर पानी ढोने की बात कही

**कमरुल आरफी।बालूमाथ (लातेहार)**

अगर आपको यह पता चले कि जिस विद्यालय में आपने अपने बेटे को शिक्षा ग्रहण कराने के लिए भेजा है, उसी विद्यालय में उससे मजदूरी करायी जा रही है, तो आप पर क्या बीतेगी? ऐसा ही एक मामला बरियातू प्रखंड में सामने आया है. प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में मजदूरों के द्वारा किये जाने वाले काम को शिक्षकों के द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले मासूम बच्चों से कराया जा रहा है.

बच्चों से भार के सहारे दूर- दूर से पानी की ढुलाई कराई जा रही है. शिक्षकों की इस मनमानी से स्थानीय अभिभावकों समेत बाल अधिकार कार्यकर्ताओं में काफी रोष है. विद्यालय के मासूम बच्चों से नियमित विद्यालय पहुंचने के पश्चात शिक्षकों के द्वारा चापाकल से भारी भरकम डब्बों के द्वारा डंडा के सहारे पानी ढोकर विद्यालय में पूर्ति कराया जा रहा है. ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.


डंडे के सहारे बड़ा डब्बा में पानी लाते स्कूली बच्चे.

मुझे इस बारे में जानकारी मुझे नहीं है. ऐसे शिक्षकों के विरूद्ध जांच कर शोकॉज किया जायेगा. कार्रवाई भी की जाएगी. बच्चों से कोई भी शिक्षक किसी भी प्रकार का कार्य नहीं करा सकते हैं. - **नागेन्द्र सिंह**, बीईईओ, बरियातू.

**बच्चे बोले- 300 मीटर दूर से बड़ा डब्बा में लाते हैं पानी :** जब बच्चों से इस संबंध में बात की गई, तो बताया कि पप्पू सर के कहने पर हमलोग बारी-बारी से प्रतिदिन पीने व खाना बनाने के लिए स्कूल से करीब 300 मीटर दूर के चापाकल से डंडे के सहारे बड़ा डब्बा में पानी भर कर लाते हैं. डब्बा में पानी का भार अधिक रहता है, जिसे दो तीन बच्चे धीरे धीरे बीच-बीच में रख-रख कर लाते हैं. पानी लाने में लगभग आधा घंटा का समय लग जाता है.

**क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि :** प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि अभिभावकों द्वारा पूर्व में जानकारी मिली थी. दो- तीन बार स्कूल जाकर शिक्षकों को हिदायत दे चुके हैं, इसके बावजूद वही रवैया है. वहीं, मुखिया सरिता देवी ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है. मासूम बच्चों से पानी ढुलाना अपराध है. ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई होनी चाहिए.

झामुमो सतबरवा प्रखंड कमेटी का कार्यकर्ता सम्मेलन में संपन्न, राजेंद्र सिन्हा ने कहा

# हेमंत सोरेन सरकार ने विकास की लंबी लकीर खींच दी

संवाददाता । सतबरवा (पलामू)

बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज के सभागार में शनिवार को प्रखंड स्तरीय झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया. जिसमें भाजपा कार्यकर्ता विकास कुमार गुप्ता,पारस नाथ गुप्ता , विनोद प्रसाद तथा कांग्रेस से विनय सिंह ने झामुमो का दामन थामा. कार्यक्रम की अध्यक्षता सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार ने की.

मुख्य अतिथि लामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंहा उर्फ गुड्डू सिंहा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के हेमंत सोरेन की सरकार ने जो विकास लंबी रेखा



झामुमो के कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित लोग.

खींची है, इससे भाजपा घबरा गई है, इसलिए उनके नेता अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे. सिन्हा ने कहा कि झारखंड में सरकार बनने के बाद दो वर्ष कोरोना के कारण थोड़ा काम करने में कठिनाई हुई. इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आपके गांव में पूरा सरकारी तंत्र को बैठा दिया,इसके तहत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन तीन बार हुआ, जिसमें हर समस्या का समाधान किया गया, रघुवर की भाजपा की सरकार में एक विधवा, वृद्धा ,दिव्यांग पेंशन के लिए लोगों को तरसना पड़ता था , हेमंत की झारखंड सरकार ने लाखों की संख्या में पेंशन दिया. धोती, साड़ी,चना दाल दिया. दो सौ युनिट बिजली फ्री दिया. किसानों को मदद पहुंचाने को लेकर दो लाख रुपए तक केसीसी लोन माफ किया. मइयां योजना के तहत 21 साल से 50 साल की हर महिलाओं को एक हजार रुपया देने की घोषणा कर दी. जब केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास झारखंड को देना बंद कर दिया,तो झारखंड ने गरीबों के लिए अबुआ आवास दिया. 80 स्मार्ट स्कूल शुरू किए, बच्चों को विदेश पढने की सुविधा दी.

केंद्रीय सदस्य सुनील तिवारी ने कहा की अबकी होंने वाला विधानसभा चुनाव में झारखंड में झामुमो अपनी बदौलत पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी.

इनके अलावे सन्नी सिद्दकी,शनी शुक्ला, ललन चौधरी, श्रीनिवास चौधरी, मेघनाथ राम ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया. कार्यक्रम में शामिल लोगों ने जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंहा को मेदिनीनगर से प्रत्याशी बनाने की मांग की.

इसके पूर्व लहलहे में कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि राजेंद्र सिन्हा की फूल माला पहनाकर स्वागत किया तथा दर्जनों मोटरसाइकिल से आगवानी कर कार्यक्रम स्थल तक लाएं.

## ब्रीफ खबरें

### आजसू ने जेएस कॉलेज के प्राचार्य को घेरा

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड छात्र संघ ( आजसू ) ने आज जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के प्राचार्य का घेराव किया. संघ के विश्वविद्यालय प्रभारी हिमांशु रंजन के नेतृत्व मैं आयोजित घरों कार्यक्रम में छात्रों ने कहा कि महाविद्यालय में अवैध तरीके से पैसे लेकर बिना मेधा सूची में नाम आए छात्रों का नामांकन लिया जा रहा है, जो नियम विरुद्ध है. गरीब छात्रों का महाविद्यालय में नामांकन अधिक पैसे नहीं दे पाने के कारण नहीं हो पा रहा है. बड़े पैमाने पर पैसे की अवैध वसूली कर सीटों की बंदरबाट की जा रही है. हंगामा के बाद प्राचार्य एसके पांडे ने छात्रों को आश्वासन दिया .

### जपला में तुलसीदास की जयंती मनाई गई

**हुसैनाबाद (पलामू)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य मृत्युंजय प्रसाद, संजय सिन्हा, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव, अभिषेक पाठक ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती एवं गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया. सभी धर्म को रामचरित मानस की रचना देने वाले संत तुलसीदास के जयंती को लेकर स्कूल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए.

### श्रावणी मेला व प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**मेदिनीनगर।** मारवाडी युवा मंच द्वारा रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है. इसमें मारवाडी समाज के विभिन्न पदों पर सफलता प्राप्त किये छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा. समारोह के मुख्य अतिथि नवादा में सेवारत अतिरिक्त जिला जज आशुतोष खेतान होंगे. समारोह की शुरूआत दिन के 11.30 बजे से होगी. इसके बाद दोपहर 1 बजे से श्रावणी मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के बच्चों के खेलने के लिए गेम, वर्चुअल रियलिटी क्रिकेट, विभिन्न प्रकार के आभूषण, कपड़े, गृह सज्जा जैसे अन्य बुटीक भी हैं.

### समृद्धि की पाठशाला में बच्चों ने झंडा बनाना सीखा

**मेदिनीनगर।** समृद्धि की पाठशाला में क्रांति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गय. बच्चों को प्रसिद्ध कलाकार एवं मिशन समृद्धि सदस्य अमन चक्र ने क्रांति दिवस के सम्मान में झंडा बनाने का विचार दिया और कला के क्षेत्र में विशिष्टता प्राप्त व सदस्य आशा शर्मा ने सबों के साथ मिलकर कार्यक्रम को रोचक बनाया. संस्था की अध्यक्षा शीला श्रीवास्तव ने बच्चों के बीच गांधी जी द्वारा दिया गया मंत्र करो या मरो के महत्व को बताया. युवा समाजसेवी आशीष भारद्वाज ने देशभक्ति नारे लगाकर बच्चों में उत्साह भरने का काम किया.

### कार्यकर्ताओं संग सुधा चौधरी ने की बैठक

**पाटन (पलामू )।** पूर्व मंत्री श्रीमती सुधा चौधरी एवं जनता दल यूनाइटेड की पलामू जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे निमिया टू सरा गांव में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की. बैठक में अगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों की राय ली गयी. जिसमें सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए .सर्व समिति से मजबूती के साथ चुनाव की तैयारी करना है .और चुनाव जीतना भी है. कार्य करता ही नेता की पूंजी होते हैं. समय ज्यादा नहीं है.सभी लोग चुनाव कार्य में लगे. और जीत सुनिश्चित करने की तैयारी करें .मौके पर उपस्थित चिंटू मेहता आदि शामिल थे.

10 से 25 अगस्त तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ

# फाइलेरिया की दवा का सेवन अवश्य करें लोग : बैद्यनाथ

संवाददाता । लातेहार

स्थानीय विधायक सह प्रदेश के शिक्षा व मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है. सरकार के द्वारा फाइलेरिया की दवा लोगों को मुफ्त में खिलायी जा रही है. लोगों का इसका सेवन अवश्य करना चाहिए. इससे पहले मंत्री राम ने फाइलेरिया रोधी दवा खा कर जिले में 10 से 25 अगस्त तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उन्होंने आगे कहा कि फाइलेरिया रोग का पता तुरंत नहीं चलता है कभी कभी 15 साल में यह पता चलता है, लेकिन तब तक देर हो चुका होता है. फाइलेरिया होने से लोग दिव्यांग हो जाते हैं. मौके उपायुक्त गरिमा सिंह ने भी लोगों से फाइलेरिया की दवा खाने एवं जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने की अपील की है. सिविल सर्जन डा अवधेश सिंह ने बताया कि बूथ स्तर पर व डोर टू डोर फाइलेरिया की दवा खिलायी जायेगी. मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह व सरयु प्रसाद सिंह के अलावा विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार व अंकित पांडेय आदि मौजूद थे.

**बरवाडीह (लातेहार)।** शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में फाइलेरिया रोधी दवा को खिलाने को लेकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. उदघाटन प्रमुख सुशीला देवी, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, बीडीओ रेशमा रेखा



फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते मंत्री.

**खास बातें**

- जिले के सभी प्रखंडों में लोगों को दी जा रही मुफ्त दवा
- 10 से 25 अगस्त तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

मिंज, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ जयवंत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह और उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल के द्वारा सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर पीसीआई से प्रखंड समन्वयक संजय गुप्ता, बीपीएम ओम प्रकाश गुप्ता समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.

**बालूमाथ (लातेहार)।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में फाईलेरिया रोधी दवा ख़ाकर किया गया. फाइलेरिया का पूर्णतः इलाज संभव नहीं हो पाया है. मौके पर पंकज पांडेय, बीपीएम मृत्युंजय कुमार, अमरेंद्र कुमार, मिथिलेश कुमार, अनिल कुमार, मुकेश कुमार, अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे.

**गारू (लातेहार)।** प्रखंड के कस्तूरबा गाँधी बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं को फाईलेरिया का दवा खिलाया गया. रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक अमित आजाद के नेतृत्व में में फाईलेरिया उन्मूलन हेतू ग्रामीणों को जागरूक कर दवा खिलाया जा रहा है. मौके पर जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा शामिल थे. डॉ अमित आजाद नें छात्राओं को फाईलेरिया के लक्षण और उपचार के बारे में जानकारी दिया.

**चंदवा (लातेहार)** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा के सभागार में सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. डॉ तरुण जोश लकड़ा चंदवा पश्चिमी की मुखिया संगीता लकड़ा, सुमित कुमार व सुरेन्द्र बैद्य ने भी संबोधित किया.

### सामूहिक प्रयास से ही फाइलेरिया का उन्मूलन संभव : सिविल सर्जन

**मेदिनीनगर ।** जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में जिला स्तर पर एमआरएमसीएच परिसर में फाइलेरिया उन्मूलन (एमडीए-आइडीए) कार्यक्रम का उदघाटन किया गया. 10 से 25 अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रम में 1991297 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है. जिला स्तर पर कार्यक्रम का उदघाटन सिविल सर्जन डॉ अनील कुमार, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ जीतेंद्र कुमार,आरसीएचओ डॉ एसके रवि, डीपीएम प्रदीप कुमार सिन्हा आदि ने संयुक्त रूप से किया. जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ जीतेंद्र कुमार ने कहा कि शनिवार को जिले में बनाये गए 2250 बूथों पर दवा खिलाया जा रहा है. 11 से 25 अगस्त तक दवा प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलायेंगे. आरसीएचओ डॉ एसके रवि ने कहा कि फाइलेरिया ग्रसित रोगी अपने पूरे जीवनकाल इस बीमारी से ग्रसित रहते हैं. मंच संचालन डॉ अनूप ने किया. इस अवसर पर शहरी डीपीएम सूख राम बाबू, अस्पताल प्रबंधक सुनीत श्रीवास्तव, विजय सिंह, आलोक कुमार, पीरामिल फाउंडेशन के अनील कुमार, पीसीआई के अनूप तिवारी समेत काफी संख्या एएनएम और अन्य लोग उपस्थित थे.

### शराब लदी बाइक ने दूसरी को मारी टक्कर दंपति घायल

**हरिहरगंज/ पलामू ।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत एनएच 139 पर सुरभि होटल के समीप एक शराब लदे तेज रफ्तार से जा रही बाइक ने दूसरी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी. जिससे बाइक सवार तेंदुआ निवासी मनोज विश्वकर्मा और उनकी पत्नी शारदा देवी गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजनों ने बताया कि शारदा देवी को सिर में गंभीर चोटें लगी है. जबकि मनोज विश्वकर्मा को भी हाथ और पैर में चोटें लगी हैं. दोनों घायल दंपति परिवार सवार जरुरी काम से हरिहरगंज जा रहे थे . इस दौरान शराब लदे तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी जिस कारण दानों घायल हो सड़क पर गिर पड़े. हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों ने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी. घटना के बाद अवैध शराब कारोबारी शराब सहित जेएच 03 एफ 9407 नंबर की बाइक को छोड़कर भाग गया. जिसे पुलिस ने जप्त कर ली.घायलों को स्थानीय सीएचसी में लाकर प्राथमिक इलाज कराया.प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर ईलाज के लिए शारदा को रेफर कर दिया.

### उपायुक्त गढ़वा के नाम से फर्जी अकाउंट

**गढ़वा।** किसी अज्ञात व्यक्ति ने उपायुक्त गढ़वा के नाम से फर्जी अकाउंट बनाया गया है. इस संबंध में डीसी शेखर जमुआर ने जिलेवासियों से अपील कर कहा है कि इस तरह से किसी भी फर्जी अकाउंट से कोई भी मैसेज आने पर किसी तरह की प्रतिक्रिया न दें. साथ ही फर्जी अकाउंट को ब्लॉक करें. उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है.

## डायरिया से वृद्ध महिला की मौत

संवाददाता । बालूमाथ (लातेहार)

प्रखंड के बालूभांग पंचायत के कोटाम के सिमरटोला में डायरिया से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई. महिला की पहचान ननकू गंझु की 60 वर्षीय पत्नी बजोईया देवी के रूप में हुई है. इसी घर में चार लोग डायरिया से पीड़ित पाए गए. बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम के द्वारा कोटाम सिमर टोला में कैंप लगाकर इलाज किया गया. जानकारी के अनुसार मृतका बजोईया देवी पिछले तीन-चार दिनों से डायरिया से पीड़ित थी. उसका इलाज स्थानीय झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा किया जा रहा था. लेकिन उसकी स्थिति बिगड़ जाने के कारण उसकी मौत हो गई. इस मौत के साथ-साथ कई लोगों की पीड़ित होने की सूचना पर बालूमाथ स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हुआ. चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश बडाईक के निर्देश पर एक मेडिकल टीम पीड़ित गांव में पहुंची और पीड़ित परिवारों का इलाज किया. मेडिकल टीम द्वारा मृतक के परिजन सुनीता देवी व जसोईया देवी समेत चार



लोगों का इलाज किया गया. चिकित्सकों ने पीड़ित परिवार से आग्रह किया है, कि बरसात के मौसम में सभी लोग गरम भोजन का सेवन के साथ- साथ पानी उबाल कर पियें. बीमार पड़ने पर चिकित्सीय सलाह लेने की अपील की. टीम में मुख्य रूप से डॉ सुरेंद्र कुमार, सीएचओ अनुप्रिया, एएनएम सोनी कुमारी, एमपीडब्ल्यू अनिल कुमार शामिल थे. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक ने झोला छाप डाक्टरों से इलाज कराने से बचने की अपील ग्रामीणों से की.

### चेतना इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी

**लातेहार।** शहर के रेलवे स्टेशन रोड में अविस्थत चेतना इंटरनेशनल विद्यालय, लातेहार में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठि व प्रथम तिमाही का परीक्षाफल प्रकाशन किया गया.विद्यालय के संरक्षक उपेंद्र नाथ पांडेय ने शिक्षा के क्षेत्र में अभिभावकों की भूमिका और उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि बच्चे का समग्र विकास केवल विद्यालय की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें अभिभावकों का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है. जब शिक्षक और अभिभावक मिलकर काम करते हैं तो बच्चों के शैक्षणिक और नैतिक विकास में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलते हैं. उन्होने बच्चों को मोबाइल व सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह दी. परीक्षा परिणाम वितरण के दौरान अभिभावकों को उनके बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी दी गई. इस अवसर पर, शिक्षकों ने व्यक्तिगत रूप से अभिभावकों के साथ बच्चों की ताकत, कमजोरियों, सुधार के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की.

## जनता का सेवा ही जनप्रतिनिधि का असली धर्म व कर्म है : मंत्री



ग्रामीणों को संबोधित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर.

संवाददाता । गढ़वा

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को गढ़वा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनता संवाद का आयोजन किया.

इस दौरान मंत्री ने तिवारी मरहटिया के केवटाहा टोला आश्रम के समीप, दुबे मरहटिया गांव के पंचायत भवन में, टेनवा टोला स्थित शिव मंदिर के समीप तथा ग्राम टेढ़ी हरैया में मदरसा के समीप आयोजित जनता संवाद में ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए. मंत्री ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया. साथ ही शेष समस्याओं की यथाशीघ्र निदान करने की बात कही. मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूरे गढ़वा में किसी भी क्षेत्र में ग्रामीणों को कोई कोई समस्या न हो इसीलिए वे प्रत्येक गांव, प्रत्येक टोला में घूम घूम कर लोगों से मिल रहे हैं. उनकी समस्याओं को जान कर निदान भी कर रहे हैं. मंत्री ने कहा कि जनता का सेवा ही जनप्रतिनिधि का असली कर्म व धर्म है. सोच समझ कर कार्य करने वाले को ही वोट दें.

## न्यूज अपडेट

### रुद्र शुक्ला के परिजन से मिले डॉ रामेश्वर उरांव



रुद्र शुक्ला के परिजन से मिलते मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव.

**मेदिनीनगर।** पांकी विस क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह युवा कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला की दादी सूर्यमुखी देवी(85 वर्षीय) के निधन की सूचना के बाद शनिवार को राज्य के वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरांव उनके पैतृक ग्राम कमलकेड़िया पहुंचे. वित्त मंत्री डा. उरांव ने शोकाकुल परिवार कोदरा से मनाते हुए मृतक के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की. उन्होंने मृतका के पति राधा शुक्ला से मिलने के बाद शोक व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया. उन्होंने कहा कि रुद्र शुक्ला के परिवार के हर.दुःख सुख में मै सदैव इनके साथ खड़ा हूं. मौके पर वित्त मंत्री के साथ मंत्री के आप्त सचिव संजय दुबे आदि उपस्थित थे.

### 'भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगी है झारखंड सरकार'



**विश्रामपुर(पलामू) ।** भाजपा नेता बिजेंद्र पाठक ने शुक्रवार को विश्रामपुर का भ्रमण किया. इसके बाद गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय के विश्रामपुर आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में झारखंड सरकार पर जमकर हमला बोला. बिजेंद्र पाठक ने कहा कि जल-जंगल-जमीन की बात करने वाले हेमंत सोरेन ने पांच साल भय, भूख और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में गुजार दिया. इनके कार्यकाल में अपराधी व उग्रवादी बेलगाम रहे. बेरोजगारी और पलायन से राज्य में अराजक स्थिति उत्पन्न कर दी. मौके पर भाजपा के पूर्व गढ़वा जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी,रवींद्र नाथ उपाध्याय,पंकज कुमार लाल सहित कई भाजपा नेता मौजूद थे.

### संस्कृति कार्यक्रमों का पूर्व अभ्यास किया गया



**लातेहार।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में जिला प्रशासन के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास एवं चयन शनिवार को मुख्यमंत्री जिला उत्कृष्ट विद्यालय लातेहार की सभागार में किया गया. मौके पर निर्णायक मंडली के सदस्य के रूप में सर्व शिक्षा अभियान की एपीओ रोज मिंज एवं स्वर संगम के निदेशक आशीष टैगोर मुख्य रूप से उपस्थित थे. पूर्वाभ्यास में केंद्रीय विद्यालय की ऋषिका रंजन ने महाभारत के एक प्रसंग में नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया. जबकि लातेहार डांस एकेडमी की नाव्या राजपूत ने देशभक्ति गीत पर अपनी आकर्षक प्रस्तुति दी.

### विधायक ने किया समुदायिक भवन का उद्घाटन




**बरवाडीह (लातेहार) ।** शनिवार को मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने प्रखंड के खुरा पंचायत के गुलजार बाग में संचालित दारू उलूम कदरिया अबदालिया में विधायक मद से बने सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया गया. उद्घाटन के बाद विधायक ने कहा कि समाज के विकास और विशेष तौर पर शिक्षा के लिए काम करने वाले हर उस संस्था की मदद करने की जरूरत है ताकि हमारा समाज शिक्षित और जागरूक हो सके. मौके पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, अनिल सिंह, रविन्द्र राम, मुन्ना खान, सजमीर अंसारी, सेख फिरोज, गुडु अंसारी व शाहरुख खान समेत कई लोग मौजूद थे.

### एसएसवीएम में मनाई गई तुलसीदास की जयंती



**लातेहार।** जिला मुख्यालय के सरस्वती विद्या मंदिर में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओमकार नाथ सहाय व मधु कुमारी ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती एवं गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया. मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य ओंकारनाथ सहाय ने सभी छात्रों को विद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्हों तुलसी दास की जीवनी से अवगत कराया.

### चेतलाल रामदास ने नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात की



**बालूमाथ (लातेहार )।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने झारखंड के नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मंत्री अमर बाउरी से मुलाक़ात की. उन्होंने मौके पर लातेहार विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान राजनैतिक स्थिति पर चर्चा की और जिले के दोनों विधानसभा सीटों पर भाजपा को विजयी बनाने का संकल्प लिया. रामदास ने कहा कि लातेहार जिले में भरपूर खनिज होने के बावजूद क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पाया है. उन्होंने इसके कारणों पर अमर बाउरी का ध्यान आकृष्ट कराया.

**आयोजन** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में हुई अंतर सदन मेंहदी कला प्रतियोगिता

# छात्राओं ने किया मेहंदी कला कौशल का किया प्रदर्शन

संवाददाता । मेदिनीनगर

स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को छात्राओं द्वारा अंतर सदन मेंहदी कला प्रतियोगिता आयोजित किया गया. इसमें विद्यालय के सदन बायरन, इलियट, शेक्सपीयर व कीट्स की छात्राओं ने निर्धारित विषय पर आधारित मेंहदी कला कौशल का हाथ पर प्रदर्शन किया. कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को दो समूहों में विभाजित किया गया. समूह ए में कक्षा 6 से 8 तथा समूह बी में कक्षा 9 से 12 वीं तक की छात्राएं थी. सभी प्रतिभागियों ने काफी सुंदर और मनमोहक मेंहदी प्रदर्शन किया. निर्णायक दल ने समूह



मेंहदी कला प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं.

ए में साक्षी कुमारी (आठवीं), आराध्या पाल (छठवीं), अमीषा पाण्डे (सातवीं) व सादफ (आठवीं) प्रथम स्थान पर रहे. तनु प्रिया (छठवीं), गुनगुन कुमारी (आठवीं), आकृति कुमारी (सातवीं) व प्रिया कुमारी (छठवीं) द्वितीय स्थान तथा प्रिया दुबे (आठवीं), श्वेता (सातवीं), अंजली (सातवीं) व स्वाती (छठवीं) तृतीय स्थान पर रहे. समूह बी में ईशिता (दसवीं), सिद्धि श्री (11वीं), तान्या मेहता (12वीं), निर्जला (10वीं) व आर्या मौर्या (दसवीं) प्रथम स्थान, पूजा भारती (12वीं), भूमिका कुमारी(11वीं), जिया (12वीं), नायशा सिन्हा (10वीं) द्वितीय स्थान पर रहे. विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने कहा कि सावन महीने में मेंहदी का अपना पारंपरिक महत्व है. मेंहदी के प्रयोग से त्वचा की अनेक बीमारियों का इलाज स्वतः हो जाता है. इस माध्यम से छात्राओं में सृजन क्षमता का भी विकास होता है. तत्पश्चात् उन्होंने सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए विद्यालय के छात्रों को अनुशासन, सदाचार एवं सुविचार की भावना को अपने हृदय में जगाए रखने का संदेश दिया. ऐसे कार्यक्रम में भाग लेने से छात्रों की मानसिक क्षमता एवं उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है. उन्होंने बच्चों के सृजनात्मक अभिरुचियों की प्रशंसा करते हुए बच्चों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया.

**खास बातें**

- कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं ने दो ग्रुप में प्रतियोगिता में लिया भाग
- प्रतिभागियों ने सुंदर व मनमोहक मेंहदी लगाने का प्रदर्शन किया

# वित्त मंत्री से मिला अनुसचिवीय कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता । मेदिनीनगर

20 दिनों से हड़ताल पर डटे झारखंड राज्य अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) पलामू जिला इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से उनके पैतृक गांव चियांकी स्थित आवास पर मुलाकात की. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने वित्त मंत्री को अपनी नौ सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन को पढ़ने के बाद वित्त मंत्री डॉ उरांव ने प्रतिनिधि मंडल में शामिल सदस्यों को आश्वासन दिया कि आपकी मांगों पर हम जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर विचार विमर्श कर अंतिम निर्णय लेंगे. मंत्री डॉक्टर उरांव से वार्ता के बाद संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार सिंह ने कहा कि हम लोगों को सरकार पर भरोसा है और उम्मीद करते हैं कि जल्द ही हमारी मांगे पूरी होगी. प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष रंजय सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष आशुतोष पांडे, शकील अख्तर, सचिदा राम, अभिमन्यु सिंह, सूरज राम, सचिव संजय प्रसाद, राम लखन राम, घनश्याम दुबे, बख्तियार अहमद, दिनेश चंद्र राम, संजय कुमार आदि शामिल थे.



वित्त मंत्री को मांगपत्र सौंपते कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल.

ब्रीफ खबरें

## मोबाइल छिनतई के दो आरोपी गिरफ्तार

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा थाना पुलिस ने बीते सप्ताह भैंसमुंदो में हुई मोबाइल छिनतई की घटना में छीने गये मोबाइल को ट्रैक कर बरामद कर लिया है. मोबाइल छिनतई के दो आरोपी रफीक अंसारी उर्फ भोलू सिसई और शमसाद अंसारी सिसई गुमला को गिरफ्तार किया है. भंडरा पुलिस के पूछताछ के दौरान एक और आरोपी का नाम सामने आया है. इधर भंडरा थाना में पदस्थापित एसआई पप्पू कुमार ने बताया कि बीते सप्ताह को भंडरा थाना क्षेत्र के भैंसमुंदो निवासी आंगनबाड़ी सेविका के घर के बाहर बच्चे मोबाइल देख रहे थे तभी बाइक सवार दो अपराधी उनसे मोबाइल छीन कर फरार हो गया .

## किसानों के बीच किया परिसंपत्तियों का वितरण

**सिमडेगा/कोलेबिरा ।** ऐडेगा रामजड़ी में परिसम्पत्ति एवं किसानों के बीच बीज,बत्तख का वितरण कोलेबिरा विधायक, डीडीसी ने किया. इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जलछाजन के माध्यम से आम जनता को स्वाबलंबन बनाने की योजना है. चाहे वह मछली पालन हो,चाहे मुर्गी, बत्तख आदि हो, जिससे हमारे लोग लाभान्वित हो रहे हैं. विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह तो एक योजना है, किन्तु हमारी गठबंधन की सरकार बहुत महत्वपूर्ण योजनाएं लाई है .

## हरिहरगंज के नए सीओ ने संभाला पदभार

**हरिहरगंज/पलामू ।** हरिहरगंज प्रखंड के नए अंचल पदाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा ने शनिवार को अपना पदभार ग्रहण किया. नए सीओ ने निवर्तमान सीओ सह बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया से पभार ग्रहण किया . इस अवसर पर नए सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने कहा लोगों की भूमि संबंधी समस्याओं का समय पर समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी. मौके पर बीएओ ब्रजेश कुमार, सीआई संजीव कुमार, अंचल उप निरीक्षक रामपद प्रजापति, संतोष उरांव, अंचल ऑपरेटर ओमप्रकाश कुमार, राहुल कुमार, सोनू कुमार सहित कई कर्मी मौजूद थे.

## लुकुईया घाटी में ट्रक पलटी, चालक सुरक्षित

**चंदवा (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के चंदवा- चांपी मुख्य पथ वा लुकुइया ग्राम के समीप लेदरटंगवा घाटी में शनिवार की शाम करीब पांच बजे एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया. ट्रक में चावल लदा था. हालांकि इस दुर्घटना में चालक बाल बाल बच गया. हालांकि उसे आंशिक रूप से चोटें आयी है. उसने बताया कि वह संबलपुर से सासाराम चावल ले कर जा रहा था. घाटी में अनियंत्रित होकर ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. घाटी में लगातार हो रही सड़क दुर्घटना पर लुकुईया निवासी धनराज यादव ने कहा कि पथ निर्माण विभाग की बड़ी लापरवाही के कारण अब तक कई वाहन चालकों की मौत हो चुकी है.

## छात्रों को स्क्रैच कोडिंग सिखाने दुमका से बुलाए गए प्रशिक्षक

**गुमला।** जिले के बच्चों को स्क्रेच कोडिंग सिखाई जा रही है. इस के लिए 10 अगस्त को जिले के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट एस एस बालिका उच्च विद्यालय गुमला में जिले के चयनित आईसीटी इंस्ट्रक्टर के लिए रिफलेक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने की. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला शिक्षा अधिक्षक द्वारा स्क्रेच कोडिंग से बच्चों की क्रिएटिविटी में विकास होने की जानकारी दी गई. बेहतर तरीके से कार्यों का निर्वहन करते हुए उपायुक्त गुमला की अपेक्षाओं पर खरा उतरें .

### गठबंधन जनमत में 10 राजनीतिक दलों की बनी टीम, सूर्य सिंह बेसरा करेंगे नेतृत्व

# अबकी विस चुनाव में दिखाएंगे 10 का दम : अनिल

संवाददाता । लोहरदगा



नवगठित जनमत तीसरा विकल्प के चेयरमैन सूर्य सिंह बेसरा व अन्य.

झारखंड में कुछ ही महीने के बाद फिर से राजनीतिक अखाड़ा सजने वाला है. ऐसे में लाजमी है कि सभी राजनीतिक दल के नेतृत्व क्षमता का लिटमस टेस्ट होगा. इसी बीच झारखंड की राजनीति में एक नया मोड़ देखने के लिए मिला. यहां पर 10 राजनीतिक दलों ने एक बार फिर से एक प्लेटफार्म पर एकसाथ जुटकर विधानसभा चुनाव में अपना दमदार उपस्थिति दर्ज कराई जाने को लेकर जनमत गठबंधन बनाया है.

बता दें कि झारखंड के जमशेद स्थित बिष्टुपुर के तुलसी भवन में आयोजित उक्त रणनीति बैठक में मुख्य रूप से झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष घाटशिला के पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा की मौजूदगी में शहीद निर्मल महतो के 37वां शहादत दिवस पर जनमत तीसरा विकल्प का संकल्प लिया गया. इधर बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में आयोजित बैठक में पांच सदस्यीय अध्यक्षीय मंडली व 10 सदस्यीय संयोजक मंडली का गठन किया गया. यहां पर झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह घाटशिला के पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने कहा कि आगामी 22 अगस्त को रांची में घोषणा पत्र के प्रारूप पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी. इधर बिष्टुपुर तुलसी भवन में झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता श्याम बिहारी प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नवगठित झारखंड नव निर्माण महासभा तीसरा विकल्प जनमत में 10 राजनीतिक दलों की उपस्थिति दर्ज की गई. जिसमें झारखंड पार्टी, झापीपा, झामुमो उल्गूलान, राष्ट्रीय जन क्रांति मोर्चा, बहुजन समाज पार्टी, भागीदारी पार्टी, आरपीआई आंबेडकर,लोक जन समाज पार्टी भारत, अखिल भारतीय मानव सेवा दल एवं आदर्श संग्राम पार्टी शामिल हैं. इधर झापीपा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस 10 दलीय राजनीति दलों का नेतृत्व झापीपु के सूर्य सिंह बेसरा करेंगे.

उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से सूर्य सिंह बेसरा को जनमत तीसरा विकल्प का चेयरमैन बनाया गया है. अनिल कुमार भगत ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पूरे झारखंड प्रदेश में जनमत तीसरा विकल्प पूरे दम-खम के साथ चुनावी मैदान में उतरने का कार्य करेगी और मैदान फतह कर दिखाएगी. उन्होंने बताया कि इस गठबंधन जनमत तीसरा विकल्प के पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडली में पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी, मौलाना अब्दुल मोबिन रिजवी,किरण सिन्हा, मुरलीधर राम और श्याम बिहारी प्रजापति का चयन किया गया. वहीं 10 सदस्यीय संयोजक मंडली टीम में बेनीलाल महतो, पंकज मंडल, अलेस्टर बोदरा, प्रीतम सांड लोहरा, सतीश कुमार चतुर्वेदी, डॉ शमशेर राही, शिव प्रसाद अग्रवाल, मनोज कुमार, गौतम भारती, रवीन्द्र नाथ पंडित को शामिल किया गया है. झापीपु के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत के छोटे भाई अनिल कुमार भगत ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में इस गठबंधन जनमत तीसरा विकल्प की टीम शत-प्रतिशत सीटों पर चुनाव जीते इसकी तैयारियां तेज कर दी गई है. उन्होंने कहा कि झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सूर्य सिंह बेसरा के कुशल नेतृत्व में झारखंड प्रदेश में विधानसभा चुनाव जोशो-खरोश के साथ लड़ा जाएगा और अधिक सीटें अपनी झोली में डालने का प्रयास किया जाएगा.

### लोहरदगा में मेगा विधिक शिविर सह सशक्तीकरण व गरिमा सम्मेलन संपन्न

# दिव्यांग और जरूरतमंदों के लिए खुले हुए हैं डालसा के द्वार : पीडीजे

संवाददाता । लोहरदगा



लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करते जिला जज, डीसी व अन्य.

**खास बातें**

- पांच करोड़ से अधिक के परिसंपत्तियों का वितरण
- जिले के सभी प्रखंडों में लगाया गया शिविर

जिला विधिक सेवा प्राधिकार और जेएसएलपीएस लोहरदगा के संयुक्त बैनर तले 10 अगस्त में सदर प्रखंड परिसर स्थित नए टाउनहॉल में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर सह गरिमा सम्मेलन का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा अरविंद कुमार पांडेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष डालसा डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डालसा सचिव राजेश कुमार, डीपीएम व अनिता केरकेट्टा के द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया गया. वहीं लोहरदगा जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित शिविर में पांच करोड से अधिक परिसंपतियों का वितरण किया गया. जिसमें पीएम आवास योजना अंतर्गत 10 लाभुकों के बीच 13 लाख रुपये, जेएसएलपीएस द्वारा स्वरोजगार के लिए 88 लोगों के बीच 262 लाख रुपये, कृषि विभाग द्वारा 10 पावर स्पेयर और 12 पंपसेट, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत 6 लाभुक के 31.04 लाख रुपये, श्रम विभाग द्वारा 210 लाभुकों के बीच 5.5 लाख रुपये, जिला आपूर्ति शाखा द्वारा 20 नए राशन कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 35 लाभुकों के बीच 4.88 लाख रुपये, पशुपालन विभाग द्वारा पशुधन योजना अंतर्गत 10 लाभुकों के बीच 2.51 लाख रुपये, सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा 20 लाभुकों के बीच कई योजनाओं का वितरण किया गया. वहीं सभी प्रखंडों को मिलाकर कुल 971 लाभुकों और 5 स्वयं सहायता समूहों के बीच कुल 5 करोङ रुपए की योजना का वितरण किया गया. मुख्य कार्यक्रम लोहरदगा नगर भवन में आयोजित किया गया. जबकि कुडू प्रखंड में एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, सेन्हा प्रखंड में वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, कैरो प्रखंड में सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा, भंडरा प्रखंड में एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, किस्को प्रखंड में न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता कुजूर व पेशरार प्रखंड में मध्यस्थ अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव ने कार्यक्रम की अगुआई की.

## विधिक जागरूकता शिविर में दी गयी कानून की जानकारी

**भंडरा/लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के नेतृत्व में शनिवार को प्रशिक्षण सह साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन भंडरा प्रखंड सभागार आयोजित हुआ.लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों व पीएलबी के बीच किया गया. कार्यशाला को संबोधित करते हुए रिसोर्स पर्सन एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता ने मुख्य रूप से साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी दी गयी. वक्ताओं ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जाकर जागरूकता फैलाये. यदि कोई व्यक्ति साइबर क्राइम के चक्कर में फंस गए हैं तो उन्हें हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सारी जानकारी देनी चाहिए. उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पोर्टल पर भी इसकी शिकायत कर सकते हैं. एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता ने बताया गया कि रोज नए-नए तरीके से साइबर फ्रॉड करते हैं उससे भी हमें बचने की आवश्यकता है. एसडीजेएम ने एक दिवसीय दिव्यांग कार्यक्रम के बारे में जानकारी सभी पीएलवी को दी. उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में जाकर जो भी दिव्यांग बच्चे से मिलेंगे, उनकी जो समस्याएं हैं, इस मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार,थाना प्रभारी अरविंद सिंह सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे.



विधिक सेवा प्राधिकार कार्यक्रम में मौजूद एसडीजेएम व अन्य.

## आदिवासी समाज मुख्यधारा से जुड़ें तभी विकास संभव: सुनीता

**लोहरदगा।** देश और दुनियाभर के कई देशों में आदिवासी दिवस काफी



हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है. लेकिन यह चिन्तनीय विषय है कि भारत समेत दुनियाभर के देशों में आदिवासियों की हालत दोयम दर्जे की क्यों है, आज भी आदिवासी समाज देश की मुख्यधारा से बाहर क्यों है. उक्त बातें लोहरदगा की समाजसेविका सुनीता उरांव ने कही. उन्होंने कहा कि जब-तक आदिवासी समुदाय को मुख्यधारा में नहीं लाया जाता, तब-तक इस दिवस और देश के विकास का कोई मायने नहीं. सुनीता उरांव ने कहा कि देश का विकास चाहिए तो आदिवासी समुदाय के विकास के बिना संभव नहीं हो सकता.

## सडक बनने से आवागमन में सुविधाएं होंगी : विधायक

**पाटन/पलामू ।** प्रखंड के दुल्ही बाजार से कजरमा भुईंयां टोला तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक पुष्पा देवी ने ऑनलाइन शिलान्यास पूर्व सांसद मनोज कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ. महत्वपूर्ण परियोजना सडक के निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधाएं मिलेंगी और विकास की रफ्तार में वृद्धि होगी. मौके पर विधायक प्रतिनिधि जिला परिषद छतरपुर विधानसभा उमेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि पाटन संजय कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि, पड़वा के विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ मेहता, किशनपुर विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, श्रवन मिश्रा, नॉलेज सिंह,प्रमोद सिंह, अमित सिंह नवल सिंह, कामाख्या सिंह, निरंजन सिंह आदि शामिल थे.

# उपायुक्त ने कई पंचायतों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

संवाददाता । सिमडेगा

झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने सिमडेगा प्रखंड के गरजा पंचायत, कोचेडेगा, सेवाई, कुल्लूकेरा एवं टैंसेरा पंचायत भवन का निरीक्षण किया. इस दौरान झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया.उन्होंने दो दिनों के अंदर छुटे हुए सभी योग्य महिलाओं का ससमय आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया. मौके पर बताया गया कि कोचेडेगा एवं टैंसेरा पंचायत में आवेदन फॉर्म समाप्त हो गया है जिसके तहत उपायुक्त महोदय ने अपनी गाड़ी में रखें फॉर्म में से कोचेडेगा पंचायत में 200 एवं टैंसेरा पंचायत में 100 दिया. टैंसेरा पंचायत में तीन सौ से अधिक संख्या में फॉर्म जमा था जिसे संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिये. कुल्लूकेरा पंचायत भवन पहुंच उपायुक्त महोदय ने आवेदन एंट्री की जायज लिया. वहां उपस्थित जेएसएलपीएस की दीदीयों को लाभुक महिलाओं का आवेदन फॉर्म भरने हेतु सहयोग करने की बात कहीं. उन्होंने पंचायत सेवक एवं बीएलओ को निर्देश दिया कि कुल्लूकेरा पंचायत अंतर्गत छत्तीसगढ़ सटे सुदूरवर्ती गांव बानमारा से शत प्रतिशत महिलाओं का आवेदन फॉर्म प्राप्त करें.

# हाथियों की झुंड ने पांच घरों को किया क्षतिग्रस्त, फसलें भी रौंदी

संवाददाता । लोहरदगा



खेतों में लगे फसलों को रौंदते जंगली हाथियों का झुंड.

जिले के कुड़, कैरो और भंडरा प्रखंड के सीमावर्ती इलाके के लोग जंगली हाथियों के झुंड से दहशत में हैं. हाथियों के झुंड ने क्षेत्र वासियों की रातों की नींद उडा.डाला है. बीते रात हाथियों के झुंड कैरो व कुड़ू प्रखण्ड क्षेत्र के सीमावर्ती गांवों खासकर महुवरी में फिर से लौट कर जमकर तबाही मचाई. गांव में एकाएक धावा बोलकर न सिर्फ कई घरों को क्षति पहुंचाई, बल्कि घर में रखे धान और चावल को भी खा गए. खेतों में लगी फसलों को बुरी तरह से रौंद डाला. हाथियों का झुंड मध्य रात्रि करीब 12:30 बजे ब्यासी, कुल्लू चाल्हो होते हुए अचानक महुवरी गांव पहुंचकर चिंघाड़ के साथ एक आदमी का घर का दरवाजा तोड़ने लगे. आवाज सुनकर घर में सो रहे लोग पीछे के दरवाजा से भागने में सफल रहे. हाथियों ने घर में रखे धान और चावल को खाया और नष्ट भी कर दिया. वर्तमान में हाथियों के झुंड के मूवमेंट का संभावित क्षेत्रों में चडरा, खरता, कुल्लू, मुरतो, मेलानी आदि गांव हैं. प्रभारी फॉरेस्ट विपिन कुमार ने यह भी बताया कि झुंड से बिछड़े अकेला हाथी ने हेंदलासो में बीते रात दो लोगों का घर ध्वस्त किया है.

न्यूज अपडेट

## चेहल्लुम को लेकर अंजुमन इस्लामिया की बैठक संपन्न



चेहल्लुम मेला की तैयारी को लेकर बैठक करते लोग.

**सेन्हा/लोहरदगा।** चेहल्लुम मेला में अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन को लेकर सेन्हा प्रखंड के भड़गांव मेला मैदान में अंजुमन इस्लामिया की तैयारी बैठक हुई. बैठक के दौरान आगामी 27 अगस्त को चेहल्लुम के उपलक्ष्य पर खेल नुमाइश प्रतियोगिता व मैदान पर मेला लगाए जाने हेतु सर्वसहमति से निर्णय लिया गया. इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया. जिसमें रूस्तम अंसारी को सदर, मिन्हाज अंसारी को सेक्रेटरी , सरताज अंसारी को खजांची, अबू सहमू अंसारी उर्फ सोनू को नायब सदर और वकील अंसारी को सर्वसहमति से नायब सेक्रेटरी चुना गया.

## जरूरतमंदों की सेवा करना पुण्य कार्य : मो. साबिर



**लोहरदगा।** मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य मोहम्मद साबिर ने खून की कमी से परेशान मरीज को एक यूनिट ए पॉजिटिव रक्तदान कर इलाजरत मरीज की मदद किया. किस्को प्रखंड के ग्राम पंचायत पाखर पठारी क्षेत्र के पाखर गढ़ा निवासी मरीज सुषमा कुमारी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. चिकित्सकों ने उन्हें खून की कमी बताया. परिजनों ने दो दिनों से खून की जुगाड़ करने को लेकर काफी परेशान थे.

## मतदाताओं को ठगने के लिए सरकार जुटी है : गिरि

**लोहरदगा।** सामाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र गिरि ने झारखंड सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि झारखंड की सत्ताधारी पार्टी मतदाताओं को ठगने



के लिए कमर कस कर निकल पडी है. उन्होंने कहा कि गत विधानसभा चुनाव में पढ़े-लिखे बेरोजगार युवकों और झारखंड के भोले- भाले आदिवासी ठगी के शिकार बने थे. इस बार 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को मंइयां सम्मान योजना के नाम पर एक हजार रुपये देने की बात कह कर ठगा जा रहा है. यह योजना लागू हो पाएगा यह संदेह के घेरे में है .क्योंकि जब तक फॉर्म भरा जाएगा तब तक विधानसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी और आचार-संहिता लागू हो जाएगा . ऐसे में यह सभी फॉर्म बोरा में भरकर कहां फेंके जाएंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है.

## प्रस्तावित टोटो थाना परिसर में एसपी ने की बैठक

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक ने प्रस्तावित टोटो थाना के प्रांगण में टोटो के सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में बैठक की. जिसमें टोटो थाना के विधिवत अधिसूचना प्राप्त होने के पूर्व तक बीट प्रभारियों की प्रतिनियुक्ति की जानकारियां दी गई. जिससे आम आदमी की पहुंच थाना तक एवं पुलिस की पहुंच सुदूर ग्रामीण जनता तक हो सके. साथ ही इस बैठक के बाद थाना परिसर में पौधरोपण का कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया गया. जिसमें तमाम जनप्रतिनिधि के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी उपस्थित होकर पौधरोपण कार्यक्रम में बढ़-कर कर भाग लिए.

## एसएसवीएम में मनाई गई तुलसीदास की जयंती

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में तुलसी दास की जयंती दोनों खंडो में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के आचार्य योगेंद्र मलिक, कार्यक्रम प्रमुख संगीता कुमारी, दिवस प्रमुख संजय कुमार, शांतनु सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ. आचार्या संगीता कुमारी ने महर्षि तुलसीदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते भैया बहनों को उनके जीवन दर्शन, संस्कार से परिचित करवाया. आचार्या उमा कुमारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाकवि तुलसीदास एक उत्कृष्ट कवि ही नहीं, महान् लोकनायक और तत्कालीन समाज के दिशा-निर्देशक भी थे . इस अवसर पर प्रांत द्वारा निर्धारित कक्षा द्वितीय एवं तृतीय के भैया बहनो के बीच सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई.

## चेचरिया के 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

**गढ़वा ।** मेराल प्रखंड अंतर्गत चेचरिया पंचायत के दो सौ अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया. शनिवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर एवं मिठाई खिलाकर झामुमो में शामिल किया. मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने सभी लोगों को पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया. मंत्री ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोग काफी ऊर्जावान हैं. ये सभी लोग अपने अनुभव से पार्टी को और मजबूती प्रदान करेंगे.

## योजनाओं को जनता तक पहुंचाएगी युवा कांग्रेस

**लोहरदगा।** आगामी विधानसभा की तैयारी को लेकर जिला अध्यक्ष विशाल डूंगडुग की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस की कार्यकारणी बैठक हुई. बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी इशिता शेढ़ा,राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ, जिला कोर्डिनेटर सत्यव्रत दास, जिला प्रभारी संदीप कुमार उपस्थित थे. इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी इशिता शेढ़ा ने कहा की युवा कांग्रेस हर घर खटा–खट के तहत झारखंड सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताये. उन्हें योजनाओं की जानकारी दे. उन्होंने कहा की 15अगस्त का झंडोत्तोलन महिलाएं करेंगी. आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करनी है.

## ओबीसी एकता अधिकार मंच ने किया जनसंवाद

**गढ़वा।** जिले के कांडी प्रखंड के अधौरा गांव में ओबीसी एकता अधिकार मंच, झारखंड प्रदेश के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में जनसंवाद कार्यक्रम किया गया. मौके पर ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा एवं ओबीसी आबादी 60 प्रतिशत से अधिक है फिर भी सामाजिक आर्थिक आधार पर ओबीसी को मात्र 14 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है जो उचित नहीं है. झारखंड में रहने वाले पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर 52 प्रतिशत आरक्षण की मांग के समर्थन की आवाज उठानी जरूरी है. सरकार को पिछला वर्ग के लोगों को सभी क्षेत्रों में आरक्षण लागू करना होगा, चाहे वह सरकारी संस्था हो या गैर सरकारी संस्था.

**समस्या**

### भंडरा के मुख्य रास्तों से 11 हजार लाइन गयी है, हमेशा बना रहता है खतरा

# हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से पक्षियों की हो रही मौत

**खास बातें**

- लाइन को प्लास्टिक कोटेड करवाने की मांग की गई
- ग्रामीणों का आरोप, बिजली विभाग की लापरवाही से मर रहे पंछी

शकील अहमद । भंडरा/ लोहरदगा



भंडरा में ग्यारह हजार विद्युत तार के संपर्क में आने से मृत बेजुबान पक्षी.

जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के मेन रोड होते हुए राइस मिल में जोड़ा गया ग्यारह हजार तार पर आय दिन बेजुबान पंछियों की मौत हो रही है. यहां पर भंडरा के नौडीहा मोड़ में दर्जनों पंछियों की मौत ग्यारह हजार विद्युत तार के संपर्क में आने से हो गई थी. आस पड़ोस के दुकानदारों ने बताया कि ग्यारह हजार तार जो पोल से जोड़ा गया है, वह बहुत नजदीक होने के कारण तार में संपर्क होने से आए दिन पंछियों की मौत हो जाती है. ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही से आए दिन बेजुबान पक्षियों की मौत हो रही है. नौडीहा मोड़ के समीप दुकानदारों ने बताया कि भंडरा के मुख्य रास्तों से 11 हजार लाइन गुजरी हुई है, बताया कि गांव के मुख्य रास्तों से निकल रही बिजली की हाईटेंशन लाइन से बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना रहता है. इस लाइन को प्लास्टिक कोटेड करवाने की मांग भी की गई है. इस लाइन के तारों के चिपकने से कई पक्षियों की अकारण मौत हो चुकी है.

### पंछियों को क्यों लग जाता है करंट

आपने देखा होगा बिजली के तार पर बैठकर पंछी को मौज मस्ती करते लेकिन बिजली के झटके से गिरकर मरे पंछियों पर भी आपकी नजर पड़ी होगी तो यह ख्याल आया होगा कि पक्षियों के साथ वाला सिद्धांत यहां क्यों काम नहीं आया, इसके पीछे का भी वही सिद्धांत है, लेकिन दिक्कत उनकी पोजीशन को लेकर है पंछी को तब-तक करंट नहीं लगेगा, जब-तक वे सर्किट पूरा ना कर लें. दरअसल बड़े पंख होते हैं कई बार गलती से उनके पंख दूसरे तार के संपर्क में आ जाते हैं और ऐसे में सर्किट पूरा हो जाने के कारण उन्हें करंट लग जाता है, बिजली के खंभों के बीच गरम तार के साथ एक ठंडा तार भी गुजरता है इस दौरान गलती से भी उनका पंख ठंडे तार से सट जाए तो उन्हें जोर का झटका लगता है और जिससे पंछियों की मौत हो जाती है.

# चैंबर ने की नगर प्रशासक से मुलाकात

संवाददाता । गुमला



नगर प्रशासक से मुलाकात करते चेंबर के सदस्य.

चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा डीके की अध्यक्षता में चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल गुमला नप के नवनियुक्त प्रशासक संजय मरांडी से मुलाकात की. फूलों का गुच्छा देकर गुमला में उनका स्वागत किया गया. मुलाकात के दौरान शहर की समस्याओं से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई. चेंबर अध्यक्ष ने नगर प्रशासक का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि गुमला के हृदय स्थली टावर चौक में स्थित टावर की स्थिति काफी जर्जर हो गई है. उसका पुनर्निर्माण कराया जाय. वर्षा के कारण सड़कों पर हो रहे जल जमाव के विषय पर भी चर्चा हुई. गुमला के कई मार्गो पर अतिक्रमण से संबंधित भी चर्चा हुई. उसको सुधारने पर भी कार्य करने पर सहमति बनी. पूर्व में जो नगर के चार सड़कों के बारे में आवेदन दिया गया था उससे भी अवगत कराया गया. प्रशासक की तरफ से सभी बिंदुओं पर सकारात्मक आश्वासन मिला. उन्होनें कहा कि 15 अगस्त के बाद एक विधिवत बैठक चेंबर और नगर परिषद के साथ आहूत की जाएगी और सभी बिन्दुओं पर विशेष विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी. मुलाकात करने वालों में चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा के साथ उपाध्यक्ष राजेश सिंह अभिजीत जायसवाल सचिव बबलू बर्मा पी आर ओ प्रणय साहू तथा मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज उपस्थित थे .

## ब्रीफ खबरें

### कांवरियों का स्वागत सबसे बड़ा धर्म : रोशनलाल

**रामगढ़।** बड़कागांव से आये सैकड़ो कांवरियों का दल शनिवार को रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचा. यहां पूजा-अर्चना करने के बाद सभी कांवरिया दामोदर-भैरवी संगम से जल उठा कर बड़कागांव के लिए रवाना हुए. वे सावन की चौथी सोमवारी पर बड़कागांव स्थित बुढ़वा महादेव में जाकर जलाभिषेक करेंगे. इस दौरान सांडी में आजसू पार्टी द्वारा कांवरियों के बीच फल, चना और शर्बत का वितरण किया गया. आजसू के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने कहा कि कांवरियों का स्वागय करना सबसे बड़ा धर्म है.

### कांवरियों के बीच चना-शर्बत बांटा

**रामगढ़।** जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य व समाजसेवी पंकज महतो के नेतृत्व में शनिवार को कावरियों के बीच चना और शर्बत वितरण किया गया. पंकज महतो ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा से हजारों की संख्या में कावरिया पैदल यात्रा कर रजरप्पा मंदिर के भैरवी नदी से जल उठाकर बुढ़वा महादेव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे. कार्यक्रम में लीलावती महतो, रमेश कुमार महतो, पवन कुमार महतो, प्रभु दयाल महतो, भवानी महतो, कुलदीप महतो, लक्ष्मण महतो, विनोद महतो, रणविजय महतो के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद थे.

### दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**केरेडारी।** थाना क्षेत्र में एनटीपीसी सीकरी साइट कार्यालय के समीप गर्री कलां के पास दिन शुक्रवार रात बाइक सवार ने सड़क किनारे गिरे पेड़ में टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान बारियातु पंचायत के गर्री खुर्द निवासी स्व कीर्तन सोनी के पुत्र पिंटू सोनी उर्फ टुनटुन सोनी के रूप में हुई है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं, शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को बीच सड़क में रख कर मुख्य सड़क को जाम कर दिया.

### मड़मो में हाथियों ने दर्जनभर घर तोड़ डाले

**विष्णुगढ़।** प्रखंड अंतर्गत मडमो गांव में शनिवार तड़के तीन बजे जंगली हाथियों का झुंड पहुंच गया. उस वक्त ज्यादातर ग्रामीण रहे थे. गांव में उत्पात मचाने के बाद हाथी दिन में मड़मो जंगल की ओर चले गये थे. 35 से 40 के झुंड में मड़मो पहुंचे हाथियों ने जीवाधन महतो, हरि महतो, टेकोचंद महतो, संजय महतो, हुलाश महतो, पुनित महतो, सुखदेव महतो, महेंद्र तुरी, रामेश्वर तुरी, पैरो तुरी, दशरथ तुरी और जागनी देवी के घरों तथा फसलों को क्षति पहुंचाई है. घरों में रखे अनाज भी चट कर गए.

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ

**चौपारण।** फाइलेरिया उन्मूलन के तहत एमडीए/आईडीए 2024 कार्यक्रम का शुभारम्भ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ भुनेश्वर गोप एवं वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारी योगेन्द्र सिंह ने दवा सेवन कर किया. 10 से 25 अगस्त तक चौपारण प्रखंड अंतर्गत कुल 2,06603 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु 504 कार्यकर्ता एवं 54 पर्यवेक्षकों को लगाया गया है. इस कड़ी में शनिवार को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में फाइलेरिया रोधी दवा अलबेन्डाजोल, डीइसी एव ईवरमेक्टिन का लोगों को सेवन करवाया गया.

---

रजडेरवा जंगल में पेड़ों के बिना वीराना गिने-चुने खड़े हैं पेड़

# वन विभाग ने जमीन से पांच गुना ज्यादा पौधे लगाए, फिर भी जंगल परती

**खास बातें**

- वन विभाग ने लीज पर ग्रामीणों को दे रखी है खाली जमीन
- खाली जमीन पर ग्रामीण कर रहे खेती, शेष क्षेत्र में झाड़ियां

**रंजना कुमारी। हजारीबाग**

शुभम संदेश पड़ताल



बड़े-बड़े झाड़ से अच्छादित इचाक प्रखंड क्षेत्र स्थित रजडेरवा जंगल.

सरकार पौधा को मां का दर्जा दे रखा है. पर्यावरण संरक्षण के लिए परती जमीन पर पौधे लगाए जा रहे हैं. नेता, मंत्री, समाजसेवी, स्कूली छात्र के अलावे जिला के बड़े-बड़े अधिकारी भी पेड़ लगा रहे हैं. दूसरी ओर वन विभाग सरकार के सपने को तार-तार कर रही है. वन विभाग के पास जितनी जमीन है, उससे कई गुना अधिक पिछले पांच साल में पौधा लगाने का दावा कर रही है. लेकिन, जमीनी हकीकत ठीक उलट है. ये पौधे जमीन पर कम और कागज पर ज्यादा लगाए गए हैं.

### अरबों खर्च करने के बाद भी परती पड़ी हुई है जमीन

दरअसल, यह मामला जिले के इचाक प्रखंड स्थित रजडेरवा वन क्षेत्र का है. यह स्थल प्रखंड मुख्यालय से 10 से 15 किलोमीटर दूर नेशनल पार्क के नाम से जाना जाना है. इसका वन क्षेत्र इचाक, पदमा और चौपारण प्रखंड के अलावा बिहार के सीमावर्ती जिला गढ़वा तक फैला हुआ है. सरकार हर साल रजडेरवा वन क्षेत्र के सुंदरीकरण और पौधरोपण के नाम पर अरबों रुपये खर्च करती है. लेकिन इस क्षेत्र पर हजारों एकड़ जमीन परती पड़ी हुई है. उस जमीन पर कोई नया पेड़ नहीं दिखता है. कुछ पुराने गिने चुने पेड़ खड़े हैं, वन विभाग की हजारों एकड़ जमीन धीरे-धीरे घनी झाड़ियां से अच्दादित होती जा रही हैं. वहीं, कुछ जमीन पर भू-माफिया इस जमीन पर कब्जा करने लगे हैं.

### वन क्षेत्र में पहले से लगे पेड़ माफिया काट कर ले गये

इस संबंध में आसपास के गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि 15 साल पहले वन विभाग की जमीन पर बड़े-बड़े पेड़ हुआ करता था. इनमें सिमर, सखुआ, खैर, बांस के अलावा कई फलदार वृक्ष होते थे. लेकिन, माफिया सभी पेड़ काट कर ले गए. फिर इस स्थल पर आज तक वन विभाग ने न तो कोई पेड़ लगाया और न ही बचे हुए पेड़ों को बचाने का प्रयास किया गया. अब तो वन विभाग की खाली जमीन पर खुलेआम खेती की जा रही है. विभाग ने ही ग्रामीणों को लीज पर जमीन दे रखा है. इस संबंध में वन विभाग के उच्च अधिकारी के मोबाइल पर संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया.

**पौधे कहां लगाए गए, जिम्मेदारों को जानकारी ही नहीं**

वन विभाग द्वारा क्षेत्र में लगाए गए पौधे कहां हैं, इसकी जानकारी किसी भी जिम्मेदार को नहीं है. उच्च अधिकारी एवं नेता-मंत्री ने कभी क्षेत्र का निरीक्षण तक नहीं कियास. यही कारण है कि वन विभाग के कर्मी और अधिकारी बेफिक्र होकर अपने घर में आराम फरमा रहे हैं. लगातार न्यूज नेटवर्क की टीम ने गुरुवार और शुक्रवार, दोनों दिन वन विभाग की परती जमीन का जायजा लिया. इस क्रम में पाया कि रजडेरवा वन क्षेत्र के गोबरदहा, घोड़ाटपा, चरका पत्थर, दोमुहवा नदी, चीपवा आम, बांछाआम सहित कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां हजारों एकड़ जमीन खाली पड़ी हुई है. इस जमीन पर पर अब बड़े-बड़े झाड़ उग आए हैं.

---

संभावित उम्मीदवारों से मोटी रकम वसूलने में जुट गये हैं पार्टी के नेताजी

# विधानसभा का टिकट दिलाने के नाम पर वसूली का खेल शुरू

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**

झारखंड में दो-तीन महीने बाद विधानसभा का चुनाव होनेवाला है. अपने-अपने क्षेत्र में नेता टिकट के लिए दावेदारी पेश करने में जुट गए है. इस बीच टिकट दिलाने के नाम पर वसूली का खेल भी शुरू हो गया है. विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर संभावित उम्मीदवार क्षेत्र का भ्रमण करते देखे जा रहे हैं. पिछले कई सालों से अपनी पार्टी का झंडा ढोनेवाले नेताओं को हर चुनाव की तरह इस बार भी होनेवाले चुनाव में उम्मीद है कि पार्टी उनपर भरोसा जताएगी. इसके लिए वह अब क्षेत्र की जनता के बीच ज्यादा दिख रहे हैं. ताकि, जब टिकट बंटवारा हो, तो रिपोर्ट कार्ड में उनकी दावेदारी मजबूत रहे.

दूसरी ओर एक सच्चाई यह भी है कि जनहित के लिए काम करनेवाले नेताओं से ज्यादा पूछ उन नेताओं की होती है, जो पार्टी हित में ज्यादा काम करते हैं. हालांकि, टिकट किसे मिलेगा, यह सब राज्य और केंद्रीय आलाकमान पर निर्भर करता है. लेकिन, टिकट बंटवारे से पूर्व पार्टी के जिला से लेकर राज्य स्तर के वरीय पार्टी पदाधिकारी वसूली के फिराक में अपने चहेते उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारना चाहते हैं. इसके लिए संभावित उम्मीदवारों से मोटी रकम भी ली जाती है. वहीं, उम्मीदवार को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं में ही आपस में मतभेद शुरू हो जाता है. यही कारण है पार्टी का एक धड़ा अपने ही पार्टी के उम्मीदवार को हराने की कोशिश में जुट जाता है.

**विधायक बनाने का दावा कर कर्ज माफ करवा लिए नेताजी :** एक पार्टी में ऊंचे पद पर काबिज नेता हजारीबाग सदर विधानासभा क्षेत्र से एक नये चेहरा को विधानसभा का टिकट दिलाने का दावा कर रहे हैं. हालांकि, अंदरखाने इस बात की भी खूब चर्चा है कि नेताजी इस नए उम्मीदवार के परिवार से लगभग 20 से 25 लाख रुपया का समान उधार लिए थे. अब बकाया वापस न करना पड़े, इसलिए उस परिवार से एक सदस्य को विधायक बना देने का ही वादा कर दिए. अब उनलोगों के पैसे से ही वरिष्ठ नेताजी आलाकमान के पास अपना चेहरा चमका रहे हैं. वहीं, उस नया चेहरा को यह तक पता नहीं है कि हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में कितने प्रखंड और कितने पंचायत हैं.




### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने अपने जिला प्रभारी पर ही निशाना साधा

टिकट दिलाने के नाम पर वसूली के खेल को लेकर एक कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सीनेट सदस्य जमुना यादव ने अपने 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किया है. उन्होंने लिखा है कि लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन में हजारीबाग और चतरा में प्रदेश स्तर के नेताओं ने धन के लालच में चतरा में डमी कैंडिडेट और हजारीबाग में भाजपा के विधायक को टिकट दिलाने में सफलता पाई और दोनों जगह पार्टी की हार हुई. इस खेल में जिला के प्रभारी ने भी खेल किया है.

### हजारीबाग सदर विस में हर पार्टी के एक दर्जन से ज्यादा उम्मीदवार

हजारीबाग सदर विधानसभा की बात करें, तो विधानसभा चुनाव में इस सीट के लिए हर मुख्य राजनीतिक पार्टी में एक दर्जन से ज्यादा उम्मीदवार हैं. इसमें कई ऐसे भी हैं, जो न कभी जनता के बीच में दिखे और न ही पार्टी के लिए वैसा काम किया है. वह केवल कमाए हुए धन पर विधानसभा का टिकट खरीदने की जुगाड़ में रहते हैं. वहीं धन वूसली की फिराक में पार्टी के कई उच्च पदाधिकारी की पहली पसंद भी वैसे ही नेता हैं. उन्हें टिकट दिलाने के लिए भी अभी से ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के पास जोर आजमाइश शुरू कर चुके हैं. अपने चहेते उम्मीदवार को आश्वासन दे रहे हैं और मोटी रकम की मांग कर रहे हैं.

**क्या कहती है आम जनता**

हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जो उम्मीदवार पैसा देकर टिकट खरीदता है, वह जनहित के लिए काम नहीं कर सकता. वह सिर्फ टिकट खरीदने में दी गयी राशि की रिकवरी के प्रयास में ही लगा रहता है. ऐसे में क्षेत्र का विकास नहीं हो पाता है और जनता के प्रति उन जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं होता है. वहीं, अगर ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार को बिना डोनेशन के टिकट मिलती है, तो वह नेता क्षेत्र में जरूर काम करेगा और वह क्षेत्र का विकास भी करेगा. लेकिन, पार्टी ऐसे लोगों को टिकट नहीं देती है और बड़े-बड़े धनी व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें टिकट दे देती है.

---

### मनरेगाकर्मियों की हड़ताल 20वें दिन भी जारी

**रामगढ़।** मनरेगा कर्मियों की हड़ताल पिछले 20 दिनों से लगातार जारी है. इसके कारण जिले में मनरेगा का काम पूरी तरह से ठप है. झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के जिला सचिव कुमार विवेक सिंह ने कहा कि मनरेगा कर्मी लगातार अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करते आ रहे हैं, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है. सत्ता में आने के पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मनरेगा कर्मियों की मांग को जायज बता रहे थे. इसे लागू करने की बात कर रहे थे. लेकिन, साढ़े चार साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं कर रही है. हमें अनदेखा किया जा रहा है. उन्होंने आगे कहा कि जबतक हमारी मांगो को पूरा नही किया जाएगा, तब तक हड़ताल जारी रहेगा. मौके पर सुमित कुमार, राजेश कुमार दास, दिलदार महतो, प्रसादी महतो, राज कपूर राम, इकराम उल हक, विनोद कुमार, रंजीत कुमार, रोहित कुमार, महेश प्रसाद, खुर्शीद आलम, खगेश कुमार, ललित राम, शत्रुघ्न सिन्हा, हसीब अंसारी सहित कई मनरेगा कर्मी मौजूद थे.

---

# खदान हादसे में मृत मजदूरों के परिजन से मिलीं बीडीओ



मृतक समसुद्दीन के परिजन से बात करतीं चौपारण बीडीओ सीमा कुमारी.

- डेबो पंचायत क्षेत्र में बन रहे अबुआ आवास की जांच की
- सीएम मंईयां सम्मान योजना शिविर का निरीक्षण किया

**संवाददाता। चौपारण**

प्रखंड के डेबो पंचायत के रेनबो करमा में हुए खादान हादसे में दो मजदूर मृतक मनोज भुइयां और समसुद्दीन अंसारी की मौत हो गयी थी. बीडीओ सीमा कुमारी ने शनिवार को रेम्बो करमा स्थित दोनों मृतकों के घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की. मृतक समसुद्दीन का घर मिट्टी का पाया. परिजनों ने बताया कि अबुआ आवास की सूची में नाम है, पर आवास नहीं मिला है. बीडीओ ने जल्द ही अबुआ आवास दिलाने का आश्वासन दिया.

इसके बाद पंचायत क्षेत्र में बन रहे विभिन्न अबुआ आवास की बीडीओ ने जांच की. उन्होंने लाभुकों से आवास की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं करने की बात कही. इसके बाद डेबो पंचायत के पंचायत भवन में झारखंड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना को लेकर लगे शिविर का भी औचक निरीक्षण किया. यहां योजना का 100 से अधिक आवेदन जमा हुआ था. बीडीओ ने मुखिया प्रतिनिधि मोहन साव को इसमें तेजी लाने को कहा. बीडीओ ने बेलाही, बच्छई व सिंघरावा पंचायत में भी बन रहे अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना शिविर का निरीक्षण किया.

---

डॉ सुशील सिंह के मार्गदर्शन में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा अस्पताल

# सिंघरांवा में मंगलम हॉस्पिटल का उद्घाटन

**संवाददता। चौपारण**

प्रखंड के सिंघरांवा में उच्च श्रेणी की व्यवस्था से सुसज्जित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए शनिवार को मंगलम हॉस्पिटल का उद्घाटन किया गया. मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज यादव ने इसका शुभारंभ किया. इसके पूर्व हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ सुशील सिंह, डॉ साधना सिंह आदि ने पूजा-अर्चना की. अस्पताल के बारे में जानकारी देते हुए संस्थापक तथा रिम्स में कार्यरत सर्जन डॉ सुशील सिंह ने बताया कि चौपारण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा में काफी कमी थी.



चौपारण के सिंघरांवा में मंगलम अस्पताल का उद्घाटन करते अतिथि.

अब सिंघरांवा में रांची के दर्जनभर बेहतरीन चिकित्सक सेवा देंगे. इनमें उनके अलावा डॉ विवेक कुमार व डॉ बिजय आनंद 24×7 सेवा देंगे. वहीं डॉ पल्लवी सिंह, डॉ रवि रंजन, डॉ आशीष पाल, डॉ विनीत मिश्रा, डॉ साधना सिंह, डॉ नम्रता उपाध्याय, डॉ सुभाष आदि ऑन कॉल रांची से आकर सेवा देंगे. उन्होंने बताया कि इस अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस छह बेड का आईसीयू यूनिट तैयार की गई है. कुल 20 बेड से अभी शुरुआत की गई है. वहीं पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि शहरों से निकल कर गांव में सेवा देना अच्छी पहल है. मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, राजदेव यादव, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, जिप सदस्य राकेश रंजन, मुखिया संतोष सिंह, मुखिया रेखा देवी सहित कई गणमान्य मौजूद थे.

---

# एक प्रतिष्ठित स्कूल में छेड़छाड़ के मामले में चालक सस्पेंड!

- स्कूल की प्रभारी प्राचार्य किसी को नहीं दे रही हैं जानकारी
- कर्मियों को भी मना किया, अंदरखाने खूब पक रही खिचड़ी

**संवाददाता। हजारीबाग**

जिले में स्थापित झारखंड के एक बड़े और प्रतिष्ठित सरकारी गर्ल्स स्कूल में छात्रा से छेड़छाड़ की चर्चा है. स्कूल की प्रभारी प्राचार्य सह उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की एक बड़ी अधिकारी द्वारा जांच के क्रम में उस स्कूल के आरोपी चालक को सस्पेंड करने की बात भी सामने आ रही है. हालांकि, पुष्टि के लिए प्राचार्य को फोन किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया.

ऐसे में इस बात की खूब चर्चा हो रही है कि अधिकारी सही खबर देना नहीं चाह रही हैं. आखिर मीडिया से जानकारी क्यों छिपाई जा रही है, यह बड़ा सवाल है. चर्चा यह भी है कि अधिकारी खुद ही उस स्कूल की प्राचार्य हैं और छात्राओं की सुरक्षा के सवाल पर खुद की गर्दन को बचाने की फिराक में हैं. वैसे भी वह अधिकारी अधिकांशतः मीडिया से बात नहीं करती हैं और ऑफिस के कर्मियों को भी सख्ती से मना कर रखा है. अंदरखाने स्कूल में उनकी मनमानी की भी की चर्चा है.

### एनटीपीसी टंडवा में काम के दौरान मजदूर की मौत

**केरेडारी।** एनटीपीसी की टंडवा परियोजना अंतर्गत केसीपीएल कंपनी में कार्यरत मजदूर की काम के दौरान दुर्घटना में मौत हो गई. मृतक की पहचान केरेडारी निवासी कृष्णा पासवान के रूप में हुई. घटना की सूचना पर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद मौके पर पहुंचीं और कंपनी के अधिकारियों से वार्ता की, जिसके बाद मृतक के परिजन को 18 लाख, इंश्योरेंस के करीब 11 लाख और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने पर सहमति बनी. कंपनी प्रबंधन ने तत्काल एक लाख रुपया दिया. मौके उप प्रमुख अमेरिका महतो, जिप सदस्य प्रतिनिधि प्रीतम सिंह, कंपनी के अधिकारी सहित एवं ग्रामीण मौजूद थे.

---

लेवी को लेकर सड़क निर्माण में लगे मजदूरों से मारपीट मामले में कार्रवाई

# पांडेय गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार

- 31 जुलाई को पांच अपराधियों ने पटेल नगर में की थी मारपीट
- अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

**संवाददाता। रामगढ़**

भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के पटेल नगर में पीसीसी पथ निर्माण कार्य में रंगदारी मांगने और मजदूरों के साथ मारपीट कर काम बंद करवाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है. आरोपी की पहचान भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के जयनगर सौंदा-डी निवासी आलोक राज (19) के रूप में हुई है. पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है. वहीं मामले में शामिल एक अभियुक्त आनंद तुरी को गिद्दी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. वहीं, अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.



कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते रामगढ़ एसपी अजय कुमार.

रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी. उन्होंने बताया कि बीते 31 जुलाई को पांच अभियुक्त ने भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के पटेल नगर में हो रहे पीसीसी सड़क निर्माण में लगे मजदूरों के साथ मारपीट की थी और निर्माण कार्य को भी रोक दिया था. इस संबंध में पतरातू थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी. कांड के उद्भेदन और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था. टीम ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर इस घटना में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. पूछताछ में दोनों ने घटना में संलिप्त अपने अन्य साथियों का नाम और पता बताया है. यह अपराधी सभी पांडे गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं.

छापेमारी दल में पतरातू एसडीपीओं के अलावा पतरातू सर्किल इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, दारोगा निर्भय कुमार गुप्ता, अविनाश कुमार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे.

---

**ग्राम सभा** विस्थापितों के पुनर्वास के लिए चंदौल गांव में 161.99 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा

# गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत बनाई जाएगी पुनर्वास कॉलोनी

- ग्रामीणों ने पुनर्वास कॉलोनी के निर्माण के लिए सहमति दी
- पंचायत भवन में ग्राम सभा के दौरान 14 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**संवाददाता। बड़कागांव**

कोयला मंत्रालय द्वारा अडाणी इंटरप्राइजेज को आवंटित गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत बनने वाले पुनर्वास कॉलोनी के निर्माण के लिए शनिवार को चंदौल स्थित पंचायत भवन में मुखिया प्रतिनिधि सनित कुमार महतो की अध्यक्षता में ग्राम सभा हुई. इस दौरान बड़कागांव के अंचल अधिकारी बालेश्वर राम की मौजूदगी में क्रेडल (सेंटर फॉर एडवांसिंग एन्ड लॉन्चिंग एंटरप्राइजेज) एजेंसी के सलाहकारों ने ग्रामीणों को सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन (एसआईए) की रिपोर्ट के बारे में विस्तार से बताया.



गोंदलपुरा खनन परियोजना के अधिकारियों को मांग पत्र सौंपते ग्रामीण

अधिकारियों ने बताया कि कोयला खनन परियोजना से होने वाले भू-अर्जन के कारण जो परिवार विस्थापित होंगे, उनके पुनर्वास के लिए चंदौल गांव में 161.99 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाना है. यह योजना भू अर्जन और पुनर्वासन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा चार के प्रावधानों के अधीन है. इससे संबंधित अध्ययन रिपोर्ट को ग्राम सभा के दौरान पटल पर रखा गया और ग्रामीणों से राय ली गयी. ग्रामीणों ने भी पुनर्वास कॉलोनी बनाने का पुरजोर समर्थन किया और अपनी 14 सूत्री मांग पत्र को पढ़ कर अधिकारियों को सुनाने के बाद सौंप दिया. अधिकारियों ने सभी ग्रामीणों के मंतव्य को सुना और निवेदनों को दर्ज किया. ग्राम सभा में उपमुखिया मो शमशेर आलम समेत अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे.

### परियोजना शुरू होने से रोजगार के अवसर मिलेंगे

खान विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अडाणी इंटरप्राइजेज के गोंदलपुरा खनन परियोजना के शुरू होने से राज्य सरकार को करीब 600 करोड़ रुपये का सालाना राजस्व मिलेगा, जिससे यहां का अर्थतंत्र मजबूत होगा. इसके अलावा हजारीबाग जिले में पांच से 10 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी मिलेंगे. यहां कोयला खनन शुरू होने से अवैध कोयले की तस्करी पर भी लगाम लगेगी, जिस कारण एक ओर सरकार को राजस्व में भारी फायदा मिलेगा. वहीं जनहित के कार्यक्रमों में भी तेजी आएगी. उल्लेखनीय है कि झारखंड देश के प्रमुख कोयला उत्पादक राज्यों में से एक है.

---

सामाजिक दायित्व के तहत केरेडारी परियोजना की सराहनीय पहल

# 119 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग बांटे

**संवाददाता। केरेडारी**

एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना में कार्य कर रही बीजीआर कंपनी ने सीएसआर मद से परियोजना प्रभावित कोदवे गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के 119 छात्र-छात्राओं के बीच स्कूल बैग व नोट बुक का वितरण किया. बीजीआर कंपनी के जीएम श्रीनिवास राव, विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक पूनम कुमारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि व कंपनी के अन्य अधिकारियों ने बच्चों को पाठ्य सामग्रियां बांटी.



इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए श्रीनिवास राव ने कहा कि हमारा काम सिर्फ कोयले का खनन करना ही नहीं, बल्कि परियोजना प्रभावित क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करना भी है. इसी के तहत स्कूल बैग व नोट बुक का वितरण किया जा रहा है. आने वाले समय में एक सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा, जिसका सीधा लाभ स्थानीय भू-रैयतों को मिलेगा. प्रधानाध्यापिका पूनम कुमारी ने कंपनी के इस कदम को अत्यंत सराहनीय बताया. उन्होंने विद्यालय में शौचालय की समस्या से जीएम को अवगत कराया, जिसपर जीएम ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया. मौके पर बीजीआर कंपनी से त्यागराजन, फैज अहमद, रामशास्त्री, विजय तिवारी, प्रवीण झा, संदीप मिश्रा, शिक्षकों में अमृत महतो, महेश कुमार, इंजरी कुमारी, कांति कुमारी, सुनीता कुमारी और प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रदीप महतो समेत कई लोग मौजूद थे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** जीवनसाथी से व्यापार के लिए अच्छा आइडिया मिलेगा, पर बड़ा निर्णय सोच विचार कर ही करें. व्यापार के लिए स्थिति सुखद रहेगी. बहन का सहयोग मिलेगा. रिश्तों में मधुरता आएगी. जीवनसाथी का सहयोग और सांनिध्य मिलेगा.

**वृषभ** समय सामान्य है. अनिद्रा की शिकायत हो सकती है. साथ ही मौसमी रोग से बचें. आमोद-प्रमोद का अवसर प्राप्त होगा. भागदौड़ रहेगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी. चींटी को चीनी सफेद तिल और चावल मिला कर दें.

**मिथुन** पुराना मित्र से मुलाकात होगा. साथ ही तो शिक्षा में विशेष लाभ होगा. आपके प्रयास से रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे. पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. रिश्तों में मधुरता आएगी. किसीर बड़े कार्य को लेकर भागदौड़ रहेगी.

**कर्क** कुछ मानसिक तनाव हो सकता है. साथ ही किसी से विवाद हो सकता है. धन की स्थिति सुखद रहेगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी. संतान के दायित्व की पूर्ति होगी. भागदौड़ की स्थिति सुखद रहेगी, पर गुरु भाग्य का साथ देगा.

**सिंह** किसी से विवाद हो सकता है. यदि हो सके तो आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं. कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा प्रभावित हो. किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा. किसी गरीब को अन्न का दान करें.

**कन्या** पैतृक संपत्ति और कृषि कार्य से लाभ होगा. खर्च पर नियंत्रण करें. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. शासन सत्ता का सहयोग रहेगा. शिवलिंग पर दूध अर्पण करें.

**तुला** कुछ तनाव को छोड़ दिया जाय तो मानसिक और शारिरिक सुख मिलेगा. जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी. संबंधों में निकटता आएगी. गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी, लेकिन जीवनसाथी से तनाव मिल सकता है.

**वृश्चिक** बाहर में पूछ परख बढ़ेगी. खर्च में वृद्धि होगा. पारिवारिक जीवन सुखमय होगा. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी. हनुमानजी का पूजन करें.

**धनु** समय बहुत ही अनुकूल है. आय का नया मार्ग मिलेगा. पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी. उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. आपके मेहनत और ईमानदारी से आर्थिक पक्ष मजबूत होगा.

**मकर** पिता के कार्य से लाभ होगा. साथ ही उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी. रिश्तों में मजबूती आएगी. दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा. पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. काला कपड़ा और जूता किसी गरीब को दे. अन्न दान करें.

**कुंभ** कोई धार्मिक यात्रा का योग है. आलस का त्याग करें. शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल होंगे. सुखद समाचार मिलेगा. व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी. आर्थिक पक्ष मजबूत होगा. किसी वृद्ध की सेवा से बिगड़ा कार्य बनेगा.

**मीन** पुराना बीमारी का भय सताएगा. मित्र से सहयोग होगा. आपके अथक प्रयास से अपनों से रिश्तों में मधुरता आएगी. राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी. स्वास्थ्य एवं प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहें. कार्य होगा जिसके लाभ भी मिलेगा.

## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने केंद्रीय रक्षा मंत्री से की मुलाकात



रक्षा मंत्री को प्रतीक चिह्न देते राज्यपाल संतोष गंगवार

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार इस समय नयी दिल्ली में हैं. यहां उन्होंने शनिवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की. साथ ही संतोष गंगवार ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी भेंट की. राज्यपाल ने दोनों केंद्रीय मंत्रियों को गुलदस्ता भेंट किया. इस दौरान राज्यपाल ने राजनाथ सिंह और शिवराज सिंह चौहान से कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की. राजभवन ने इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है.

## चतरा के नए सिविल सर्जन डॉ दिनेश प्रसाद ने पदभार संभाला



पदभार ग्रहण करते नवागत सीएस.

**चतरा।** जिले के नए सिविल सर्जन डॉ दिनेश प्रसाद ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया . इस दौरान निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद ने उन्हें विधिवत पदभार सौंपा. पदभार सिविल सर्जन डॉ दिनेश प्रसाद ने कहा लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी. इस दौरान उन्होंने आगे कहा कि जिले में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम के विरूद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा. लोगो से नए सिविल सर्जन ने अपील किया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में यदि किसी तरह कि परेशानी होगी तो सीधे उनसे मिलकर अपनी समस्याएं रख सकते हैं उनके समस्या का समाधान किया जायेगा.

## चौकीदार बहाली में क्षेत्रीय भाषा को शामिल करने की मांग, ज्ञापन सौंपा



**लातेहार।** जिले में चौकीदार बहाली में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा में हिन्दी अंग्रेजी, मगही को शामिल करने की मांग को ले कर एक ज्ञापन उपायुक्त को स्थानीय युवकों ने सौंपा है. आयुक्त के सचिव, पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर के पत्रांक 302 दिनांक 10 जुलाई के द्वारा लातेहार जिला के विभिन्न प्रखंडों कुल 200 चौकीदार बहाली के लिए विज्ञापन निकला गया है. लेकिन विज्ञापन में क्षेत्रीय भाषा में ऐसी भाषाओं को शामिल किया गया है जो लातेहार में नहीं बोला जाता है या फिर सीमित क्षेत्रों में बोला जाता है. युवकों ने चौकीदार बहाली में क्षेत्रीय व जनजातीय भाषा में हिन्दी, मगही, अंग्रेजी को शामिल करने की मांग की है.

# गीता कोड़ा ने किया घंटा बजाओ-सरकार जगाओ आंदोलन का ऐलान

संवाददाता। किरीबुरु

भारतीय जनता पार्टी ने पूरे कोल्हान समेत झारखंड में प्रदेश सरकार के खिलाफ घंटा बजाओ, सरकार जगाओ नाम से बड़ा आंदोलन छेड़ने संबंधित पोस्टर जारी किया है. पूर्व सांसद गीता कोड़ा की ओर से जारी इस पोस्टर में राज्य के तमाम पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं से इस अभियान से जुड़ने की अपील की गई है. भारतीय जनता पार्टी पढ़े लिखे छात्र छात्राओं को नौकरी व बेरोजगारी भत्ता दिलाने के लिए संघर्ष करने तथा वादा खिलाफी पर हेमंत सरकार के खिलाफ जन आंदोलन चला कर हेमंत सरकार को हटाने के लिए 17 अगस्त को जगन्नाथपुर अनुमंडल कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर अनुमंडल अधिकारी के माध्यम से हेमंत सरकार को चुनावी वादा से संबंधित मांग पत्र सौंपेगी.




पूर्व सांसद गीचा कोड़ा द्वारा जारी पोस्टर.

पोस्टर में कहा गया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि अगर हमारी सरकार बनती है तो आने वाले दो वर्षों के अंदर 5 लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी. अगर नौकरी नहीं दी गई तो बेरोजगार स्नातक छात्रों को 5000 रुपये और स्नातकोत्तर छात्रों को 7000 रुपये भत्ता दिया जायेगा. इस वायदे के झांसे में आकर पढ़े लिखे छात्र-छात्राओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं कांग्रेस को वोट देकर प्रदेश में हेमंत सोरेन की सरकार को बनाया. इसी उम्मीद में राज्य के विभिन्न एम्पलॉयमेंट एक्सचेंज में 6.5 लाख पढ़े-लिखे छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया, जिसमें केवल पश्चिम सिंहभूम जिला में ही 16000 शिक्षित बेरोजगारों ने रजिस्ट्रेशन कराये हैं. लेकिन हेमंत सरकार के पांच वर्ष पूरा होने को है पर आज भी नौजवान छात्र छात्राओं को नौकरी और बेरोजगारी भत्ता नहीं मिल रहा है. इससे छात्र हताश और निराश हैं.

### खास बातें

- पोस्टर जारी कर शिक्षित बेरोजगारों से अभियान से जुड़ने की अपील
- 17 अगस्त को जगन्नाथपुर अनुमंडल कार्यालय के समक्ष धरना- प्रदर्शन

## कान्हाचट्टी में खेलो झारखंड अभियान शुरू

**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखंड मुख्यालय में खेलो झारखंड के तत्वावधान में आयोजित खेल कार्यक्रम के उद्घाटन में जिप उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी शामिल हुए. इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी भी मौजूद थे. गांवों की प्रतिभा को मंच पर लाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में सुदूर गांवों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया. इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने फीता काटकर एवं गेंद को किक मारकर प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. इस दौरान 100, 200 और 800 मीटर दौड़ का भी आयोजन किया गया.

### सरकार और विभाग के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत

# मध्य विद्यालय के शिक्षकों ने काला बिल्ला लगा काम किया

- शिक्षकों का आह्वान लंबित मांगों की पूर्ति नहीं तो आमरण अनशन को होंगे बाध्य

संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ, झारखंड प्रदेश के महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह के आह्वान पर जिले के सरकारी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समेत अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षकों ने सरकार के उदासीन रवैया के खिलाफ अपने अपने विद्यालय में शनिवार को काला बिल्ला लगाया. इसके तहत सांकेतिक विरोध दर्ज करते हुए विद्यालय में पठन पाठन करते हुए कार्य किया. मालूम हो कि पूर्व में संघ के राज्य स्तरीय बैठक कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय की अध्यक्षता में हुई थी. इसमें संघ के पदधारियों ने निर्णय लिया की यदि सरकार विद्यालय और शिक्षक हित में तीन प्रमुख मांगो को ज्ञापन के माध्यम से सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया था. किंतु समाधान के लिए कार्य नहीं हुए. इस कारण शनिवार को जिले के तमाम माध्यमिक शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य करते हुए सरकार और विभाग के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत की है. उन्होंने कहा कि यदि सरकार इन प्रमुख मांगो पर उचित निर्णय नहीं लेती हैं तो आनेवाले समय में शिक्षक धरना प्रदर्शन और आमरण अनशन का करने को बाध्य होंगे. संघ के प्रमंडलीय सचिव कुर्बान अली ने रांची, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, खूंटी जिलों के अध्यक्ष और सचिव को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया. संघ के जिला अध्यक्ष सफदर इमाम और सचिव मुकेश कुमार सिंह ने एकदिवसीय सांकेतिक विरोध के कार्यक्रम की सफलता पर शिक्षकों के अपार समर्थन और प्रतिबद्धता के प्रति आभार प्रकट किया.

आंदोलन को सफल बनाने में जिला संघ के प्रमुख पदाधिकारी मोहनलाल महतो, भावेश चंद्र महतो, महफिल अंसारी, आनन्द मिंज, प्रेम साहू, अनिल नाथ साहदेव ,तरुण कुजूर,समीर हजाम,ज्योति कुमारी, अद्वैत चैतन्य, अभिलाषा कुमारी, अनिता कुमारी, सुनिला रोजी बाखला,अनिल कुमार, विवेक कुमार, तरुण नाग, ओम प्रकाश पाठक,रंगेश शेखर, मंजुला एक्का,यशपाल महतो, प्रवीण प्रसाद, चंद्रशेखर पांडेय,राजेश नंद , सुरेश चंद्र महतो, इफ्तेखार आलम ,आश्रित खाखा, मारिया पूनम कुजूर ,स्वेता जायसवाल , अहमद अहसन बेलाली एवं जिला कार्यकारिणी के कई सदस्य शामिल हैं. कहा गया कि माध्यमिक संवर्ग में वर्षों से लंबित समस्याओं के निराकरण को लेकर सरकार निर्णय नहीं लेती हैं तो शिक्षक आंदोलन को मजबूर होंगे.





### क्या हैं माध्यमिक शिक्षकों की मांगें

- राज्य के अन्य कर्मियों की तरह ही सरकारी शिक्षकों को भी एमएसीपी लागू नहीं करे सरकरा
- राज्य में माध्यमिक विद्यालय में वर्षों से रिक्त पड़े प्रधानाध्यापक के पदों को सीधी और वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों के वरीयता के आधार पर भरें
- सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय में पदस्थापन के लिए चल रही अव्यावहारिक प्रक्रिया को बंद करें

## उठाए सवाल-कूप तो मिला, पर यह धंस जाए तो दोषी कौन?

- शुभम संदेश में छपी खबर को एचआरएसओ ने किया शेयर

**रांची।** शुभम संदेश अखबार के पलामू संस्करण में बीते नौ अगस्त को छपी खबर- अफसर और कर्मी मनरेगा योजना में कर रहे मनमानी का खासा प्रभाव दिखा है. ह्यूमन राइट्स सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन (एचआरएसओ-झारखंड) ने खबर को एक्स पर शेयर किया है. पोस्ट को चंपई सोरेन, झारखंड सीएमओ, डीसी पलामू, पीआरडी झारखंड को टैग भी किया गया है. साथ ही सवाल भी उठाया गया है कि सिंचाई कूप मिला तो जरूर, लेकिन इसका क्या फायदा जब कूप धंस जाए या मिट्टी भरक जाए. ऐसे में दोषी कौन हैं? मनरेगा इसलिए है कि गांव तक के अंतिम व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके, पर मनमानी आज भी जारी है. इसकी जांच की मांग भी की गयी है.


Post
HUMAN RIGHTS SAFETY ORGANITION
अफसर और कर्मी मनरेगा योजना में कर रहे मनमानी

### पेज एक का शेष

## कलाकारों के लिए बनाएंगे ...

**अतिथियों ने उठाया सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित सभी अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया तथा झारखंड एवं अन्य राज्यों से पहुंचे कलाकारों का मनोबल भी बढ़ाया. इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन, सांसद राज्यसभा महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक अनूप सिंह, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक अम्बा प्रसाद, विधायक भूषण तिर्की, मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त श्री अजय नाथ झा, आईजी अखिलेश झा, डीआईजी अनूप बिरथरे, राज्य सरकार के अन्य वरीय पदाधिकारीगण सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे.

## कहीं बन न जाए 'भस्मासुर'...

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया रिवरसाइड के एक अध्ययन की मानें तो साल 2022 में, अपने डाटा केंद्रों को ठंडा रखने के लिए गूगल ने लगभग 20 अरब लीटर ताजे पानी का इस्तेमाल किया था. वहीं साल 2023 में माइक्रोसॉफ्ट की जल खपत में पिछले साल की तुलना में 34 फीसदी की वृद्धि हुई है.

**भारत में भी तेजी से बढ़ा एआई का इस्तेमाल :** अपने देश में एआई और डाटा केंद्रों का इस्तेमाल काफी तेजी से बढ़ रहा है. हालांकि भारत में एआई के इस्तेमाल से कितना जल और ऊर्जा का खपत हो रहा है उसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है, लेकिन एआई के बढ़ते उपयोग के साथ, आने वाले कुछ सालों में यह स्थिति बदल सकती है.

**एआई क्या है :** एआई एक तकनीक है, जो कंप्यूटर सिस्टम को मानव जैसे बुद्धिमान व्यवहार प्रदर्शित करने की क्षमता देती है. एआई मशीन लर्निंग का इस्तेमाल करती है, जहां सिस्टम्स अनुभव से सीखते हैं और समय के साथ अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाते हैं. एआई टेक्स्ट और आवाज के रूप में मानव भाषा को समझने और उत्पन्न करने की क्षमता प्रदान करता है. एआई तस्वीरों और वीडियो को समझने और विश्लेषण करने में सक्षम है. इतना ही नहीं एआई सिस्टम्स बड़े डेटा सेट्स का विश्लेषण कर खुद फैसले लेने की क्षमता रखते हैं. आमतौर पर एआई का इस्तेमाल रोबोटिक्स में किया जाता है, जहां रोबोट्स जटिल कार्यों को स्वायत्त रूप से पूरा करते हैं. एआई का उपयोग हेल्थकेयर, फाइनेंस, ऑटोमोटिव, एंटरटेनमेंट, और कई अन्य क्षेत्रों में किया जाता है.

**सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स, ओटीटी प्लेफॉर्म पर एआई का कब्जा :** आप चाहे कितनी भी कोशिश कर लें, सोशल मीडिया पर आपके हर फैसले में एआई का दखल है. आपकी टाइमलाइन पर क्या दिखेगा, कौन-सा नोटिफिकेशन आएगा, ये सब एआई तय करता है. ये आपके पिछले व्यवहार, इंटरनेट सर्च, किन चीजों को लाइक किया, कौन से वीडियो देखे और भी बहुत कुछ ध्यान में रखता है. इसी डेटा के आधार पर ये आपके लिए खास फीड बनाता है. इसका मकसद सिर्फ ये है आप बार-बार इन प्लेटफॉर्म पर आते रहें. केवल सोशल मीडिया पर ही नहीं, बल्कि अमेजन पर भी यही होता है. जब आप ई-कॉमर्स वेबसाइट पर कुछ सर्च करते हैं, तो उसके बाद आपको जो कुछ भी चीजें रिकमेंड की जाती हैं, वह सब एआई के हिसाब से होता है. यहां तक कि नेटफ्लिक्स पर भी आपको जो फिल्में या शो दिखाई देते हैं, वह सब एआई की मदद से आपकी पसंद के हिसाब से चुने जाते हैं. मतलब सोशल मीडिया, अमेजन, नेटफ्लिक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर एआई आपके हर कदम पर नज़र रखता है. आपकी पसंद-नापसंद के हिसाब से आपको चीजें दिखाता है. इससे ये ऐप्स हमें अपनी तरफ खींचते हैं और हम इनका इस्तेमाल करते रहते हैं.

## हम भी हैं आपके नागरिक ...

हम मांग करते हैं कि सरकार देश में सांप्रदायिक सद्भाव बहाल करे. 5 अगस्त की रात से ही बांग्लादेशी कट्टरपंथियों और उपद्रवियों ने देश के अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाने की कोशिश की. मेहरपुर से लेकर चिटगांव या शेरपुर से कई इलाके हैं जहां पर हिंदू मंदिरों को आग के हवाले कर दिया गया या तोड़फोड़ की गई.

इस बीच, बड़ी संख्या में बांग्लादेशी हिंदू सड़कों पर उतर आए हैं शनिवार की शाम राजधानी ढाका में सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों की संख्या में हिंदू समुदाय के लोग इकट्ठा हुए और नई सरकार से न्याय और सुरक्षा की मांग की. मंदिरों को जलाए जाने से नाराज हिंदू समाज के लोगों ने ढाका में इकट्ठा होकर जय श्री राम के नारों के साथ हिंदुओं की सुरक्षा के लिए आवाज उठाई. मीरपुर से आए सुब्रतो ने कहा कि पूरी दुनिया हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर चुप है, लेकिन बांग्लादेश हमारा देश है और हम यहां से कहीं नहीं जाएंगे. ढाका में इस्कॉन मंदिर के महासचिव चारु चंद्र दास ने बताया कि जिन इलाकों में हिंदू परिवारों पर हमले हुए उन्होंने मदद मांगी और आज भी बांग्लादेश के हिंदुओं में डर है फिक्र है. हालांकि उन्होंने यह भी बताया की कई इलाकों में हालात सामान्य हो रहे हैं और अब स्थानीय लोग भी मदद के लिए सामने आ रहे हैं. बांग्लादेश में हालत पिछले दो दिनों के मुकाबले थोड़े सामान्य दिखाई दे रहे हैं, लेकिन एक सक्रिय सरकार की कमी, सड़कों पर नदारद पुलिस और व्यवस्था की कमी एक सवाल जरूर खड़ा कर रही है कि कहीं बांग्लादेश अराजकता की ओर तो नहीं बढ़ रहा है.

## यूथ एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किए गए चांडिल के कलाकार सौरभ



प्रमाण पत्र लेते सौरभ

संवाददाता। चांडिल

रांची में स्थित शगुन बैंक्वेट हॉल में इंडियन यूथ कांग्रेस की स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता वाले युवा कलाकार और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में कला क्षेत्र में योगदान के लिए चांडिल के उभरते हुए युवा कलाकार सौरभ प्रमाणिक झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस आर्ट एंड कल्चर विभाग द्वारा आमंत्रित किया गया और कला के क्षेत्र में यूथ एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. विदित हो कि इंडियन यूथ कांग्रेस फाउंडेशन दिवस हर साल युवाओं की शक्ति और उनकी भूमिका को प्रमाणित करने के लिए मनाया जाता है. सौरभ प्रामाणिक चांडिल के एक गांव का उभरता हुआ कलाकार है, जो अपनी कला के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहा है. उनकी चित्रकारी न केवल सौंदर्यात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि वे सामाजिक महत्व पर भी प्रकाश डालते हैं. सौरभ ने अपने काम के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया और उन्हें अपनी प्रतिभा के बारे में जानने के लिए प्रेरित किया. इंडियन यूथ कांग्रेस द्वारा सौरभ को न केवल उनके व्यक्तिगत कलाकार की भूमिका के लिए सम्मानित किया गया है, बल्कि अन्य युवाओं के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बनाया है. पुरस्कार सभी युवा कलाकारों के लिए एक संदेश है कि यदि वे अपने क्षेत्र में मेहनत और योग्यता से काम करते हैं, तो उन्हें भी शामिल किया जा सकता है.

## डीसी का निर्देश- अवैध शराब व मादक पदार्थों के धंधे पर रोक लगायी जाए

संवाददाता। कोडरमा



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में प्रर्वतन एजेंसियों के साथ बैठक हुई. बैठक में अवैध शराब, हथियार, गोली, विस्फोटक, मादक पदार्थ की तस्रों पर रोक लगाने और इन सब की बरामदगी के लिए स्थापित चेकपोस्ट को क्रियाशील बनाना, सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाना, प्रत्येक पदाधिकारियों को यथा थाना प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कीमती धातुओं समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया. उपायुक्त ने अवैध शराब, हथियार, गोली, विस्फोटक, मादक पदार्थ एवं कैश के रोकथाम एवं बरामदगी की दिशा में स्थापित चेकपोस्ट को क्रियाशील बनाने को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिये. उन्होंने उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब के निर्माण व भंडारण को लेकर उचित कार्रवाई करने को कहा. जिला परिवहन पदाधिकारी को सघन वाहन जांच अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया गया. बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय पुरूषोत्तम कुमार, उत्पाद अधीक्षक अजय कुमार गोंड व अन्य मौजूद थे.

### खास बातें

- बैठक में चेकपोस्ट को क्रियाशील बनाने पर दिया जोर
- सघन वाहन जांच अभियान चलाने का दिया निर्देश

**दी जानकारी** केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री से बन्ना गुप्ता ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग से बात

# नौ जिलों में चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

- झारखंड के कुल नौ जिलों चतरा, दुमका, गोड्डा, हजारीबाग, जामताड़ा, लातेहार, पलामू, सरायकेला व पश्चिम सिंहभूम में चलेगा अभियान

वरीय संवाददाता | जमशेदपुर

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रताप राव जाधव से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बात की. इस दौरान उन्होंने राज्य में की गई तैयारियों की जानकारी दी. मंत्री बन्ना गुप्ता ने एमडीए प्लान 2024 की जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के कुल नौ जिलों चतरा, दुमका, गोड्डा, हजारीबाग, जामताड़ा, लातेहार, पलामू, सरायकेला व पश्चिम सिंहभूम में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा. उपरोक्त सभी जिलों की कुल आबादी एक करोड़, 41 लाख, 37 हजार, 228 हैं, जिसमें 1 करोड़, 24 लाख, 40 हजार 760 लोगों के उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. इसके लिए कुल एक हजार 777 स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है, इसके तहत 14 हजार 95 गांव को चिह्नित कर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से दवा देने की योजना बनाई गई है. मंत्री बन्ना गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रोग आमतौर पर गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को होता है. इसलिए वे मांग करते हैं कि प्रभावित जिलों में जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास बनाने का लक्ष्य पूर्ण करें. साथ ही बरसात का मौसम चल रहा है इसलिए झारखंड में मच्छरदानी का आवंटन जल्द करने की कृपा करें. इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. जोगेश्वर प्रसाद और जिला फायलेरिया अधिकारी ए मित्रा उपस्थित थे.



वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए करते राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता.

# ऐसा वीर पूत पाकर ही हर्षित आज तिरंगा



## कविता कलम


डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**कवित्व** कौशल पर किसी का एकाधिकार नहीं हो सकता. यह तो उत्कृष्ट कला और आनंदवर्द्धिनी विद्या है, जिसे निरंतर साधना के मार्ग पर चल कर कोई भी प्राप्त कर सकता है. विद्या का कोई अंत नहीं. यह आकाश की भांति अनंत है. विद्या की कोई थाह नहीं ले सकता, क्योंकि यह महासागर की तरह अथाह है. विद्या तो अद्भुत धन है. इसे न तो चोर चुरा सकता है, न डकैत हरण कर सकता है. भाइयों के बीच इसका बंटवारा भी संभव नहीं है. जितनी साधना करेंगे, विद्या उतनी ही उपलब्ध होगी. सबसे बड़ी बात यह कि दूसरे धन खर्च करने पर समाप्त हो जाते हैं, लेकिन विद्या का धन जितना खर्च करेंगे, उतनी ही बढ़ती चली जाती है. यह मैं ही नहीं कहता, बल्कि विद्या के सच्चे साधक मनीषी नीतिकार कह गये हैं. इस सूक्ति को उल्लेख करने का उद्देश्य मात्र इतना ही है कि साहित्य सर्जन के लिए कोई जाति, धर्म, वर्ग, पंथ या पेशा का होना आवश्यक नहीं है. इसके लिए यदि आवश्यक है तो वह है साधना. इस बात के उदाहरण है हिमाचल प्रदेश कुल्लू निवासी कवि शेर सिंह. साढ़े दशकों तक एक बैंक में जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारी के आसन पर विराजमान रह कर धन की देवी माता लक्ष्मी की सेवा करने वाले शेर सिंह ने साहित्य-सृजन में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर ली है और यह प्रमाणित कर दिया है कि लक्ष्मी और सरस्वती दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं. लक्ष्मी के बिना सरस्वती और सरस्वती के बिना लक्ष्मी का कोई अर्थ नहीं है. सच तो यह है कि **शेर सिंह** साहित्य सृजन के क्षेत्र में भी शेर हैं. कहानी, कविता, लघुकथा, बाल कहानियां-कविताएं संस्मरण, लोक कथाएं, पर्यटन आदि विभिन्न विधाओं ये अपनी लेखनी का चमत्कार दिखाते रहे हैं और देश भर के प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे हैं. कविता संग्रह मन देश है तन परदेश सहित सात पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं. उनमें चार कहानी संग्रह, एक यात्रा वृत्तांत भी शामिल हैं. प्रस्तुत है उनकी यह रचना, जिसका शीर्षक है-सीधा सच्चा खेत.



सारी दुनिया सल्मत है, प्यार एक नेमत है.
खुश खिले खिले मुख, ईश्वर की रहमत है.
हथेली चढ़ आती चिड़िया, स्नेह प्रेम की ज्योत है.
हर मर्ज की दवा है, क्यों लटकी सूरत है.
हरी डालियां झूमती हैं, पवन बलैया लेत हैं.
सद्भाव और सम्मान जहां, न घृणा न बेंत है.
राह बेशक टेढ़ी-मेढ़ी, अंदर सीधा सच्चा खेत है.

कवि शेर सिंह देश के विभिन्न स्थानों पर बैंक की सेवा के क्रम में झारखंड भी पधार चुके हैं और सेवा निवृत्ति के बाद कुल्लू में विश्राम कर रहे हैं. दैनिक शुभम संदेश प्रतिदिन पढ़ते हैं और इसके साप्ताहिक स्तंभ कविता कलम से विशेष स्नेह रखते हैं. प्रभावित भी हैं. उन्होंने अपनी रचना हम तक पहुंचायी, इसके लिए हम उनके आभारी हैं. आशा है, हमें उनका स्नेह भविष्य में भी प्राप्त होता रहेगा.



स्वाधीनता दिवस सन्निकट है. देशभक्ति का वातावरण बनता जा रहा है तो कविगण उससे प्रभावित कैसे नहीं हों. उनकी भी लेखनी देश भक्ति में लीन होने लगी है. रांची की कवयित्री **खुशबू बरनवाल 'सीपी** इस वातावरण में उस प्रेमिका के मनोभावों का चित्रण कर रही हैं, जिसका प्रियतम मातृभूमि की रक्षा करने के लिए सीमा पर चला जाता है और तब तिरंगा हर्षित हो जाता है.

रंगरेज हैं प्रियतम प्यारे, है माटी से नाता..
प्रेम छिपाकर जाते सीमा, साथ हमेशा भाता..
ओज-प्यार का रंग समाए, रंगे हुए हैं सैनिक सारे .
देश भक्ति की ज्योति जगाए, मेरे प्रीतम प्यारे ..
सपनों में वह करते बातें, मन ही मन मुस्काता.
प्रेम छिपाकर जाते सीमा, साथ हमेशा भाता..
ऐसा वीर पूत पाकर ही, हर्षित आज तिरंगा.
रोक रहे ऐसे योद्धा ही, चहुँदिश फैला दंगा ..
जन्मों का है साथ हमारा , उनको हिया बसाता.
प्रेम छिपाकर जाते सीमा, साथ हमेशा भाता..



खुशबू जी की लेखनी से जब देशभक्ति की खुशबू निकली तो मन-प्राण प्रफुल्लित हो गये. धन्य है वह प्रेयसी, जिसके हृदय में स्वदेश से इतना प्यार है और वह अपना सर्वस्व त्याग करने के लिए तैयार है. विरह की ज्वाला जब धधकती है तो सपनों में अपने प्रियतम से मिल कर ज्वाला को शीतल कर लेती है. देश भक्ति के इस वातावरण में रांची की ही कवयित्री **रेणु झा रेणुका** अपना यह गीत गुनगुना रही हैं.

ऐ वतन, मेरे वतन, तुझको शत शत नमन
तू मेरा अभिमान है, मेरी जान है, मेरी शान है,
है भाग्य कि लिया यहां, हमने जनम,
ऐ वतन मेरे वतन.
उन शहीदों को नमन, उन वीरों को नमन,
सजे हैं जिनसे भारत का चमन,
गुरु ज्ञान की गंगा बहे, सागर पखारे जिनके कदम,
ऐ वतन मेरे वतन, तुझको शत शत नमन.
ये राम की धरा, यहां कृष्ण ने की लीला,
गौतम नानक ने भी यहां रखे कदम,
फिर कैसे हो गए यहां
इतने दुशासन!
ऐ वतन मेरे वतन, तुझको शत शत नमन
तू मेरा अभिमान है, मेरी जान है मेरी शान है,
है भाग्य के लिया यहा मैंने जनम.

रेणुका जी की देश-भक्ति की भावनाएं सराहनीय हैं. सचमुच इस देश में जन्म लेना गौरव की बात है, क्योंकि इस धरती पर जन्म लेने के लिए देवतागण भी तरसते रहते हैं, किंतु केवल गौरव गान से काम नहीं चलेगा. देश को गौरवशाली बनाये रखने के लिए हम सभी नागरिकों को अपनी ओर से प्रयास करना होगा. इस क्रम में हमें सबसे पहले अपने चरित्र को उत्तम बनाना होगा, क्योंकि नागरिकों के सशक्त चरित्र पर किसी भी राष्ट्र की गौरव-गरिमा निर्भर करती है. हमें उन वीर सपूतों को स्मरण में रखना होगा, जिन्होंने मातृभूमि के लिए हंसते-हंसते अपना बलिदान कर दिया. कवि प्रदीप के शब्दों से स्वाधीनता दिवस के अवसर पर प्रेरणा लेनी होगी-जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी. कुछ ऐसे ही भाव जमशेदपुर की कवयित्री **वीणा नंदिनी** के इन शब्दों में भी अभिव्यक्त हो रहे हैं. इनके नवगीत का शीर्षक है-'देश बलिदानों को याद करे.'



कश्मीर धरा की रौनक को सैन्य ने बनाया भारत भूमि -
बलिदानों की धरा बनी यह वीरों की यह भारत भूमि-
गांवों की जनता मुस्काती होती हरदम यहां लड़ाई -
जनता में जब तानातानी ये सरकारें करे कड़ाई -
शान्ति दूत भारत जब बनता दुनिया इसके पीछे घूमी..
वीर सपूतों की राहों चल अब रिपुओं का संहार करो
अमन चैन से पुलकित सीमा वीरों जैसा हुंकार भरो -
धरती माता बनी निशाना सेना अपनी माता चूमी..
सब पर एक नजरिया डालो चहक उठे भारत का मस्तक
जन जन के मुख राम विराजे दे ना कोई दुश्मन दस्तक -
सुरमय झंकृत मन की वीणा अपने ही सप्तक में झूमी..
कश्मीर धरा की रौनक को सैन्य बनाया भारत भूमि -
बलिदानों की धरा बनी अब वीरों की यह भारत भूमि..

देश के वीर सपूत सैनिकों की जितनी सराहना की जाये, कम ही होगी. ये सीमा पर दुश्मन की सेना के साथ निरंतर कठिन संघर्ष करते हैं, तभी हम देश के नागरिक सुख और चैन की नींद ले पाते हैं. इनकी त्याग-तपस्या के बल पर ही राष्ट्र की गरिमा अक्षुण्ण रहती हैं. उन वीर सपूतों को नमन करते हुए अपनी वाणी को विराम देता हूं. जय हिंद! जय झारखंड!!

# पड़ोस में शांति की आस



## चौराहा



प्रमोद कुमार झा

**भारत** के प्रधानमंत्री ने एक अभूतपूर्व बात कही थी कि ..आप मित्र बदल सकते हैं, पर पड़ोसी नहीं बदल सकते हैं.....पिछले कुछ दिनों में पड़ोस में घटने वाली घटना भारत के लिए चिंता का विषय है. सबसे बड़ी समस्या यह है कि पड़ोस में शांति प्रयास में मदद भी करना आवश्यक है, पर पड़ोसी को किसी प्रकार आंतरिक मामले में हस्तक्षेप भी न लगे. प्रसिद्ध अंग्रेज़ी नाटककार शेक्सपियर ने अपने प्रसिद्ध नाटक 'किंग लियर' में लिखा है कि ....ईश्वर के लिए हम उसी तरह हैं, जैसे नटखट बच्चों के लिए बाग की तितलियां. वे अपने अपने खेल के मज़े के लिए उनका प्राण लेते हैं... दुनिया के बहुत सारे शक्तिशाली देश भी अपने को ईश्वरीय शक्ति वाला ही सोचते हैं. छोटे विकासशील देशों में बेवजह हस्तक्षेप, आर्थिक, प्रशासनिक, सामरिक, वैज्ञानिक, शैक्षिक मामलों में हस्तक्षेप उनके लिए उस नटखट बच्चों के खेल की तरह ही है. याद कीजिए, दक्षिण एशिया के देशों सिक्किम, भूटान, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बर्मा, मालदीव, श्रीलंका और अब बांग्लादेश में यह खेल बारी-बारी से होता रहा है . यह एक घोर अपराध है. बहुत दिन नहीं हुए, जब अफगानिस्तान में लगातार प्रॉक्सी युद्ध करते हुए दो महाशक्तियों ने अपना शक्ति प्रदर्शन किया और उसकी पूरी व्यवस्था को तहस नहस कर डाला! और अंततः हथियारों का बड़ा जखीरा छोड़कर अपने सैन्यबलों को समेट कर भाग निकले. दुनिया के अधिकांश देशों में एक धार्मिक उन्माद को हवा दी जा रही है और बहुत जगह तो वे सत्ता पर भी काबिज हो चुके हैं. भारत एक दीर्घ परंपरा का लोकतांत्रिक देश है. महाशक्तियों की कोई भी चालबाजी यहां पूरी तरह प्रभावी नहीं हो पाती. आज़ादी के लगभग सतहत्तर सालों में यहां कभी न तो खूनी क्रांति हुई, न तख्ता पलट हुआ! सत्ता का हस्तांतरण भी बहुत लोकतांत्रिक तरीके से होता रहा. दुनिया की सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी पार्टी को जनता की सबसे बड़ी हितैषी मानती हैं और दूसरी पार्टियों को देश विरोधी पर अगर सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का पालन हो तो देश के सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक विकास में सहायता मिलती है. किसी राजनीतिक दल के व्यक्ति द्वारा भारत में भी बांग्लादेश की भांति किसी घटना की आशंका एक तर्कहीन और हास्यास्पद वक्तव्य है! अगर शासन मेरे हाथ में नहीं तो सब बर्बाद हो जाएगा! दुनिया के लोग और देश के नितांत स्वार्थी राजनीतिज्ञ लोग आप सभी व्यर्थ खयाली पुलाव न पकाएं, भारत में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है और न होगा!

एक बात ध्यान देने की है कि कुछ दिन पूर्व श्रीलंका में विद्रोह और हाल के बांग्लादेश के प्रतिरोध में विचित्र समानता है -दोनों जगह राज्य के प्रमुख का आवास लुटेरों की तरह लूटा गया! बड़ी संख्या में लोग सभी घर के सामान लूट कर ले गए...रिक्शों पर, ठेलों पर! पर सबसे घृणित और स्तरहीन था पूर्व प्रधान मंत्री के अंतः वस्त्रों को लहराते हुए आवास से निकलना! बांग्लादेश के वर्तमान मुख्य सलाहकार के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है इस स्तरहीन उन्माद और बेहयाई को नियंत्रण में लेना! प्रोफेसर यूनुस की विश्व में प्रतिष्ठा है और बांग्लादेश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और उच्च शैक्षणिक स्तर को वापस लाना उनकी बड़ी चुनौती है! सैकडों करोड़ों का आर्थिक नुकसान तो हो चुका बांग्लादेश को! प्रसन्नता की बात है कि एक सुलझे हुए लोकतंत्र की तरह सभी राजनीतिक दलों ने भारत के वर्तमान शासक को पूरा सहयोग और समर्थन दिया है. निरर्थक भारत विरोध से हुए व्यापारिक और आर्थिक नुकसान का अनुमान बांग्लादेश को पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति को देख कर समझना चाहिए! आगजनी, हत्या और देश के निर्माता के मूर्ति भंजन निश्चित ही एक अतिवादी शक्ति का हाथ होने का शक पैदा करता है. ईश्वर करें कि बांग्लादेश के निवासी संयम से सोचें और काम लें!


# खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी

## यायावर



डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**3 अगस्त** से 5 अगस्त 24 तक बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी के तत्वावधान में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया.विषय था हिंदी साहित्य के विकास में बुंदेलखंड के साहित्यकारों का योगदान. बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मुन्ना तिवारी ने एक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया था. झांसी पहले भी गया था, लेकिन इस बार का जाना मेरे लिए शिष्ट और विशिष्ट रहा.सातवीं कक्षा में सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता झांसी की रानी पढ़ी थी, लेकिन इस बार मैंने साक्षात् झांसी के उस किले के दर्शन किये, जो पौराणिक एवं ऐतिहासिक दोनों है. सचमुच वीरांगना वीर लक्ष्मी बाई के नाम पर झांसी रेलवे स्टेशन का नाम कर दिया गया है. झांसी का रेलवे स्टेशन भारत वर्ष का पहला रेलवे स्टेशन हैं, जहां तीन मूर्धन्य साहित्यकारों की मूर्तियां स्थापित हैं.पहली मूर्ति आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की, दूसरी मूर्ति राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त की और तीसरी मूर्ति वृंदावन लाल वर्मा की है. इन साहित्यकारों की मूर्तियों को देखकर मैं श्रद्धावनत हो गया. सचमुच मेरा इस बार का झांसी आना सार्थक हो गया. इस बार मैं राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त के गांव चिरगांव झांसी भी गया. वहां राष्ट्र कवि के नाम पर एक विद्यालय और एक महाविद्यालय स्थापित है. मैथिलीशरण गुप्त ने अपने गुरु आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए साकेत की भूमिका में लिखा है कि :-





**करते तुलसी दास भी कैसे मानस नाद.**
**महावीर का यदि उन्हें मिलता नहीं प्रसाद.**

चिरगांव में कालेज के मुख्य द्वार पर राष्ट्र कवि की मूर्ति देखकर सहसा साकेत महाकाव्य की निम्नलिखित पंक्तियां याद हो आईंः-

**राम तुम्हारा वृत्त स्वयं ही काव्य है.**
**कोई कवि बन जाये सहज संभाव्य है.**


राष्ट्र कवि की वैष्णवता, सहृदयता और सज्जनता उनकी मूर्तियों से प्रतिबिंबित हो रहा था. आचार, विचार और संस्कार में मैथिलीशरण गुप्त का कोई सानी नहीं है. बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी नैक द्वारा ए ग्रेड प्राप्त है. यहां कण कण में झांसी की रानी का प्रभाव परिलक्षित है मानो वे आज भी भारत वंशियों को आजादी का तराना सुना रही हैः-

**सिंहासन हिल उठे राजवंशों ने भृकुटी तानी थी.**
**बूढ़े भारत में फिर से आई नयी जवानी थी.**
**गुमी हुई आजादी की कीमत सबने पहचानी थी.**
**दूर फिरंगी को करने को सबने मन ठानी थी.**
**बुंदेले हरबोलों के मुख हमने सुनी कहानी थी.**
**खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी.**

ऐसी वीरांगना झांसी की रानी पर हम भारत वासियों को नाज है. मात्र 23 वर्ष की उम्र में लक्ष्मीबाई ने वह साहस और उत्साह दिखलाया, जो भारतीय इतिहास में मिसाल बन गया. हमने झांसी की रानी को नमन किया और उनसे आजादी की लौ जलती रहे, यह वरदान मांगा.

# चुटिया नंदन चटपटे का चिंतन

## नश्तर



सुधीर राघव



**चुटिया** नंदन चटपटे चाय की चुस्की भर रहा है. चाय दुनिया बदल सकती है. चाय आंखें खोल देती है. चाय चर्चा का आगाज करती है. चाय के चारों ओर दुनिया घूमती है. कुल जमा यह उसकी फिलोसॉफी है. चाय से आगे और चाय के पीछे वह कुछ सोच नहीं पा रहा. इसलिए चाय की चुस्की भरते वक्त उसके दिमाग ने सोचा - यह प्याला ही दुनिया है. प्याले में तूफान उठे तो दुनिया तूफानी हो जाए. जीवन में रोमांच आए. यह सोचकर उसने प्याली में जोर से फूंक मारी. प्याली में भंवर बना और गरमागरम चाय के छींटें उसके चेहरे पर लगे. इसके साथ ही उसकी चेतना जागृत हुई और उसे याद आया कि बांग्लादेश में हिन्दू प्रताड़ित हो रहा है. वह चिल्लाया, विपक्ष चुप क्यों है! वह कुछ करता क्यों नहीं! देश में महंगाई बेतहाशा बढ़ रही है. विपक्ष उसे रोक नहीं पा रहा. बढ़ती बेरोज़गारी का भी कोई हल विपक्ष के पास नहीं है, वह नाकारा है. किसी काम का नहीं. वह सिर्फ सत्ता को गलियां देता है, जबकि सत्ता अठारह अठारह घंटे जागकर पूरी मेहनत से देश की सेवा करती है. अगर सत्ता बांग्लादेश पर चुप है तो कुछ सोच कर ही चुप है. अगर सत्ता महंगाई पर नहीं बोल रही तो उसके न बोलने में ही देश का भला होगा. अगर सत्ता रोजगार नहीं दे रही है तो इसका मतलब है कि बेचारे युवाओं पर वह मेहनत का बोझ नहीं डालना चाहती. वह उन्हें रील देखने और बनाने के लिए वक्त दे रही है. अगर पुल टूट रहे हैं, सड़कें धंस रही हैं और नई इमारतें टपक रही हैं तो यह भ्रष्टाचार नहीं है. सत्ता तो भ्रष्टाचार कर ही नहीं सकती. भ्रष्टाचार तो विपक्ष का काम है. सिर्फ विपक्ष ही भ्रष्ट होता है. सत्ता के बच्चे जब सत्ता में आते हैं तो यह परिवारवाद नहीं कहलाता. परिवारवाद विपक्ष के बच्चों का विपक्ष में आना है. सत्ता कभी झूठ नहीं बोलती. अगर सत्ता कह रही है कि सब अच्छा है तो मान लो सब अच्छा है. विपक्ष को सत्ता के खिलाफ नहीं बोलना चाहिए. यह राजनीति है. विपक्ष को राजनीति नहीं करनी चाहिए. विपक्ष को सत्ता की हां में हां मिलानी चाहिए तभी देश का विकास होगा. बांग्लादेश में जनता के सड़क पर आने से बेचारी सत्ता डर गई है. सत्ता को इस तरह से डराना नहीं चाहिए. यह विपक्ष की साज़िश है. वह सत्ता में किसी विद्वान अर्थशास्त्री को लाना चाहता है, जबकि सत्ता तो बनी ही चायवालों के लिए है. चायवाले से उसका यह हक नहीं छीना जाना चाहिए. यही धर्म है और धर्म से बड़ा कुछ भी नहीं. चुटिया नंदन चटपटे का यह चिंतन उसकी चुटिया से भी ज्यादा लंबा हो गया है. सत्ता हमेशा सही होती है. उसका निष्कर्ष स्पष्ट है, फिर भी वह चिंतन कर रहा है. इसे ही चायवाले की भाषा में चुटियापंथी कहा गया है. इसका कोई ओर-छोर नहीं है.


# लयबद्ध कलात्मक संसार गढ़ रहीं अनिता मिंज

## कला-संवाद





मनोज कुमार कपरदार











**लय** से आनंद आता है और शरीर रोमांचित हो जाता है. इससे सोचने-समझने की सही दिशा मिलती है और सही फैसले लिए जा सकते हैं. सही फैसले से सकारात्मकता बढ़ती है और शरीर रोमांचक संगीत पैदा करता है. लय, घटनाओं को पूर्वानुमानित और सुसंगत पैटर्न में व्यवस्थित करने में मदद करती है. संगीत में लय समय की धारणा बनाती है. भाषण में लय से ध्वनियों, अक्षरों, शब्दों और वाक्यांशों को चुनने और निकालने में मदद मिलती है. कला में लय एक-दूसरे के प्रति भावनाओं में भी भूमिका निभाती है. कला में लय का इस्तेमाल करके मानव जीवन की गतिविधियों की ओर इशारा किया जा सकता है और मार्गदर्शन दिया जा सकता है.

जीवन में लय का महत्व है. लय सिर्फ संगीत के लिए नहीं है. जीवन तो लय से भरा हुआ है. कई तरह की प्राकृतिक लय होती हैं, जैसे कि जब कोई व्यक्ति चलता है, किनारे पर लहरें उठती हैं या टपकता है नल. हम सूर्य और चंद्रमा के चक्र, फसल बोने को गहराई से महसूस करते हैं. मानव शरीर लयबद्ध प्रक्रियाओं से भरा हुआ है, तभी तो अनिता मिंज जैसे कलाकार अपनी कलाकृतियों में पत्तों के आकार में मेटल या टेराकोटा के माध्यम से लय को कलात्मक तरीके से कला प्रेमियों के सामने रखते हैं. ये अपनी कलाकृतियों के माध्यम से यह दिखाना चाहती हैं कि पत्ते में भी लय होती है. इनकी कृति अवधारणा में ही छिपी होती है एक अभिव्यक्ति की छटपटाहट. इसके मूल स्रोत हो सकते हैं- मन के अंदर के भावावेश तथा संवेदनाएं भी और वाह्य जगत की घटनाएं भी. यथार्थ की अनुभूति भी और कल्पना की उड़ानें भी. कला सृजन की उड़ान तथा अवधारणा को आकार प्रदान करने के लिए कलाकार को उपकरण शिल्प सामग्री के साथ समीकरण बनाने होते हैं. जब मन्तव्य, हुनर उपादान सामग्री समन्वित तथा एकाकार हो जाते हैं. तभी सुंदर सार्थक कृति जन्म लेती है. झारखंड में कई कलाकार हैं, जो लगन और गंभीरता के साथ सृजनरत हैं. झारखंड की मूर्तिकला में इधर बहुत प्रयोग परक कार्य भी हो रहे हैं. इसे दृष्टि से रांची की अनिता मिंज एक सुपरिचित नाम है.

ये उस आदिवासी समाज से आती हैं, जिनका जीवन यापन जंगलों एवं पठारों पर निर्भर था. कुछ वर्ष पूर्व इनके पूर्वज मूर्तिकारी का कार्य किया करते थे, किन्तु बदलते समाज ने इन्हें समय के साथ आधुनिक समाज का हिस्सा बना दिया. ये एक कृषक परिवार से आती हैं. इनके ऊपर भी गांव के प्राकृतिक सुरम्य वातावरण का प्रभाव बालपन से ही पड़ा. इनके अंतर्मन में कला के प्रति अपना लगाव तथा आकर्षण अनुभव करती थी, हालांकि इन्हें इसका बोध भी नहीं था. ये कागज पर रेखाचित्र बनाने और रंग भरने का कार्य करने लगीं. ये तस्वीरों को देखकर अनुकृति बनाने लगीं. रुचि के अनुसार चित्रकला की ओर इनका मार्ग प्रशस्त हुआ.

बीएचयू से बीएफए और एमएफए करने के बाद निरंतर कला को नया आयाम देने वाली अनिता मिंज ने हाल ही में उड़ीसा के वरिष्ठ कलाकार परसुराम फड़क के साथ मिलकर 20 दिनों में तैयार की है. परसुराम फड़क ने भी उत्कल विश्वविद्यालय से मूर्तिकला में एमएफए किया है. फाइबर की बनी आठ फीट ऊंची सिद्धू-कान्हू की इस मूर्ति का वजन लगभग एक क्विंटल है. क्ले मॉडल में मास्टर पीस तैयार करने के बाद इसे फाइबर के लिए कास्ट किया गया. बेहतर मजबूती के लिए लोहे का आर्मेचर डाला गया. फाइबर के ऊपर मेटालिक कलर किया गया है, जिसके कारण यह दूर से देखने में मेटल का दिखता है.

# आखर

## लघुकथाएं

### महापर्व



**रेनु त्रिवेदी मिश्रा**

"**कल** स्वतंत्रता दिवस है. विद्यालय में झंडा फहरेगा मां, आज स्कूल में हमने लेफ पराइट -लेफपराइट किया, मैदान साफ किया, जन -गन भी गाया मां." स्कूल से आते ही मुनिया ने मां के सामने किस्सों की गांठ खोल दी. मां इस्कूल के कपडे धो लेती हूं, गुरुजी ने कहा है कल साफ - सुथरे कपड़े पहनकर आना. मुनिया का उत्साह देखकर मां ने कहा- "जा, धो ले, मैं धो देती पर बदन घाव सा दुःख रहा है." "मैं सब कर लूंगी मां, तू सो जा."

अगली सुबह तड़के ही तैयार होकर मुनिया मां को जगाने गई – "मां, मैं जा रही हूं. उठ जा." मां ने कहा, "मुझसे तो उठा ही नहीं जा रहा बिटिया.. इतनी देर हो गई. सेठानी जी राह देख रही होंगी, तू इस्कूल छोड़, काम पर चली जा बिटिया, पैसे कट गए तो मुश्किल होगी." मुनिया ने आंखों में आये पानी को पीते हुए कहा, "ठीक है मां."

निराश क़दमों से कोठी पहुंची तो सेठानी जी द्वार पर ही खड़ी थीं. "क्या हुआ रे, मां क्यों नहीं आई?" मुनिया की आंखें भरने लगीं और आवाज़ भर्रा गई. "माँ बीमार है इसलिए मैं आई हूं" कहते हुए गला रुंध गया. "तुझे तो स्कूल जाना था ना, यहां क्यों चली आई? जा, पहले स्कूल जा. आज आज़ादी का महापर्व है."

यह सुनते ही मुनिया ने पूछा – "सच में चली जाऊं सेठानी जी ?" हां, जा ना.

इतना सुनते ही मुनिया आज़ादी के पंखों पर सवार हो, उड़ चली स्कूल की ओर.

### श्रद्धांजलि



**अनिता रश्मि**

**जॉर्ज** की माला पहनी तस्वीर दीवार पर टंगी है. वहीं मंजरी अपने सात वर्षीय बेटे के साथ खड़ी देर से उसे निहार रही है. आज मंजरी को कमीशन मिला है. कैप्टन बन घर आते ही तस्वीर तक जा पहुंची.

हां, आज सैल्यूट करते हुए वह फफक पड़ी है पहली बार. उसकी आंखों में खुदा है वह दिन - शहीद जॉर्ज के तिरंगे के कफन में लिपटे शव को सैल्यूट देती तीन वर्ष पूर्व ब्याही गई मंजरी. इर्द-गिर्द पछाड़ खाती मां, दीदी. मंजरी की गोद से हंसता-किलकता टुकुर-टुकुर सबको देख लाश पर हाथ मारने की कोशिश करता नन्हा नीरव. वह नहीं जानता था, वे उसके शहीद पिता हैं. गांव में मेला सा लग गया था. लोग दूर-दूर से आ जुटे थे. मंजरी के ससुर, देवर का सीना गर्व से तन गया था.

"अमर शहीद जॉर्ज की जय... !"

"शहीद जॉर्ज अमर रहें."

"अमर रहें... अमर रहें."

और भी ना जाने कितने नारे गूंज रहे थे, मंजरी को याद नहीं. बस, याद था अपना संकल्प कि वह जॉर्ज की मौत का गम नहीं मनाएगी, उसे ताकत बना लेगी.

### सजा

**सत्या शर्मा 'कीर्ति'**

"**पापा** आप तो कहते हैं, गांधी बाबा बहुत सच्चे, ईमानदार और न्यायप्रिय थे."

हां बेटे, उनके जैसा शायद ही कोई हो तभी तो उन्हें राष्ट्रपिता की उपाधि दी गयी." कॉन्ट्रेक्टर प्रकाश जी ने गर्व से कहा.

"फिर हम सभी उनके मरने के बाद भी रोज मरने की सजा क्यों दे रहे हैं."

"कैसे" आश्चर्य से पूछ बैठे पिता.

"जब भी आप ऊपर की कमाई लेते हैं हमारे राष्ट्रपिता की आत्मा को कितनी तकलीफ़ होती होगी."

"पर अब वो कैसे देख या जान सकते हैं"

पिता अब और हतप्रभ थे.

"ऐसे." बेटे ने नोट की गड्डियां उठा सामने रख दिया.



## कविताएं/ग़ज़ल

### चिट्ठी उनके नाम

**संगीता कुजारा टाक**

तुम्हें क्या मालूम
कि तुम कितना याद आते हो ?

उफ़क से झड़ती
ओस की बूंदों में
सिर्फ तुम्हारा अक्स दिखाई देता है.

वह जो भोर का तारा है ना
जाने कैसे
तुम्हारा चेहरा बन जाता है?

बारिश की बूंदे मुझे जलाती है
गर्मियों की रात का पीला चांद
जब भी आता है
मुझे चिढ़ाता है
सर्दियों में
तुम्हारी यादों का लिफाफ
ओढ़ कर भी ठिठुरती रहती हूं .

रेलगाड़ी की सीटी
तुम्हारी सीटी लगती है
चूल्हे की लौ, अब
रोज मेरा हाथ थाम लेती है
और ये जले हुए हाथ
तुम्हारी फूंक मांगते हैं.

तुम पर
खर्ची हुई नीदें
मुझसे हिसाब मांगती है.

मेरे तकिए के नीचे रखी
तुम्हारी तस्वीर अब फट रही है.
मन्नतों के धागों का रंग
फीका पड़ गया है.

तुम्हारी यादों के
मौसम के सिवाय
मेरे आंगन
अब कोई मौसम नहीं उतरता.

मेरी सोच लहूलुहान हो चुकी है
मैं थक गई हूं तुम्हें सोचते सोचते
कि बस,
अब मुझे
तुम्हारा वस्ल चाहिए.
सिर्फ़ तुम्हारी...

### राग देश

**दिलीप ठाकुर 'अमर'**

किरणें सुनहरी, भोर की कहे,
गाओ सब मिल, राग देश.
केसरिया धरती लागे है, हरे भरे हैं खेत
पंछी-पखेरू उड़ते जाते, चक्र पे सोहत श्वेत.
लहर लहर लहराए तिरंगा,
गाओ सब मिल, राग देश.
किरणें सुनहरी, भोर की कहे,
गाओ सब मिल, राग देश.
सगरे जगत में न्यारा -प्यारा, अपना भारत देश
तीन रंग की शान निराली,
आज नहीं कोई क्लेश
लहर लहर लहराए तिरंगा,
गाओ सब मिल, राग देश.
किरणें सुनहरी, भोर की कहे,
गाओ सब मिल, राग देश.

### चन्दन है देश की माटी

**पद्मा मिश्रा**

भारत की माटी चंदन है!
चन्दन है भारत की माटी,
जहां सत्य-अहिंसा कण कण में,
जन - मन का सहगान बनी,
गांधी के पावन सपनों का,
साकार रूप -प्रतिमान बनी,
उस माटी को शत बार नमन,
सतकर्मों की सुंदर थाती, चन्दन है...
जग में बिखरा अंधियारा तम,
हमने सूरज बन दिशा गढ़ी
जो नानक-गौतम-ईसा के,
उपदेशों की पहचान बनी,
भारत है जीवित भास्कर सम,
यह सिखलाती श्रम की धरती,चन्दन है...

### हमारी जान है भारत

**हिमकर श्याम**

हज़ारों रंग ख़ुशबू से बना गुलदान है भारत
कई तहज़ीब, भाषा, धर्म की पहचान है भारत.
कहीं गिरजा, कहीं मस्जिद, शिवाला और गुरुद्वारा
कभी होली, कभी क्रिसमस, कभी रमज़ान है भारत.
कोई नफ़रत भी बोता तो पनपती है मुहब्बत ही
अजब जादू है माटी में, कोई वरदान है भारत.
चलो मिलकर बचाएँ हम इसे फ़िरक़ा-परस्ती से
न तेरा है, न मेरा है हमारी जान है भारत.
नहीं पूरे हुए सपने, करें उम्मीद भी कब तक
मचलता है जो सीने में वही अरमान है भारत.
इसे सींचा लहू देकर भगत, अशफ़ाक़, बिस्मिल ने
पुराणों वेद की धरती जहां की शान है भारत.
ये वहशी दौर है 'हिमकर' नहीं महफ़ूज़ है कोई
हवाएं देख नफ़रत की बहुत हैरान है भारत.

### इस उत्सव में

**डॉ आशुतोष प्रसाद**

धरा हरी, गगन नीला, फहराती तिरंगा शान,
स्वाधीनता का दिवस आया, गूंजे भारत का गान.
वीरों की कुर्बानी से, मिला हमें ये उपहार,
लहू से सींची आज़ादी, ना भूलेगा ये संसार.
मातृभूमि के सपूतों ने, दिया जो बलिदान महान,
उससे मिला हमें अधिकार, जीने का सम्मान.
आज़ादी के इस उत्सव में, गाएं हम प्रेम के गीत,
भारत माता की जयकार, भरें दिलों में नव प्रीत.
हर ओर हरियाली फैली, खुशहाली की छाई बहार,
स्वाधीनता का ये दिन लाया, सपनों का संसार.
एकता की मिसाल बने हम, साथ चलें कदम से कदम,
स्वतंत्रता के इस आंगन में, रहें सदा हम संग-संग.
गौरवशाली इतिहास हमारा, बढ़ाएं देश का मान,
स्वाधीनता दिवस पर बोलें, जय हिंद, जय हिंदुस्तान!

### अर्पित करते पुष्प उन्हें

**प्रवीण परिमल**

ऐ देश मेरे, भारत विशाल!
है नमन तुम्हारा तन- मन से!
जाने कितने वीरों का है
उपकार तुम्हारी धरती पर.
आज़ादी की, ख़ुशहाली की
ख़ातिर सोए जो अर्थी पर.
क्षण याद उन्हें करने का है
अब रोम- रोम के कण-कण से!
हैं अमर शहीदों के ऋण कुछ
जिनने जन-जन में प्राण भरे.
युग- युग को मुस्कानें देकर
सदियों के जन-संताप हरे.
बगिया को रंजित ख़ूब किया
जिनने भंवरों के गुंजन से!
जिनकी आहुति के कारण ही
हमने अपना गौरव पाया.
हे मातृभूमि! जिनके बल पर
यह हिंद-तिरंगा लहराया.
अर्पित करते हैं पुष्प उन्हें
अपने जीवन के उपवन से!

### ललकार

**राकेश रमण**

स्वतंत्रता की देवी कर रही पुकार,
सुन सको तो सुनो मेरी ललकार.
उठो, और सम्भालो फिर अपनी तलवार,
उत्सव के मद में कुंद करो मत धार.
उठो कि अरि दल घर में घुस आया है,
अपनों के मुखौटे में उसने चेहरा छिपाया है.
तेरी प्रीत प्यार को बना रहा हथियार
उठो, और सम्भालो फिर अपनी तलवार.
पीढ़ियों की गुलामी का असर अभी बाकी है,
रक्त में चाटुकारिता का जहर अभी बाकी है.
अपनी विरासत से करना होगा संस्कार,
उठो, और सम्भालो फिर अपनी तलवार.
बढ़ रहा बोझ धरा पर माता करती चित्कार,
देख सको तो देखो भविष्य का हाहाकार.
विकट समय है युद्ध जटिल करो सूक्ष्म प्रहार,
उठो, और सम्भालो फिर अपनी तलवार.
स्वतंत्रता की देवी कह रही पुकार,
सुन सको तो सुनो मेरी ललकार.

### भारत देश निराला

**माधवी उपाध्याय**

अपना भारत देश निराला
है संपूर्ण जगत से आला.
ध्वज अपना लहरे शिखरों पर,
तीन रंग से, समरसता धर.
विश्व-पटल पर, विजय-गान से,
शांति अमृत का भरता प्याला.
है संपूर्ण जगत से आला.
मानवता है धर्म हमारा
मातृ-भूमि पर जीवन वारा.
सादा -जीवन,उच्च -सोच से,
घर-घर शोभा,बना शिवाला.
है संपूर्ण -जगत से आला.
रक्षा हेतु देश की,अब तक,
लाखों वीर हुए नतमस्तक.
आजाद,सुभाष कुंवर,राणा,
फैलाते चहुंओर उजाला.
है संपूर्ण -जगत से आला.
यहां सभी खुलकर जीते हैं.
आपस में घुलमिल रहते हैं.
सघन-वृक्ष की छाया-तल में,
प्रीत सरोवर जैसे ढाला
है संपूर्ण जगत से आला.
प्रगति सुपथ पर बढे कदम हैं,
विज्ञान में चमके हरदम हैं.
जय जय हो भारत माता की,
बढ़े नित्य नूतन सुर बाला.
अपना भारत देश निराला
है संपूर्ण जगत से आला.

### मेरा वतन

**शालिनी सहबा**

मुझको है अपनी जान से प्यारा मेरा वतन
महबूब है ये आंख का तारा मेरा वतन.
ये आन बान शान मेरी सब इसी से है
लाता है ज़िन्दगी में बहारा मेरा वतन.
जन्नत यही है देवों की भूमि है भारती
बहती जहां है गंगा की धारा मेरा वतन.
जापान चीन देख लो लंदन भी घूम के
संसार में है सबसे ये न्यारा मेरा वतन.
नदियां पहाड़ झील ज़मीं है हरी भरी
रब ने हर एक शय से संवारा मेरा वतन.
सर पर कफ़न को बांध के तैयार हो गए
कोई पहर हो जब भी पुकारा मेरा वतन.

### देश प्रेम के पथ पर

**नरेश बंका**

देश प्रेम के पथ पर
आगे बढ़ते जाएंगे,
नहीं डरेंगे किसी से
प्रेम पुष्प बरसाएंगे.
न जाने कितने वीरों ने
अपनी जान बचाई थी
तब जाकर भारत ने
आजादी पाई थी.

आजादी का जश्न
मिलजुल कर मनाएंगे
घर-घर जाकर
तिरंगा फहराएंगे.
राष्ट्रगान सबने गाया
जब तिरंगा किले पर लहराया
तोपों की सलामी देकर
वीरों की गाथा सुनाया.

## पुस्तक समीक्षा

### 1940 : विश्व युद्ध और बढ़ते अलगाव के साये में स्वतंत्रता आंदोलन



**डॉ. मोहित कुमार लाल**

इस पुस्तक में लेखक बसंत हेतमसरिया ने कांग्रेस के रामगढ़ अधिवेशन पर सूक्ष्म जानकारियां प्रस्तुत की है. लेखक ने रामगढ़ अधिवेशन के ऐतिहासिक महत्त्व को निरूपित करने के लिए उस समय के अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम का संक्षिप्त उल्लेख किया है. यह वर्णन कांग्रेस के रामगढ़ अधिवेशन के अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व पर प्रकाश डालता है.

लेखक ने विश्व युद्ध के प्रति भारतीय दृष्टिकोण का प्रामाणिक विश्लेषण किया है. उस समय कांग्रेस में उभर रहे विभिन्न स्वरों का वर्णन और विश्लेषण भी किया है. इसी के साथ-साथ कांग्रेस के अंतर्विरोध का भी पुस्तक में उल्लेख है.

लेखक बसन्त हेतमसरिया स्वयं एक इतिहासकार नहीं हैं और न ही उन्होंने इतिहास की शिक्षा ली है. इसके बावजूद उन्होंने सूक्ष्म ऐतिहासिक विधि से पुस्तक लिखी है. इस प्रकार वे डी. डी. कोशाम्बी, आर. पी. दत्त और रामविलास शर्मा जैसे विद्वानों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं. लेखक ने स्वयं लिखा है कि रामगढ़ का निवासी होने के कारण उनकी आकांक्षा थी कि रामगढ़ अधिवेशन को इतिहास लेखन के रंगमंच पर प्रस्तुत किया जाए. लेखक ने सूक्ष्म तरीके से यह बताया है कि रामगढ़ का चयन क्यों किया गया, उस समय रामगढ़ की भौगोलिक स्थिति क्या थी, स्वागत समिति ने किस प्रकार अधिवेशन स्थल को तैयार किया. इस पुस्तक में एक-एक बारीकी को स्पर्श किया गया है. पुस्तक पढ़ते समय स्वागत स्थल का संपूर्ण परिदृश्य सामने आ जाता है.


पुस्तक में इस बात का विस्तृत उल्लेख है कि इस अधिवेशन में किन-किन नेताओं ने भाग लिया, वे कब रामगढ़ आए, किन-किन प्रस्तावों पर विचार हुआ और गांधी जी ने सविनय अवज्ञा के विषय में क्या भाषण दिया, उनका प्रस्ताव क्या था, तथा आम जनों को उन्होंने क्या संदेश दिया. अधिवेशन के अध्यक्ष मौलाना आजाद ने अपने भाषण में किन बिन्दुओं पर प्रकाश डाला. 1940 तक देश में सांप्रदायिक समस्या एक गंभीर चुनौती बन गई थी. जिन्ना के नेतृत्व में मुस्लिम लीग दो राष्ट्र सिद्धांत का प्रचार कर रही थी. अतः मौलाना आजाद ने अपने भाषण में सांप्रदायिकता की समस्या को स्पष्ट करते हुए यह साफ कर दिया कि भारत में मुसलमान अल्पसंख्यक नहीं है. उनकी जनसंख्या 9-10 करोड़ है जो देश की आबादी का लगभग 25 प्रतिशत है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अल्पसंख्यकों की समस्या विश्वव्यापी है.

लेखक ने रामगढ़ में होने वाले एक समानान्तर अधिवेशन का भी उल्लेख किया है. इसे समझौता विरोधी सम्मेलन का नाम दिया गया था. इसका आयोजन फॉरवर्ड ब्लॉक किसान सम्मेलन ने किया था. स्वामी सहजानन्द सरस्वती स्वागत समिति के अध्यक्ष थे और सुभाष चंद्र बोस इस अधिवेशन के अध्यक्ष. पुस्तक में सहजानंद सरस्वती के स्वागत भाषण का विस्तृत वर्णन किया गया है. सुभाष चंद्र बोस के अध्यक्षीय भाषण की भी विवेचना की गई है. पुस्तक से स्पष्ट होता है कि कांग्रेस के अतिरिक्त भी देश में एक विरोधी स्वर सुनाई दे रहा था. यह अधिक व्यवहारिक स्वर था. इसमें यह भी स्पष्ट है कि कांग्रेस की तरह वामपंथ भी उस समय अर्तद्वंद का शिकार था. सुभाष चंद्र बोस का तर्क था कि यह उचित अवसर है कि जब हम आंदोलन तेज कर देश को स्वतंत्र कर सके. बोस के भाषण में यह भी संकेत था कि भविष्य में वे आजाद हिन्द फौज बना कर ब्रिटिश साम्राज्य पर हमला करेंगे. पुस्तक में यह स्पष्ट किया गया है कि वे गांधी के अहिंसक सविनय अवज्ञा से संतुष्ट नहीं थे. वे संविधान सभा की मांग को भी आंदोलन को स्थगित करने का बहाना मात्र मानते थे.

इस पुस्तक में रामगढ़ अधिवेशन का विस्तृत वर्णन है. किन्तु यह पुस्तक वर्णनात्मक है इसमें तथ्यों का न्यूनतम विश्लेषण किया गया है. लेखक ने अधिवेशन के सूक्ष्म से सूक्ष्म तथ्यों का उल्लेख किया है. जैसे गांधीजी कब आए, उनका स्वागत किसने किया, मौलाना आजाद किस प्रकार की कार में आए, इत्यादि. इसमें रामगढ़ में अचानक हुई वर्षा का भी उल्लेख है जिसके कारण अधिवेशन की कार्रवाइयों में बाधा उत्पन्न हुई थी. लेखक का प्रयास सराहनीय है क्योंकि इस विषय पर इसके पूर्व इतिहासकारों और विद्वानों का ध्यान नहीं गया था. रामगढ़ अधिवेशन के बाद लगभग छह-साढ़े छह वर्षों तक कांग्रेस का कोई अधिवेशन नहीं हो सका क्योंकि तब द्वितीय विश्वयुद्ध प्रारंभ हो गया था.

लेखक ने पुस्तक को कुल 9 अध्यायों में बांटकर इस अधिवेशन के महत्त्व को निरूपित किया है. कुछ टंकन गलतियां रह गई हैं तथा दो तथ्य ऐसे हैं जो गलत प्रतीत होते हैं. प्रथमतः वार्साय को फ्रांस का एक नगर बताया गया जबकि वह पेरिस से 14 किमी दूर एक राजमहल था. इसी प्रकार शेख भिखारी और उमराव सिंह टिकैत को 1856 में फांसी देने का उल्लेख है जबकि उनकी फांसी 1858 में हुई थी. इस तरह की भूल सामान्यतः किसी भी पुस्तक में हो जाया करती है. अगले संस्करण में इन्हें संशोधित किया जा सकता है.

इन भूलों को नजरअंदाज करते हुए यह कहा जा सकता है कि लेखक का प्रयास सराहनीय है. उन्होंने कांग्रेस के 53 वें अधिवेशन को अभिलेखागार से निकालकर आम लोगों तक पहुंचा दिया. इससे इतिहास के विद्यार्थियों को बहुत लाभ होगा. झारखण्ड के क्षेत्रीय इतिहास के संदर्भ में यह पुस्तक मील का पत्थर साबित होगी. पुस्तक का मूल्य भी अधिक नहीं है कि छात्र इसे खरीद न सकें. पुस्तक का रंग रूप आकर्षक है. लेखक को साधुवाद दिया जाना चाहिए.




लेखक – बसंत हेतमसरिया
प्रकाशक – सुरभि प्रकाशन (किताबघर प्रकाशन समूह का उपक्रम)
पृष्ठ – 232, मूल्य – ₹450 (सजिल्द)
समीक्षा – डॉ. मोहित कुमार लाल,
( सहायक प्राध्यापक, स्नातकोत्तर इतिहास विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची)

## व्यंग्य » बर्बरीक

### हम आज़ाद हैं

आज़ादी की धमक हवाओं में है और चमक हमारी आंखों में. बहुत बरस हो गए हमारी आज़ादी को लेकिन कह नहीं सकते कि आज़ादी बुढ़ा गई क्योंकि मुल्क के हिसाब से यह उम्र बहुत ज़्यादा नहीं होती. आज़ादी के मज़े हमने खूब लिए पर जितने मज़े लिए उससे ज्यादा मुसीबत भी भोगी.

जब से आज़ाद हुए एक दल ने कहा कि हमने ही तो आज़ादी दिलवाई इसलिए आज़ादी की मलाई चाभने का अधिकार हमारा है. बापू बड़ा दूरदर्शी था. इस बात का अंदाज़ा लग गया था कि ये कीमत वसूलेंगे. कहते रहे दल को भंग कर दो. लेकिन जैसे घर में बड़े बूढ़े की बात को इग्नोर करने का प्रचलन है, कर दिया गया. हम भिड़ गए वसूली अभियान में. करने लगे देश का विकास. देश का कम हुआ अपना ज्यादा हुआ.

भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार है यह मान लिया गया. दस्तूरी, कमीशन, कटमनी, भेंट आदि के नाम दे दिए गए और ऊपर से नीचे तक गंगा बहने लगी. कवि कहने लगे -ऊपर ऊपर पी जाते हैं जो पीने वाले है/कहते ऐसे ही जीते हैं जो जीने वाले हैं. जीने वाले जीते रहे, आम जनता मरते रहे. गरीबी हटाओ हुआ जिसमें गरीब हट गया. अमीर गरीब के बीच खाई मस्त बढ़ती रही. जनसंख्या भी हर घड़ी बढ़ती रही. गरीबी रेखा बनाई गई जिसमें लोग ऊपर नीचे होते रहे. दो-तीन प्रतिशत लोग दोनों हाथों से बटोरते रहे, सत्तानबे प्रतिशत लुटते रहे. शहरों की रौनक बढ़ती गई गांव की जमकर घटती रही. भारत गांवों का देश है वाला मुहावरा पुराना पड़ गया. भारत शहरों, महानगरों, शापिंग मॉलों का देश बनता रहा. सब मिलकर गरीब की भलाई में लग गए. गरीब-गरीब का मंत्रजाप करते हुए अपनी गरीबी मिटाते रहे. बीच में भ्रष्टाचार मुक्त भारत का भी शोर उठा. भ्रष्टाचार तो क्या खत्म होता चिल्लाने वाले खत्म हो गए. आज़ादी का मतलब मूल्यों से आज़ादी मानने लगे. लूटने की आज़ादी मानने लगे. जिसको जहां मौका मिलता अपनी आज़ादी का प्रदर्शन करने लगता. सड़कों पर धार्मिक जुलूस, नमाज़, हथियार लहराने वाली भीड़ सब आज़ादी का प्रदर्शन करने लगे. रसूखदार लोग किनारे रहकर माल जमा करते रहे.

कवि कहता रहा - आज़ादी क्या तीन थके रंगों का नाम है/जिसे एक पहिया ढोता है/या इसका कोई खास मतलब होता है. और एक कवि ने कहा- भला कौन वह राष्ट्र गान में भारत भाग्य विधाता है/फटा सुथन्ना पहने जिसके गुन हरचरना गाता है. वही हरचरना अब भी पांच किलो राशन के लिए घंटों लाइन में लगता है. उसका बेटा नौकरी के लिए लाइन में खड़े खड़े बूढ़ा होता जा रहा है और एक तरफ कई हजार करोड़ एक सेठ पुत्र की शादी में खर्च कर दौलत का अश्लील प्रदर्शन होता है. तभी कवि कह गए हैं- किसकी है जनवरी किसका अगस्त है/सेठ यहां सुखी है सेठ यहां मस्त है. यही आज़ादी का हासिल है. सौ में सत्तर आदमी फिलहाल जब नाशाद है/तब कहो किस तरह देश यह आज़ाद है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



# ओलंपिक समापन समारोह आज, रंगारंग प्रस्तुति देंगे बिली इलिश

## भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे श्रीजेश व मनु भाकर

**पेरिस।** रविवार की रात को पेरिस ओलंपिक समापन समारोह होगा. समारोह रंगारंग होगा. इसमें बिली इलिश, स्नूप डॉग और रेड हॉट चिली पेपर्स टॉम क्रूज के रोमांचक स्टंट और जिमी फॉलन की मेजबानी के साथ सुर्खियां बटोरेंगे. बहुप्रतीक्षित प्रदर्शनों में प्री-रिकॉर्डेड और लाइव सेगमेंट का मिश्रण शामिल होगा. बहुप्रतीक्षित प्रदर्शनों में प्री-रिकॉर्डेड और लाइव सेगमेंट का मिश्रण शामिल होगा, जो सभी लॉस एंजिल्स से प्रसारित होंगे. इन प्रदर्शनों का समन्वय निर्माता बेन विंस्टन के कुशल हाथों में है, जो ग्रैमी अवाड्र्स जैसे प्रमुख लाइव संगीत कार्यक्रमों में अपने काम के लिए जाने जाते हैं. वैरायटी के अनुसार, विंस्टन लॉस एंजिल्स में होने वाले प्रदर्शनों को पेरिस समारोह में सहज रूप से शामिल करने का काम करेंगे. भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश 11 अगस्त को पेरिस 2024 ओलंपिक के समापन समारोह के दौरान मनु भाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक होंगे.

## इथियोपिया के टमिरेट टोला ने पुरुषों की मैराथन जीती

एजेंसी। पेरिस

इथियोपियाई धावक तामिरत टोला ने शनिवार को यहां पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की मैराथन जीतकर कीनिया का दबदबा खत्म किया. टोला ने दो घंटे छह मिनट 26 सेकेंड का समय निकालकर ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया, जबकि बेल्जियम के बशीर अब्दी 21 सेकंड पीछे रहकर दूसरे स्थान पर रहे. कीनिया के बेनसन किप्रूतो 34 सेकंड पीछे कांस्य पदक जीतने में सफल रहे. पुरुष वर्ग की



मैराथन जीतने वाले पिछले गैर कीनियाई एथलीट युगांडा के स्टीफन किप्रोटिच थे, जिन्होंने लंदन ओलंपिक 2012 में पहला स्थान हासिल किया था.

## ओलंपिक में अफगानिस्तान की ब्रेक डांसर अयोग्य घोषित

एजेंसी। पेरिस

अफगानिस्तान के रहने वाली और ओलंपिक में शरणार्थी टीम की तरफ से भाग ले रही ब्रेक डांसर मनिझा तलाश को शुक्रवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया, क्योंकि उन्होंने प्री क्वालीफायर के दौरान 'फ्री अफगान वूमेन' (अफगानिस्तान की महिलाओं को आजादी दो) के नारे वाली पोशाक पहन रखी थी. यह 21 वर्षीय ब्रेक डांसर अगर अयोग्य घोषित नहीं भी की जाती, तब भी आगे नहीं बढ़ पाती, क्योंकि वह भारत की




ब्रेक डांसर सार्डजो से हार गई थी. सार्डजो को बी-गर्ल इंडिया के नाम से जाना जाता है. ओलंपिक में खेल के मैदान और पोडियम पर राजनीतिक बयानों और नारों पर प्रतिबंध है.

### पेरिस ओलंपिक 2024 पदक तालिका

| देश | गोल्ड | सिल्वर | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. अमेरिका | 30 | 38 | 35 | 103 |
| 2. चीन | 30 | 25 | 19 | 74 |
| 3. ऑस्ट्रेलिया | 18 | 14 | 14 | 46 |
| 4. फ्रांस | 14 | 19 | 22 | 55 |
| 5. ब्रिटेन | 14 | 17 | 21 | 52 |
| 6. जापान | 13 | 8 | 13 | 34 |
| 7. द. कोरिया | 13 | 8 | 7 | 28 |
| 8. नीदरलैंड | 11 | 6 | 8 | 25 |
| 9. इटली | 10 | 11 | 9 | 30 |
| 10. जर्मनी | 10 | 9 | 6 | 25 |
| 64. भारत | 0 | 1 | 4 | 5 |

## केशव ने वेस्टइंडीज को बैकफुट पर भेजा

**पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)।** केशव महाराज के तीन विकेट की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोर कर बारिश से प्रभावित पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में अपना पलड़ा भारी रखा. वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 145 रन बनाए हैं और वह अभी दक्षिण अफ्रीका से 212 रन पीछे है. अफ्रीका ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 344 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन टीम 357 रन पर आउट हो गई. इसके जवाब में वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय एक विकेट पर 114 रन था लेकिन लगातार 28 ओवर करने वाले महाराज ने कीसी कार्टी और एलिक अथानाजे के विकेट लिए,

## कोको गाफ नेशनल बैंक ओपन से बाहर

**टोरंटो।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गाफ 14वीं वरीयता प्राप्त डायना स्नाइडेर से 6- 4, 6-1 से हारकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस से बाहर हो गई. स्नाइडेर का सामना अब छठी वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा से होगा, जिन्होंने एलिसे मर्टेंस को 6-2, 6-4 से मात दी थी. दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने कैटी बूल्टर को 6-3, 6-3 से हराया. गत चैम्पियन जेसिका पेगुला ने क्वालीफायर एशलिन क्रूगर को 6-2, 6-4 से मात दी. अब उनका सामना पेटोन स्टीयर्न्स से होगा, जो विक्टोरिया अजारेंका के जांघ में चोट के कारण कोर्ट छोड़ने के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई.

### कांस्य पदक विजेता रेसलर को पीएम नरेंद्र मोदी ने किया फोन

# अमन ने पीएम से किया वादा 2028 में जरूर लाएंगे गोल्ड

एजेंसी। पेरिस

21 वर्षीय पहलवान अमन सहरावत की प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज पर 13-5 की जीत ने भारत को खेलों का पहला कुश्ती पदक दिलाया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अमन सहरावत को फोन करके इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी. पीएम ने अमन से कहा, आपको बहुत-बहुत बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए भी शुभकामनाएं. आपने आपने नाम के अनुसार सारे देश का मन भर दिया है. बहुत कम खिलाड़ी ऐसे होते हैं, जो छत्रसाल स्टेडियम को अपना घर बना ले. देशवासियों के लिए आपका जीवन बहुत ही प्रेरक है. एक तो आप सबसे कम उम्र में ओलंपिक मेडल जीतने वाले एथलीट हैं. उधर अमन सहरावत ने पीएम मोदी से वादा किया वो 2028 के ओलंपिक में गोल्ड मेडल जरूर जीतेंगे और इसके लिए वो कड़ी मेहनत करेंगे. अमन ने कहा कि उन्होंने अपना शत प्रतिशत दिया. उम्मीद तो गोल्ड की थी लेकिन 2028 में जरूर लाएंगे. पीएम ने अमन से कहा, आपका जीवन संघर्ष से भरा है. मां-बाप को खोने के बाद भी आप डटे रहे.

अमन सोने का सपना लेकर ओलंपिक में उतरे थे, लेकिन उनकी कांस्य पदक जीत भी कम महत्वपूर्ण नहीं है. अमन ने कहा, मैं बहुत खुश हूं और यह पदक देश को समर्पित करना चाहता हूं. मैं स्वर्ण जीतना चाहता था लेकिन सेमीफाइनल में हार गया, लेकिन ओलंपिक पदार्पण पर पदक जीतना विशेष है. ओलंपिक में सुशील भाई (सुशील कुमार) ने जो यात्रा शुरू की थी, वह देश के लिए जारी है और आगे भी जारी रहेगी.

कुश्ती की संस्कृति भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है और मेरा मानना है कि एक दिन हम ओलंपिक में इतने ही पदक लाएंगे. प्यूर्टो रिको के पहलवान ने सिंगल लेग होल्ड से शुरुआती बढ़त बना ली, जिससे अमन बैकफुट पर आ गया. हालांकि, युवा भारतीय पहलवान अचंभित रहा, उसने तुरंत एकजुट होकर अंक हासिल करने के लिए क्रूज़ के कंधों को निशाना बनाते हुए हमलों की एक शृंखला शुरू की. क्रूज ने क्षण भर के लिए दो अंकों की चाल के साथ बढ़त हासिल कर ली, लेकिन अमन की लगातार जीत की खोज ने उसे मैच पर नियंत्रण वापस दिला दिया. घड़ी में केवल 37 सेकंड शेष रहते हुए, अमन ने तकनीकी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया.



### बचपन में ही माता-पिता को खो दिया था

हरियाणा के झज्जर के अमन ने बचपन में ही अपने माता-पिता को खो दिया था. उनके जाने के बाद से घर की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ गई थी. इसके अलावा उनकी एक छोटी बहन भी है, जिनकी पढ़ाई के खर्च की जिम्मेदारी भी उनके कंधों पर है. उनके सामने आर्थिक संकट भी था, लेकिन इन तमाम चुनौतियों के बावजूद उनके कड़े हौसलों ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है. अमन दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में कोच प्रवीण दहिया के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं.

## ...फिर अमन ने 10 घंटे में घटाया 4.6 किलो वजन

- सौना के पांच सत्र, ट्रेडमिल, लगातार अभ्यास किया

**पेरिस।** कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है और पेरिस ओलंपिक में भारत को कुश्ती का कांस्य पदक दिलाने वाले अमन सेहरावत को 4 . 6 किलो वजन खोना पड़ा. सेमीफाइनल में जापान के रेइ हिगुची से हारने के बाद अमन का वजन 61.5 किलो आया था. अब कांस्य पदक के प्लेआफ के लिए मैट पर उतरने से पहले उनके सामने वजन कम करने की चुनौती थी. ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाले भारत के सबसे युवा खिलाड़ी अमन ने 10 घंटे के भीतर 4 . 6 किलो वजन कम



किया क्योंकि उन्हें 57 किलोवर्ग के मुकाबले में उतरना था. दूसरे दिन सुबह वजन किया गया तो कोच जगमंदर सिंह और वीरेंदर दहिया ने राहत की सांस ली क्योंकि अमन का वजन निर्धारित सीमा के भीतर आया. कुछ दिन पहले ही विनेश फोगाट सौ ग्राम वजन अधिक पाये जाने के कारण फाइनल से अयोग्य करार दी गई थी. अमन ने 'मिशन ' की शुरुआत डेढ़ घंटे अपने दो सीनियर कोचों के साथ मैट पर अभ्यास करने के साथ की. इसके बाद एक घंटा गर्म पानी से स्नान किया. चूंकि पसीने से भी वजन कम होता है तो आधा घंटे के ब्रेक के बाद पांच-पांच मिनट के पांच 'सौना बाथ' सत्र हुए. आखिरी सत्र के बाद अमन का वजन 900 ग्राम अधिक था तो उनकी मालिश की गई और कोचों ने उसे हल्की जॉगिंग करने के लिए कहा. इसके बाद 15 मिनट दौड़ लगाई. सुबह 4.30 तक उसका वजन 56.9 किलो आ गया. इस दौरान उसे गर्म पानी के साथ नींबू और शहद और थोड़ी कॉफी दी गई.



## स्वदेश लौटी मेडलवीर भारतीय हॉकी टीम, ढोल-नगाड़े के साथ हुआ स्वागत

एजेंसी। नयी दिल्ली

पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार की सुबह अपने वतन लौटी. एयरपोर्ट पर हॉकी टीम का जोरदार स्वागत किया गया. कप्तान हरमनप्रीत सिंह और टीम का फूलों की मालाओं और ढोल ताशे के साथ स्वागत किया गया. पेरिस ओलंपिक में सबसे अधिक 10 गोल दागने वाले हरमनप्रीत ने कहा कि हमें पूरा सहयोग मिला और हमारी सारी जरूरतें पूरी की गयी. हम धन्यवाद देना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि हॉकी के लिए यह बड़ी उपलब्धि है. इस प्यार से हमारी जिम्मेदारी बढ़ गयी है. हम हर बार पदक जीतकर लौटने की कोशिश करेंगे.

**श्रीजेश सहित अन्य समापन समारोह के बाद लौटेंगे भारत :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सभी सदस्य भारत नहीं लौटे हैं. गोलकीपर पीआर श्रीजेश, अमित रोहिदास, राजकुमार पाल, अभिषेक, सुखजीत सिंह और संजय समापन समारोह के बाद लौटेंगे. पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में श्रीजेश और निशानेबाज मनु भाकर भारत के ध्वजवाहक होंगे. बता दें कि भारतीय टीम ने गुरुवार को स्पेन को कांस्य पदक मुकाबले में 2.1 से हराकर कांस्य जीता था. यह हॉकी का 13वां ओलंपिक पदक है.टोक्यो ओलंपिक के बाद भारत ने पेरिस में ब्रॉन्ज जीतकर लगातार दूसरी बार ओलंपिक में मेडल अपने नाम किया. भारत ने इससे पहले 52 साल पहले ओलंपिक में लगातार 2 मेडल जीते थे. वहीं 1960 से 1972 तक भारत ने हॉकी में लगातार 4 मेडल जीते थे. फिर 1976 ओलंपिक में देश को कोई मेडल नहीं मिला. इसके बाद 1980 में गोल्ड जीतकर परचम लहराया था. हॉकी में ओवरऑल यह भारत का ओलंपिक में 13वां मेडल है. इनमें 8 मेडल गोल्ड हैं.



### यह जीत आपकी दृढ़ता, टीम वर्क और जज्बे का प्रमाण है: खेल मंत्री

**नयी दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम को शनिवार को यहां सम्मानित करते हुए उनकी दृढ़ता और अदम्य जज्बे की सराहना की. मांडविया ने यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में कहा, आपने भारत को बहुत गौरव दिलाया है और लाखों युवा खिलाड़ियों को अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है. मांडविया ने खिलाड़ियों के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि वैश्विक मंच पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने पूरे देश को गर्व से भर दिया है. पूरे देश को आपकी उपलब्धि पर गर्व है. यह जीत आपकी दृढ़ता, टीम वर्क और अदम्य जज्बे का प्रमाण है.

### ओलंपिक रेसलिंग दो बार की वर्ल्ड चैम्पियन मेडलिस्ट किर्गिस्तान की एपेरी काइजी ने हराया

# महिला रेसलर रीतिका हुड्डा कड़े मुकाबले में क्वार्टर फाइनल में हारीं

एजेंसी। पेरिस

भारतीय रेसलर रीतिका हुड्डा को महिला वर्ग के 76 किलो फ्रीस्टाइल रेसलिंग के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा. शनिवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल में रीतिका को शीर्ष वरीयता प्राप्त और दो बार की वर्ल्ड चैम्पियनशिप मेडलिस्ट किर्गिस्तान की एपेरी काइजी ने हराया. मुकाबले की समाप्ति के समय स्कोर 1-1 से बराबर था. लेकिन आखिरी अंक एपेरी काइजी को मिला था, जिसके चलते वह विजेता बनने में कामयाब रहीं. रीतिका के पास अब रेपचेज के जरिए ब्रॉन्ज मेडल जीतने का मौका होगा. ऐसे में रीतिका को यह दुआ करनी



होगी कि एपेरी काइजी इस इवेंट के फाइनल में पहुंच जाएं. रीतिका का क्वार्टर फाइनल मुकाबला काफी कड़ा रहा और दोनों रेसलर ने पैसिविटी के जरिए 1-1 अंक बनाएं. बता दें कि फ्रीस्टाइल कुश्ती में पैसिविटी का उपयोग मैच को आक्रामक करने के लिए भी किया जाता है. ऐसा तब होता है जब किसी भी पहलवान ने पहले दो मिनट के भीतर एक भी अंक हासिल न किया हो. ऐसे मामले में जो रेसलर कम आक्रामक रहता है, उसे 30 सेकंड के अंडर एक अंक लेना रहता है. यदि तीस सेकंड के भीतर वह रेसलर अंक नहीं लाता है तो विपक्षी टीम को एक पॉइंट मिल जाता है.पहले हाफ में पैसिविटी के जरिए रीतिका हुड्डा ने 1 अंक लिया. फिर दूसरे हाफ में किर्गिस्तान की रेसलर ने पैसिविटी के जरिए 1 अंक लिए. कुश्ती के नियमों के अनुसार जो रेसलर अंतिम तकनीकी अंक हासिल करता है, उसी जीत मिलती है. चूंकि आखिरी अंक किर्गिस्तान की रेसलर ने हासिल किया था, ऐसे में उसे जीत मिली. रीतिका हुड्डा ने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में रीतिका हुड्डा ने हंगरी की रेसलर बर्नाडेट नागी को 12-2 से हरा दिया था. रीतिका प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हंगरी की रेसलर पर पूरी तरह भारी पड़ीं. रीतिका टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर जीत गईं. बता दें कि यदि कोई पहलवान 10 अंकों की लीड बना लेता है, तो मुकाबला वहीं समाप्त कर दिया जाता है.

### कुश्ती में भारत के अब तक के ओलंपिक मेडल

| | |
|---|---|
| 1. केडी जाधव- | कांस्य पदक, हेलसिंकी ओलंपिक (1952) |
| 2. सुशील कुमार- | कांस्य पदक, बीजिंग ओलंपिक (2008) |
| | रजत पदक : लंदन ओलंपिक (2012) |
| 3. योगेश्वर दत्त- | रेपचेज से कांस्य पदक : लंदन ओलंपिक (2012) |
| 4. साक्षी मलिक- | कांस्य पदक : रियो ओलंपिक (2016) |
| 5. रवि कुमार दहिया- | रजत पदक : टोक्यो ओलंपिक (2020) |
| 6. बजरंग पूनिया- | कांस्य पदक : टोक्यो ओलंपिक (2020) |
| 7. अमन सहरावत- | कांस्य पदक : पेरिस ओलंपिक (2024) |

## बीसीबी ने महिला टी20 विश्व कप के लिए सेना से मदद मांगी

भाषा। ढाका

पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाए जाने के बाद बांग्लादेश में बनी राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने देश के सेवा प्रमुख से तीन से 20 अक्टूबर के बीच होने वाले महिला टी20 विश्व कप के आयोजन के लिए सुरक्षा का आश्वासन मांगा है. महिला टी20 विश्व कप बांग्लादेश के दो शहरों सिलहट और मीरपुर में आयोजित किया जाएगा. टूर्नामेंट के अभ्यास मैच 27 सितंबर से शुरू हो जाएंगे. क्रिकबज के अनुसार, बीसीबी ने बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वेकर उज जमान को पत्र लिखकर टूर्नामेंट के आयोजन के लिए सुरक्षा आश्वासन मांगा है. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भी बांग्लादेश की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं, जहां सरकार के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शनों में सैकड़ों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और शेख हसीना को अपना पद छोड़ना पड़ा. आईसीसी समान समय क्षेत्र में इस टूर्नामेंट का आयोजन कर सकता है और ऐसे में उसके पास भारत, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका विकल्प होंगे. बीसीबी अंपायरिंग कमेटी के अध्यक्ष इफ्तिखार अहमद मिठू ने कहा, हम टूर्नामेंट की मेजबानी करने की कोशिश कर रहे हैं. हमने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की सुरक्षा को लेकर आश्वासन मांगने के संबंध में गुरुवार को सेना प्रमुख को एक पत्र भी भेजा है.

## ब्रीफ खबरें

### गवर्नर करेंगे दीक्षारंभ समारोह का उद्घाटन

**पूर्वी चंपारण ।** महात्मा गांधी केंद्रीय विवि द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए 13 अगस्त, 2024 को आयोजित होने होने वाले दीक्षारंभ समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे. इसकी जानकारी देते कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि दीक्षारंभ समारोह 13 अगस्त को तीन सत्रों में मोतिहारी के राजा बाजार स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित होगा. इस समारोह के उद्धघाटन मुख्य अतिथि राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे.

### अंतर जिला गिरोह के छह लुटेरे गिरफ्तार

**नवादा ।** नवादा पुलिस ने शनिवार को अंतर्जिला लुटेरा गिरोह का पर्दाफाश किया है. पिछले दिनों नवादा जिले के हिसुआ में हथियार का भय दिखाकर राहगीर से बुलेट लूटकांड में कार्रवाई करते हुए नवादा पुलिस ने विभिन्न जिले के 6 अंतर्जिला अपराधियों को गिरफ्तार किया है.गिरफ्तार अपराधियों में नालंदा जिले के दारोगा बिगहा निवासी मैहर कुमार, बख्तियारपुर के लक्ष्मण पासवान, बिहार शरीफ के सावगढ़ के निवासी गोल्डी सिंह, बेगूसराय जिले के सांभो सरलाही गांव का विकास कुमार, नालंदा के सिलाव थाना क्षेत्र के पाकी निवासी चुन्नू सिंह और पटना छड्डुचक निवासी नितिंद्र कुमार शामिल है.

### नालंदा में वज्रपात से किसान की मौत

**बिहारशरीफ ।** नालंदा जिले के वेन थानाक्षेत्र के लालगंज खंधा में शनिवार की सुबह वज्रपात से एक किसान की मौत हो गयी. मृतक की पहचान लालगंज गांव निवासी 35 वर्षीय किसान राजबल्लम प्रसाद के रूप में की गयी है. घटना की जानकारी देते हुए पास में मवेशी चरा रहे लोगों ने बताया कि उक्त किसान बारिश से बचने के लिए पेड़ के निकट छिप गये थे. वहीं पर वज्रपात की चपेट में आ जाने से पूरा शरीर झुलस गया और तत्काल ही घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी. मृतक के परिवार नें बताया कि शनिवार कि सुबह खेत में खाद देने के लिए खाद लाने बाजार जा रहे थे.

## मधुबनी में 600 रुपये के लिए मजदूर की हत्या, मचा हड़कंप

# पैसे मांगने पर मैनेजर ने तीसरी मंजिल से फेंका, मौत

**संवाददाता ।मधुबनी**

मधुबनी जिले के झंझारपुर अनुमंडल अस्पताल रोड में पूर्व ओशो नगरी कॉलोनी में शुक्रवार को 600 रुपये मजदूरी मांगने गए एक मजदूर को माइक्रो फाइनेंस कंपनी के सनकी मैनेजर ने उसको तीसरी मंजिल के छत से नीचे फेंक दिया. मृतका की पत्नी माइक्रो फाइनेंस कंपनी में सफाई का काम करती थी, जिसकी मजदूरी मांगने अपने पति और पुत्र के साथ गई थी. घटना की सूचना पर भारी भीड़ ने सनकी मैनेजर की पिटाई कर दी. इस घटना को लेकर आक्रोशित लोगों ने जमकर बवाल किया. घटना की सूचना मिलने के


रोते-बिलखते परिजन

बाद मौके पर झंझारपुर के डीएसपी पवन कुमार सहित कई थानों की पुलिस पहुंची और लोगों को समझाने में जुट गई. मिली जानकारी के अनुसार झंझारपुर में किराए के एक मकान संचालित डीजेटी फाइनेंशियल सर्विस लिमिटेड के सनकी मैनेजर संतोष कुमार यादव ने मजदूर को तीसरी मंजिल के छत पर ले जाकर नीचे फेंक दिया. आरोप है कि सनकी मैनेजर संतोष कुमार और कर्मी सौरभ कुमार, बिमल कुमार, मुकेश कुमार, राहुल कुमार झा, हरिशंकर कुमार, राहुल गिरी, अखिलेश कुमार सभी एक साथ मजदूर के साथ मारपीट करते हुए दूसरे मंजिल से तीसरी मंजिल पर लेकर गए और वहां से नीचे फेंक दिया. छत से नीचे गिरते ही मजदूर झोटई मंडल का सिर फट गया जिससे उसकी मौत हो गई.

**स्थानीय लोगों ने किया हंगामा :** वहीं, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया. स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन के काफी समझाने के बाद आक्रोशित लोग शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के लिए तैयार हुए. मृतक मजदूर की पहचान झंझारपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 के बेलराही गांव निवासी झोटाई मंडल के रूप में हुई है.

**डीएसपी ने दी जानकारी :** डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि सूचना पर झंझारपुर थाना सहित अन्य थानों की पुलिस अनुमंडल अस्पताल पहुंची उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधुबनी भेज दिया. यह अमानवीय घटना है. घटना की जांच की जा रही है. अभी एक घायल सहित चार लोग पुलिस के हिरासत में हैं.

# गांजा तस्करी में एक को दस साल की सजा और अर्थदंड

- छापेमारी के दौरान उसके घर में रखें एक प्लास्टिक के बोरा में रखे 31 किलो प्रतिबंधित गांजा बरामद
- दोनों पक्षों के दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने दोषी पाया

**संवाददाता ।पूर्वी चंपारण**

एनडीपीएस कोर्ट-2 के अनन्य विशेष न्यायाधीश सूर्यकांत तिवारी ने शनिवार को गांजा तस्करी मामले में दोषी पाते हुए नामजद एक अभियुक्त को दस वर्षों का सश्रम कारावास एवं दो लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाए है.

अर्थ दंड नहीं देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी. सजा सुगौली थाना के श्रीपुर भटवलिया निवासी रोज मोहम्मद मियां को हुई. मामले में तत्कालीन सुगौली थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने सुगौली थाना में मामला दर्ज कराते हुए रोज मोहम्मद मियां को नामजद किया था, जिसमें कहा था कि 18 मार्च 2022 के पूर्वाह्न 11.30बजे गुप्त सूचना पर नामजद अभियुक्त के घर छापेमारी की गई. जांच के दौरान उसके घर में रखें एक प्लास्टिक के बोरा में रखे 31 किलो प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया एनडीपीएस वाद संख्या 22/2022 विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक प्रभाष त्रिपाठी ने आठ गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियोजन पक्ष रखा. दोनों पक्षों के दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने नामजद अभियुक्त को दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाए.

## बेगूसराय : घटना बछवारा थाना क्षेत्र के चिरंजीवीपुर गांव की है

# गला रेतकर पति-पत्नी व बेटी की हत्या, बेटे की हालत नाजुक

**संवाददाता ।पटना**

बेगूसराय में शुक्रवार रात एक ही परिवार के तीन लोगों की गला रेतकर हत्या कर दी गई. घटना बछवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत रसीदपुर के चिरंजीवीपुर गांव की है. पुलिस के मुताबिक, सोए अवस्था में अपराधियों ने एक ही परिवार के चार लोगों का धारदार हथियार से गर्दन काट दी. इसमें पति-पत्नी और बेटी की मौत हो गई है जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे पीएससी में भर्ती कराया, उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. इतना ही नहीं अपराधियों ने चारों के शरीर पर एसिड भी डाल दिया. मरने वालों की पहचान संजीवन महतो, संजीता देवी और सपना कुमारी के रूप में हुई है. बेटे अंकुश कुमार की हालत गंभीर है. उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

बछवाड़ा थाने के मुताबिक, संजीवन महतो के परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे. इस बीच अपराधियों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से पति-पत्नी और उनके पुत्र-पुत्री की गर्दन काट दी. पति-पत्नी और पुत्री की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया. बताया जा रहा है कि संजीवन महतो ने दो शादी की थी. पहले से एक बड़ा लड़का है. ग्रामीणों का कहना है कि आपसी रंजिश में ही अपराधियों ने इस बड़ी घटना को अंजाम दिया है. घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बछवाड़ा थाना पुलिस को दी. सूचना पर पहुंची पुलिस वारदात की जांच-पड़ताल कर रही है.

**अपराधियों ने चारों के शरीर पर एसिड भी डाल दिया**



### संदिग्ध हालत में सब-इंस्पेक्टर की सरकारी क्वार्टर में मौत

**शेखपुरा ।** शेखपुरा में एक थानेदार की संदिग्ध हालत में मौत हो गई. विभाग का कहना है कि उनकी मौत उनके सरकारी क्वार्टर में हुई है. घटना बरबीघा प्रखंड क्षेत्र की है. थानेदार बांका जिला के अमरपुर गांव के निवासी बालमुकुंद राय (50) के रूप में हुई है. बालमुकुंद की अचानक मौत से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है. घटना की जानकारी मिलते ही एसपी बलीराम चौधरी, डीएसपी अरविंद कुमार सिन्हा, मुख्यालय डीएसपी सहित जिले भर के थाने की पदाधिकारी रेफरल अस्पताल बरबीघा पहुंच गए. बालमुकुंद मिशन थाना में थानाध्यक्ष के रूप में पदस्थापित थे.

## पूर्णिया की कोसी नदी में डूबी नाव

# नाव डूबी, 10 लोग सवार थे, महिला बेहोश

**संवाददाता ।पूर्णिया**

पूर्णिया जिले की कारी कोसी नदी में नाव डूब गई. नाव पर नाविक सहित दस से ज्यादा लोग सवार थे. बताया जा रहा है कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से सभी को बचा लिया गया. नाव पर बाइक और साइकिल भी लदी थी. नाव ओवरलोड थी. घटना के बाद एक महिला बेहोश हो गई, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया. अभी वह ठीक है. सूचना पर श्रीनगर थाना पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा. यह घटना श्रीनगर प्रखंड के बेलारीकाबगंज के रंथाघाट घाट पर जोका जलमराय गांव में हुई. स्थानीय लोगों ने बताया कि रोजाना की तरह शनिवार सुबह करीब नौ बजे जोका जलमराय गांव की महिलाएं और पुरुष मजदूर नाव से पूर्णिया आ रहे थे. इसी दौरान नाव पानी में डूब गई. डूबती नाव को देख स्थानीय गोताखोर नदी में कूद पड़े. कुछ ने खुद तैरकर अपनी जान बचाई. कुछ को स्थानीय गोताखोरों ने बचाया. मौके पर हजारों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई. ग्रामीणों ने बताया कि जोका जलमराय गांव की आबादी लगभग तीन हजार के आसपास है, जिनका आवागमन का सहारा एक मात्र नाव ही है. गर्मियों के समय में इस क्षेत्र में कारी कोसी नदी में पानी कम होने पर यहां के लोग चचरी पुल बनाकर नदी को पार करते हैं. बारिश के सीजन में हर बार की तरह इस बार भी चचरी पुल पानी में बह चुका है. पानी का बहाव तेज हो गया है, ऐसे में ग्रामीणों के आवागमन का एक मात्र सहारा नाव ही बचा है.

### शराब के साथ महिला सहित तीन गिरफ्तार

**गोपालगंज ।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर जिले के कई थानों के पुलिस ने शराब के विरुद्ध छापेमारी कर 611 ली देशी विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार पिकअप व दो बाइक जब्त किया गया. गोपालपुर थाना क्षेत्र के सपहा नहर पुल के पास से एक बाइक एवं 368 लीटर देशी शराब बरामद तथा बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी कर एक पिकअप गाड़ी पर लदा 207.360 लीटर विदेशी शराब के साथ मनीष कुमार को गिरफ्तार किया. पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है.

## डीआरआई पटना को मिली बड़ी सफलता

# विदेशी मूल की 3,74,000 सिगरेट पुलिस ने पकड़ी

**संवाददाता ।पटना**

डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की पटना इकाई ने परसौनी खेम टोल प्लाजा पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेशी मूल की 3,74,000 सिगरेट की खेप बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत 63 लाख 58 हजार रुपये बताई जा रही है. इस दौरान ट्रक को भी जब्त कर ट्रक के ड्राइवर और खलासी को गिरफ्तार कर लिया गया है. डीआरआई पटना तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी क्रम में चकिया के परसौनी खेम टोल प्लाजा पर एक संदिग्ध कंटेनर ट्रक को शनिवार रोककर तलाशी ली गई. इस दौरान चालक की सीट के पीछे विशेष रूप से बनाए गए कैविटी में छिपाकर रखे गए 3,74,000 सिगरेट की खेप बरामद की गई. ट्रक के चालक और खलासी ने स्वीकार किया कि ये सिगरेट विदेशी मूल की हैं और म्यांमार से तस्करी कर लाई गई हैं. स्थानीय सिगरेट उद्योग ने म्यांमार से सिगरेट की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी.

## कारोबार

### एमआरएफ का मुनाफा घटकर 571 करोड़ हुआ

**नयी दिल्ली ।** टायर विनिर्माता कंपनी एमआरएफ का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर तीन प्रतिशत घटकर 571 करोड़ रुपये रह गया. कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में मुनाफा 589 करोड़ रुपये रहा था. एमआरएफ लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन अवधि में उसकी कुल आय बढ़कर 7,280 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में यह 6,515 करोड़ रुपये थी.

### केपीआई ग्रीन एनर्जी का लाभ दोगुना हुआ

**नयी दिल्ली ।** केपीआई ग्रीन एनर्जी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून तिमाही में 66.11 करोड़ रुपये रहा है. कंपनी ने कहा कि उसके मुनाफे में वृद्धि मुख्य रूप से आमदनी बढ़ने के कारण हुई है. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 33.26 करोड़ रुपये रहा था. केपीआई ग्रीन एनर्जी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आमदनी बढ़कर 349.85 करोड़ रुपये रही है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 190.56 करोड़ रुपये थी.

### सीमेंस का जून तिमाही का शुद्ध लाभ 25% बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** सीमेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के लिए 25 प्रतिशत बढ़कर 531 करोड़ रुपये रहा है. कंपनी ने कहा कि उसके मुनाफे में यह उछाल आमदनी बढ़ने के कारण आई है. सीमेंस का वित्त वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक रहता है. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 424 करोड़ रुपये रहा था. कंपनी ने कहा कि उसकी आमदनी सात प्रतिशत बढ़कर जून तिमाही में 4,714 करोड़ रुपये हो गई है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,407 करोड़ रुपये था. कंपनी का नया ऑर्डर जून तिमाही में 18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,245 करोड़ रुपये का है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,288 करोड़ रुपये था.


**फिल्म का प्रमोशन**
अभिनेता राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर जयपुर में अपनी आगामी फिल्म स्त्री 2 के प्रचार के दौरान तस्वीरों के लिए पोज देते हुए.

### नजारा ने फ्यूजबॉक्स गेम्स का 228 करोड़ में अधिग्रहण किया

**नयी दिल्ली ।** गेमिंग कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज ने ब्रिटेन स्थित आईपी-आधारित गेमिंग स्टूडियो फ्यूजबॉक्स गेम्स को 228 करोड़ रुपये में खरीदने की घोषणा की. उन्होंने कहा, भारत की एकमात्र सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध विविध गेमिंग और स्पोर्ट्स मीडिया कंपनी नजारा टेक्नोलॉजीज ने फ्यूजबॉक्स गेम्स के अधिग्रहण की घोषणा की है. वह फ्यूजबॉक्स को 228 करोड़ रुपये नकद सौदे में खरीदेगी. फ्यूजबॉक्स इंटरैक्टिव स्टोरी गेम 'लव आइलैंड' प्रकाशित करता है और लोकप्रिय वैश्विक टीवी आईपी पर आधारित नए गेम विकसित कर रहा है. सीईओ नितीश मित्तरसेन ने कहा, हम एक आईपी आधारित वैश्विक गेमिंग व्यवसाय बनाने में बड़ा अवसर देखते हैं, जिसे भारत में हमारे मुख्य आधार से लाभ मिलेगा.

# गाजियाबाद की गारमेंट इंडस्ट्री में बूम आने की संभावना

## बांग्लादेश संकट से प्रभावित हो रही है वहां की गारमेंट इंडस्ट्री

**भाषा ।नयी दिल्ली**

बांग्लादेश में जो तख्ता पलट हुई है, उससे आम जनजीवन काफी प्रभावित हुई है. राजनीतिक अस्थिरता का सीधा असर व्यवसाय पर भी पड़ा है. इसमें सबसे अधिक नुकसान गारमेंट इंडस्ट्री को हुई है. जबकि वहां इस उद्योग से काफी रोजगार और आय होती है. बांग्लादेश के साहिबाबाद और ट्रॉनिका सिटी में गारमेंट की 500 से अधिक फैक्ट्रियां हैं, जो विदेश में माल एक्सपोर्ट करती हैं. बताया जा रहा है कि विश्व के टॉप गारमेंट ब्रांड बांग्लादेश में अपना माल तैयार कराते हैं. इसकी बड़ी वजह कुछ मामले में वहां एक्सपोर्ट ड्यूटी नहीं होना है. साथ ही लेबर बहुत सस्ती मिल जाती है. लेकिन अस्थिरता की वजह से विदेशी



कंपनियां अब भारत की तरफ मुड़ सकती हैं. इससे गाजियाबाद के गारमेंट बाजार में बूम आने की संभावना जतायी जा रही है.

इसके अलावा कंपनियां वियतनाम में भी माल तैयार कराने को प्राथमिकता देती है. बताया जा रहा है कि जिस हिसाब से बांग्लादेश में हालात खराब हुए हैं, यदि कुछ दिन ऐसे ही रहा तो भारत के गारमेंट्स मार्केट में तेजी से ऑर्डर आने लगेंगे. फिलहाल

**बढ़ेगा कारोबार**

- बांग्लादेश में एक्सपोर्ट ड्यूटी नहीं लगती है
- बांग्लादेश में लेबर बहुत सस्ते में ही मिल जाते हैं

गाजियाबाद के उद्योगपति इसके लिए खुद को पूरी तरह से तैयार बता रहे हैं. साहिबाबाद के गारमेंट कारोबारी विमल मुंदड़ा ने कहा कि बांग्लादेश में तनाव जारी रहा तो कुछ समय के लिए निर्यात के कुछ ऑर्डर इंडियन मार्केट को ट्रांसफर हो सकते हैं. यहां के कपड़ों की क्वालिटी बेहतर होती है. अभी अति पिछड़ा देश होने के कारण बांग्लादेश के एक्सपोर्टर्स को इंपोर्ट ड्यूटी नहीं देना पड़ती है.

इस तरह ट्रोनिका सिटी के गारमेंट कारोबारी निखिल जैन ने कहा कि बांग्लादेश में जिस तरह से हालात खराब हुए हैं, इससे बड़े ब्रांड अब अपनी फैक्ट्रियों को वहां से शिफ्ट भी करना शुरू कर सकती हैं. जाहिर है वहां के कारोबारियों को इसका सीधा फायदा मिलेगा. जहां तक गाजियाबाद की गारमेंट इंडस्ट्री में बूम आने की बात है तो यह तय है कि अगर बांग्लादेश में उत्पादन प्रभावित होगा तो ऑर्डर इंडिया की इंडस्ट्री के पास ही आएगा. गारमेंट कारोबारी दीपक कुमार ने कहा कि भारत के गारमेंट बाजार को सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा बांग्लादेश के मार्केट से ही करनी पड़ती है. लेकिन, अब वहां हालात खराब हैं तो इसका फायदा गाजियााबाद समेत भारत के अन्य गारमेंट मार्केट को मिलना तय है.

# डॉ. बासु ग्रुप ने तीन साल में 100 करोड़ रुपये राजस्व का रखा लक्ष्य

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

आंखों के आयुर्वेदिक अस्पताल चलाने वाली घरेलू कंपनी डॉ. बासु ग्रुप ने पोषक उत्पादों की श्रेणी में कदम रखा है. इसके साथ कंपनी ने तीन साल में राजस्व 100 करोड़ रुपये पहुंचाने का लक्ष्य रखा है. कंपनी मुंबई में आंखों का नया अस्पताल खोलने की भी योजना बना रही है. फिलहाल कंपनी दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बरेली में आंखों के आयुर्वेदिक अस्पताल संचालित कर रही है. डॉ. बासु ग्रुप के निदेशक डॉ. मनदीप सिंह बासु ने पीटीआई-भाषा से कहा कि उनकी कंपनी ने आंखों के लिए पोषक उत्पाद की श्रेणी में कदम रखते हुए आइसोटिन आई गमीज पेश की है. यह विशेष रूप से बच्चों और बड़ों के लिए आंखों को पोषण देने के लिए तैयार की गई हैं. उन्होंने कहा, मोबाइल पर अधिक समय बिताने के साथ आई स्ट्रेन की समस्या बढ़ी है. हमारा उत्पाद आइसोटिन आई गमीज, बच्चों और बड़ों दोनों में आंखों के स्वास्थ्य को बेहतर करने और बनाए रखने के लिए एक प्राकृतिक और प्रभावी समाधान प्रदान करती है. राजस्व से जुड़े एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, 2023-24 में यह 35 करोड़ रुपये था. चालू वित्त वर्ष में इसके 50 करोड़ रुपये जबकि 2026-27 तक इसके 100 करोड़ रुपये हो जाने का लक्ष्य रखा गया है.


**ज्वेल्स शो-2024** बेंगलुरु में एशिया ज्वेल्स शो 2024 के उद्घाटन के बाद मॉडल प्राचीन आभूषण प्रदर्शित करते हैं.

**आकर्षक** भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल को वित्त मंत्री सीतारमण ने किया संबोधित, बोलीं

# बैंकों को जमा राशि जुटाने के लिए आकर्षक उत्पाद लाने चाहिए

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बैंकों को जमा राशि जुटाने के लिए अनूठी और आकर्षक योजनाएं लानी चाहिए. भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल को संबोधित करने के बाद सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा, जमा और उधार एक गाड़ी के दो पहिए हैं और जमा धीरे-धीरे रही है. उन्होंने कहा कि बैंकों को कोर बैंकिग यानी मुख्य कारोबार पर ध्यान देने की जरूरत है. इसमें जमा राशि जुटाना और जिन्हें कोष की जरूरत है, उन्हें कर्ज देना शामिल है. सीतारमण ने जमा और कर्ज के बीच अंतर को दूर करने के लिए बैंकों से



लोगों से धन जुटाने के लिए 'अनूठी और आकर्षक' जमा योजनाएं लाने को कहा. आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा कि ब्याज दरें नियंत्रणमुक्त हैं और अक्सर बैंक धन आकर्षित करने के लिए जमा दरें बढ़ाते हैं. दास ने कहा, बैंक ब्याज दर पर निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं. उन्होंने इसी सप्ताह द्विमासिक मौद्रिक नीति पेश करते हुए बैंकों में जमा और कर्ज के बीच बढ़ते अंतर पर चिंता जतायी थी. उन्होंने कहा था कि बैंक कर्ज की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अल्पकालिक गैर-खुदरा जमा और देनदारी के अन्य साधनों का अधिक सहारा ले रहे हैं. दास ने आगाह करते हुए कहा कि यह बैंकों में संरचनात्मक रूप से नकदी के मुद्दों को सामने ला सकता है. इसीलिए, बैंक नवीन उत्पादों और सेवा पेशकशों के माध्यम से और अपने विशाल नेटवर्क का लाभ उठाकर घरेलू वित्तीय बचत जुटाने पर अधिक ध्यान दे सकते हैं.

### सरकारी हरित बॉन्ड कारोबार होगा शुरू

**नयी दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शनिवार को कहा कि गुजरात स्थित अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में सरकारी हरित बांड कारोबार शुरू हो सकता है. दास ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) के साथ चर्चा कर रहे हैं. इसे जल्द ही चालू किया जाएगा. मुझे लगता है कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में यह शुरू हो जाएगा. उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने घोषणा की थी कि वह गिफ्ट सिटी में सरकारी हरित बॉन्ड के कारोबार को सुगम बनाने के लिए एक रूपरेखा जारी करेगा.

# एमजी मोटर इंडिया ने इलेक्ट्रिक वाहनों की नयी श्रृंखला पेश की

**गुरुग्राम ।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए इनोवेशन की नयी श्रृंखला को पेश किया. इस कार्यक्रम का आयोजन कंपनी की ओर से भारत मंडपम, नई दिल्ली में विविधतापूर्ण ऑटोमोटिव और ईवी इकोसिस्टम के अग्रणी इंडस्ट्री खिलाड़ियों के साथ मिलकर किया गया था. अपनी तरह का पहला यह कार्यक्रम ईवी तकनीक को आगे बढ़ाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने के साथ परेशानी मुक्त स्वामित्व अनुभव प्रदान करने के लिए मजबूत ईवी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए निर्माताओं की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है. इस कार्यक्रम में एमजी ईहब को लॉन्च किया गया, जो एक ओईएम की ओर से इंडस्ट्री का पहला और सबसे बड़ा चार्जिंग प्लेटफॉर्म है.

**यूटिलिटी वेहिकल विंडसर में मिलेगी पहली एयरो-लाउंज सीट :** भारत में जल्द लॉन्च होने वाले क्रॉस ओवर यूटिलिटी व्हीकल विंडसर में इस सेगमेंट की पहली एयरो-लाउंज सीटें दी जा रही हैं. ये खास सीटें लग्जरी और कंफर्ट का बेजोड़ मिश्रण हैं, जो इसमें बैठने वालों को बेहतरीन सफर अहसास देंगी.

### ब्रीफ खबरें

#### आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान शहीद

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो रही है. दोपहर बाद हुई इस मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए, वहीं तीन जवान घायल भी हैं. घायलों को अस्पताल ले जाया गया है. घने जंगल के भीतर आतंकियों की तलाश जारी है. बता दें कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में शनिवार को दोपहर बाद मुठभेड़ शुरू हुई थी. सेना की ओर से जारी किए गए खबरों में दो जवानों की शहादत की खबर आई, साथ ही तीन जवानों के घायल होने की भी जानकारी मिली.

#### जवानों ने तीन किलो हेरोइन किया बरामद

**जयपुर ।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने राजस्थान के अनूपगढ़ जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास तीन किलो हेरोइन बरामद की है. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि सीमा पार से ड्रोन के जरिए हेरोइन की तस्करी की जा रही थी जिसकी अनुमानित कीमत 15 करोड़ रुपये आंकी गई है. अनूपगढ़ के थानाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि 30 एपीडी गांव के पास शनिवार सुबह एक खेत में ड्रोन पड़ा मिला जिसकी सूचना एक किसान ने बीएसएफ को दी.

#### जेपी नड्डा ने कांग्रेस को 'नकली देशभक्त' बताया

**राजकोट ।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसके नेताओं को नकली देशभक्त बताया और उन पर समाज को बांटने तथा केवल एक परिवार की चिंता करने का आरोप लगाया. गुजरात के राजकोट में भाजपा की तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाने से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि संकीर्ण सोच और छोटी सोच वाले ये लोग 'भारत जोड़ो यात्रा' के जरिए देश को जोड़ने में व्यस्त हैं, लेकिन उन्होंने भारत को एकजुट करने में सरदार पटेल के योगदान की उपेक्षा की.

#### गड्ढे में डूबने से तीन बहनों की मौत

**रीवा ।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में बारिश के पानी से भरे एक निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में तीन नाबालिग बहनें डूब गईं, जिससे उनकी मौत हो गई. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के तमारा गांव में हुई. उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान जान्हवी (6), तन्वी (7) और सुहानी (9) रजक के रूप में हुई है. थाना प्रभारी शिव अग्रवाल ने बताया, तीनों बहनें शाम को नाग पंचमी के अवसर पर मिट्टी की मूर्तियों को जलाशय में विसर्जित करने के लिए घर से निकली थीं.

#### सोनभद्र में घर में घुस कर दंपती की हत्या

**सोनभद्र (उप्र) ।** सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज कस्बे में शनिवार सुबह एक दंपती की उनके घर में हत्या कर दी गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र कुमार सिंह (47) और उनकी पत्नी मंजू देवी (43) अपने घर की पहली मंजिल पर मृत मिले. उन्होंने बताया कि हत्यारों ने मुख्य दरवाजे को बाहर से बंद कर दिया और घर में लगे कैमरे का डीवीआर भी साथ ले गए. पुलिस अधीक्षक के मुताबिक शनिवार को पूर्वाह्न धर्मेंद्र का साला सुनील जब घर पहुंचा तो घटना का पता चला.

# पश्चिम बंगाल में ट्रेनी डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या, हंगामा

## मेडिकल स्टूडेंट्स, भाजपा, कांग्रेस और वाम दल सड़क पर उतरे, पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर की लाश मिली. जो जानकारी सामने आयी है, उसके अनुसार पहले लेडी डॉक्टर से दरिंदगी के साथ रेप किया गया, फिर उसका बेरहमी से मर्डर कर दिया गया. कोलकाता पुलिस के अनुसार मामला सुसाइड का नहीं है. रेप के बाद हत्या हुई है. ट्रेनी डॉक्टर की गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई मिली है. उसकी गला घोंटकर हत्या की गयी है. ट्रेनी डॉक्टर सेकंड ईयर की स्टूडेंट थी. कोलकाता पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया है. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संजय नाम के एक शख्स को गिरफ्तार किया है. घटना के बाद मेडिकल स्टूडेंट्स, भाजपा, कांग्रेस और वाम दलों ने कार्रवाई की मांग को लेकर अस्पताल के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया. पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने घटना को लेकर सीबीआई जांच की मांग की है.

### नर्सों ने कोलकाता में विरोध-प्रदर्शन किया

ट्रेनी डॉक्टर रेप-हत्या मामले में जल्द न्याय की मांग करते हुए नर्सों ने आज शनिवार को कोलकाता में विरोध-प्रदर्शन किया, कांग्रेस कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए. कांग्रेस ने कहा, जांच कमेटी में कांग्रेस को भी शामिल करें, वाम दल एसएफआई और डीवाईएफआई ने कहा कि घटना को विरोध में पश्चिम बंगाल में चक्का जाम करेंगे. पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीड़िता के माता-पिता से बात की है. खबर है कि ट्रेनी डॉक्टर के परिजनों ने ममता से इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है. सीएम ने दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया.



### पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया

पुलिस ने ट्रेनी डॉक्टर के शव का पोस्टमॉर्टम कराया है. शुरुआती पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यौन उत्पीड़न और हत्या की बात सामने आयी है. पोस्टमार्टम के क्रम में दो महिला गवाह और महिला की मां मौजूद थीं, जिसे कैमरे में रिकॉर्ड किया गया. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दर्ज है, उसकी दोनों आंखों और मुंह से खून बह रहा था, चेहरे और नाखून पर चोटें थीं.

### ममता सरकार मामले को दबा रही है : भाजपा

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने ममता बनर्जी सरकार पर हल्ला बोला है. उन्होंने कहा, अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या की घटना हुई. आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की सरकार कोलकाता पुलिस का इस्तेमाल मामले को दबाने के लिए कर रही है.उन्होंने ट्रेनी डॉक्टर के शव का पोस्टमॉर्टम शाम को कराये जाने का विरोध किया. सवाल किया कि शाम को पोस्टमॉर्टम क्यों किया गया?

**आबकारी नीति मामला**

### के. कविता की जमानत पर सुनवाई 12 अगस्त को

**नयी दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के. कविता की कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामलों में जमानत देने से इनकार करने के दिल्ली कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर 12 अगस्त को सुनवाई करेगा. कोर्ट ने एक जुलाई को दोनों मामलों में कविता की जमानत याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि बीआरएस नेता दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 को बनाने और उसे लागू करने से संबंधित आपराधिक साजिश में प्रथम दृष्टया मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक हैं. शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गयी 12 अगस्त की वाद सूची के मुताबिक, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ याचिकाओं पर सुनवाई करेगी.

## वायनाड में पीएम मोदी ने भूस्खलन पीड़ितों का दर्द जाना, बोले-

# केंद्र वायनाड में राहत, पुनर्वास में हर संभव मदद करने को तैयार

**एजेंसी । वायनाड (केरल)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आश्वासन दिया कि केंद्र वायनाड जिले के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास प्रयासों में हर संभव सहायता प्रदान करेगा. मोदी ने कहा कि सभी की संवेदनाएं भूस्खलन में जीवित बचे लोगों के साथ हैं. उन्होंने कहा कि इस घटना ने कई परिवारों के सपनों को तोड़ दिया.

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार केरल सरकार के साथ मिलकर उन लोगों की मदद करेगी जिन्होंने इस आपदा में अपना सब कुछ खो दिया. भूस्खलन की वजह से अब तक 226 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 130 से ज्यादा लोग लापता हैं. प्रधानमंत्री यहां जिला कलेक्ट्रेट में जमीनी हालात की समीक्षा करने और भूस्खलन पीड़ितों के पुनर्वास की योजना तैयार करने के लिए आयोजित बैठक में बोल रहे थे. प्रधानमंत्री ने कहा कि जब से यह आपदा आई है, तब से वह यहां संपर्क में हैं और लगातार अद्यतन सूचना प्राप्त कर रहे हैं. मोदी ने कहा कि उन्होंने जीवित बचे लोगों से सुना कि उन्होंने क्या देखा और क्या अनुभव किया.

बैठक में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी, आपदा स्थल के पास डेरा डाले कैबिनेट उप-समिति के मंत्री, वरिष्ठ नौकरशाह और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे. इससे पहले, मोदी कन्नूर हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर द्वारा वायनाड पहुंचे. प्रधानमंत्री एयर इंडिया वन विमान से दिन में करीब 11 बजे कन्नूर हवाई अड्डा उतरे. वायनाड जाते समय उन्होंने भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से भूस्खलन प्रभावित चूरलमाला, मुंडक्कई और पुंचिरीमट्टम का हवाई सर्वेक्षण किया था. हवाई सर्वेक्षण के बाद मोदी का हेलीकॉप्टर कलपेट्टा में एसकेएमजे विद्यालय में उतरा, जहां से वह सड़क मार्ग से चूरलमाला के लिए रवाना हुए. चूरलमाला में सेना ने आपदा के बाद राहत एवं बचाव कार्यों में मदद के लिए 190 फुट लंबा पुल बनाया है. मोदी नुकसान का जायजा लेते हुए इस पुल से पैदल गुजरे.



मोदी ने एक राहत शिविर का भी दौरा किया, जहां भारी भूस्खलन के कारण विस्थापित हुए कई लोग रह रहे हैं. उन्होंने घटना से प्रभावित कुछ लोगों से बातचीत की. इनमें दो बच्चे भी शामिल थे, जिन्होंने इस आपदा में अपने प्रियजनों को खो दिया. इस आपदा में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है. टीवी चैनलों पर प्रसारित दृश्यों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने भूस्खलन प्रभावित लोगों से बात की, उनकी चिंताओं और जरूरतों को सुना तथा उन्हें सांत्वना देने की कोशिश की. मोदी ने सांत्वना देते हुए पीड़ितों के सिर और कंधों पर हाथ रखा. प्रभावित लोगों में से कई प्रधानमंत्री को अपनी आपबीती बताते हुए रोने लगे. मोदी डॉ. मूपेन मेडिकल कॉलेज भी गए, जहां भूस्खलन में घायल हुए कई लोग भर्ती हैं. उन्होंने भूस्खलन में बचे कुछ लोगों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया. समीक्षा बैठक समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री कलपेट्टा के एसकेएमजे विद्यालय के लिए रवाना हुए, जहां से वह हेलीकॉप्टर से कन्नूर हवाई अड्डे के लिए जाएंगे.

# तिमोर-लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**भाषा। दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने शनिवार को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते' से सम्मानित किया. राष्ट्रपति कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि मुर्मू (66) को सामाजिक सेवा में उनकी उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति उनके समर्पण के लिए इस सम्मान से नवाजा गया.

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह सम्मान भारत और तिमोर-लेस्ते के बीच दोस्ती का प्रतिबिंब है. मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के अंतिम पड़ाव के तहत शनिवार को दक्षिण-एशियाई देश तिमोर-लेस्ते की राजधानी दिली पहुंचीं. इससे पहले उन्होंने न्यूजीलैंड और फिजी की यात्रा की थी. मुर्मू तिमोर-लेस्ते की यात्रा करने वाली भारत की पहली प्रधानमंत्री हैं. राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, हवाई अड्डे पर होर्ता ने मुर्मू का गर्मजोशी से स्वागत किया. हवाई अड्डे के बाहर बच्चे उनका अभिनंदन करते नजर आए. डिली में राष्ट्रपति भवन में मुर्मू का औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया. मुर्मू ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के उपायों पर अपने समकक्ष होर्ता के साथ व्यापक चर्चा की.

उन्होंने कहा, भारत और तिमोर-लेस्ते मधुर एवं दोस्ताना संबंध साझा करते हैं, जो लोकतंत्र तथा बहुलवाद के मूल्यों के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता पर आधारित हैं. मुझे विश्वास है कि इससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे. मुर्मू ने कहा, मैंने सूचना प्रौद्योगिकी, डिजिटल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं फार्मास्यूटिकल, कृषि, क्षमता निर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में भारत तथा तिमोर-लेस्ते के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के उपायों पर राष्ट्रपति रामोस-होर्ता के साथ व्यापक चर्चा की.

## हर घर तिरंगा अभियान पर कांग्रेस बरसी

# मोदी के वैचारिक परिवार ने तिरंगे को अस्वीकार किया था : जयराम

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कांग्रेस ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शनिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री उस राष्ट्रीय प्रतीक को हथियाने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे उनके वैचारिक परिवार ने लंबे समय तक अस्वीकार किया था. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का कोई इतिहास और प्रतीक नहीं है, जिसे भारत अपना मान सके. रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, नॉन-बायोलॉजिकल पीएम ने एक और हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया है. तिरंगे के साथ आरएसएस के संबंधों का संक्षिप्त इतिहास देखना चाहिए. उन्होंने कहा, आरएसएस के दूसरे प्रमुख एमएस गोलवलकर ने अपनी पुस्तक बंच ऑफ थॉट्स में तिरंगे को राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाने के कांग्रेस के फैसले की आलोचना की थी. उन्होंने इसे सांप्रदायिक और सिर्फ बहकने और नकल करने का मामला करार दिया था. रमेश ने दावा किया कि आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर ने 1947 में लिखा था कि तिरंगे को हिंदुओं द्वारा कभी अपनाया नहीं जाएगा और न ही इसका सम्मान किया जाएगा.



### मालगाड़ी की चपेट में आने से सीआरपीएफ के जवान की हुई मौत

**इटावा।** इटावा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई. एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया. भरथना थाने के प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे पाली खुर्द गांव निवासी सीआरपीएफ जवान जबर सिंह (35) अपने खेत से घर लौट रहे थे तभी वह रेलवे पटरी पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आ गए. पुलिस ने बताया कि पास के खेत में अपने पशु चरा रहे अन्य किसानों ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी. पुलिस ने बताया कि सिंह छुट्टियों के बाद घर आया था. उसने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

### अमेरिका यूक्रेन को 12.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता करेगा

**वाशिंगटन ।** रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद के लिए अमेरिका ने उसे अतिरिक्त 12.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर के हथियार भेजने का फैसला किया है. व्हाइट हाउस ने बताया कि यूक्रेन को भेजी जा रही अतिरिक्त सैन्य सहायता में अति आवश्यक वायु रक्षा प्रणालियां, टैंक रोधी हथियार और दुश्मन द्वारा दागे गए गोलों का पता लगाने व उन्हें नष्ट करने में मदद करने वाले राडार शामिल हैं. अमेरिका ने यूक्रेन के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता की घोषणा ऐसे समय में की है, जब कीव ने फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से रूस की जमीन पर अपना अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है. यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में हमला किया, जिससे मॉस्को को आपातकाल घोषित करना पड़ा और वहां अतिरिक्त सैन्य बल भेजना पड़ा.

# गाजा के स्कूल पर इजराइल का हमला, 80 लोगों की मौत

**एजेंसी। काहिरा**

गाजा सिटी में एक स्कूल-सह-आश्रय शिविर पर शनिवार सुबह इजराइल के हवाई हमले में 80 से अधिक लोग मारे गए. फलस्तीन के स्वास्थ्य प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी. इसे इजराइल और हमास के बीच 10 माह से जारी संघर्ष के दौरान हुए सबसे घातक हमलों में से एक बताया गया. इजराइल की सेना ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए दावा किया कि उसने स्कूल के भीतर हमास के कमान केंद्र को निशाना बनाया. हालांकि, उसने इसकी पुष्टि के लिए कोई सबूत नहीं दिया. स्वास्थ्य मंत्रालय की एंबुलेंस एवं आपात सेवा ने बताया कि मध्य गाजा के ताबीन स्कूल पर हुए हवाई हमले में 47 लोग घायल भी हुए हैं. गाजा पट्टी के लगभग सभी स्कूलों का इस्तेमाल युद्ध के कारण अपना घर छोड़ने वाले लोगों के आश्रय के लिए किया जा रहा है. संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, छह जुलाई तक के आंकड़ों के तहत युद्ध के कारण गाजा में 564 स्कूलों में से 477 स्कूल सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं या तबाह हो चुके हैं.

अधिकारियों के अनुसार, मध्य गाजा में जून में विस्थापित फलस्तीनियों के एक स्कूल शिविर पर इजराइल की ओर से किए गए हमले में 12 महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 33 लोग मारे गए थे. यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका, कतर और मिस्र के मध्यस्थों ने दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम समझौते के लिए प्रयास कर रहे थे.

### तमिलनाडु में मूर्ति चोरी मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया

**चेन्नई ।** चोल युग की भगवान विष्णु की मूर्ति चुराने के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनसे दो करोड़ रुपये कीमत की प्राचीन मूर्ति बरामद की गई है. तमिलनाडु सीआईडी के मूर्ति संबंधी प्रकोष्ठ की पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में तंजावुर रेंज की सीआईडी टीम ने आठ अगस्त को एक गुप्त सूचना के बाद मेलातिरुविझापट्टी में तंजावुर-तिरुचिरापल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार की जांच की गई तो वाहन में से ढाई फुट की धातु की पेरुमल (विष्णु) मूर्ति बरामद की गई. पूछताछ करने पर कार में सवार पांच लोगों में से एक, तिरुवरुर जिले के 28 वर्षीय ए. दिनेश ने कथित तौर पर दावा किया कि उसके पिता को 12 साल पहले थोझुवुर नदी में जमीन खोदते समय यह मूर्ति मिली थी.

# देश में लोगों को 'तानाशाही' के खिलाफ लड़ना होगा : सिसोदिया

**भाषा। नयी दिल्ली**



आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों से देश में तानाशाही के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया. दिल्ली आबकारी नीति मामले में सिसोदिया को कल ही उच्चतम न्यायालय से जमानत मिली है. सिसोदिया ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग संविधान से ज्यादा ताकतवर नहीं हैं. सिसोदिया ने यहां पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को इस तानाशाही के खिलाफ लड़ना होगा जो न केवल नेताओं को जेल में डाल रही है बल्कि नागरिकों को भी परेशान कर रही है. आम आदमी पार्टी के नेता ने दावा किया कि जब वे जेल में थे तो उन्हें जमानत मिलने की चिंता नहीं थी लेकिन उन्हें यह देखकर पीड़ा हुई कि व्यापारियों को फर्जी मामलों में सलाखों के पीछे डाला दिया गया है, वो भी सिर्फ इसलिए कि उन्होंने भाजपा को चंदा नहीं दिया. अपने संबोधन में सिसोदिया ने पार्टी प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जिक्र किया और उन्हें देश में ईमानदारी का प्रतीक करार दिया.

### ब्राजील : विमान हादसे में 61 लोगों की मौत

**विन्हेडो (ब्राजील) ।** ब्राजील के साओ पाउलो प्रांत में एक यात्री विमान के रिहायशी इलाके में शुक्रवार रात दुर्घटनाग्रस्त होने से विमान में सवार सभी 61 लोगों की मौत हो गई. अधिकारियों ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है. अधिकारियों ने बताया कि यह विमान साओ पाउलो से 80 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित विन्हेडो में रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ लेकिन यह जानकारी नहीं है कि इस दुर्घटना में कोई स्थानीय नागरिक भी मारा गया है अथवा नहीं. विमानन कंपनी वेपास ने बताया कि 'एटीआर7' विमान में 57 यात्री और चालक दल के चार सदस्य मौजूद थे. उसने बताया कि विमान साओ पाउलो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ग्वारूलोस की ओर जा रहा था तभी यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

**चेतावनी**

## भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि बारिश का दौर अभी सप्ताह भर जारी रहेगा

# राजस्थान के भरतपुर, अलवर व बीकानेर सहित कई जिलों में भारी बारिश

**भाषा। जयपुर**



राजस्थान के कई हिस्सों में मॉनसून की बारिश का दौर लगातार जारी है, जहां बीते 24 घंटे में भरतपुर, अलवर और बीकानेर सहित कई जिलों में भारी बारिश हुई. मौसम विभाग का कहना है कि बारिश का दौर अभी हफ्ते भर जारी रहेगा. भारत मौसम विज्ञान विभाग के जयपुर केंद्र के अनुसार शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे की अवधि में प्रतापगढ़ के पीपलखूंट में 112 मिलीमीटर बारिश हुई. इसी तरह भरतपुर के डीग में 89 मिलीमीटर, सवाई माधोपुर के बामनवास में 76 मिलीमीटर, अलवर के मुंडावर में 72 मिलीमीटर और बीकानेर के खाजूवाला में 65 मिलीमीटर बरसात हुई, जो भारी बारिश की श्रेणी में आती है. इसके अनुसार उत्तर-पूर्वी राजस्थान के ऊपर बना परिसंचरण तंत्र आज भी इसी क्षेत्र में सक्रिय है व सतह से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तृत है. मॉनसून 'ट्रफ लाइन' बीकानेर और परिसंचरण तंत्र से होकर गुजर रही है. इसके प्रभाव से पूर्वी राजस्थान के अनेक भागों में मध्यम से तेज बारिश की गतिविधियां आगामी एक सप्ताह तक जारी रहने की प्रबल संभावना है. शनिवार को भी जयपुर, अजमेर और कोटा संभाग में कहीं-कहीं भारी बारिश व कहीं-कहीं अति भारी बारिश होने की संभावना है. जयपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर और भरतपुर संभाग में मॉनसून सक्रिय रहने तथा कहीं-कहीं भारी बारिश की गतिविधियां आगामी पांच से सात दिन जारी रहने की प्रबल संभावना है. पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में आगामी पांच से छह दिन मध्यम और कहीं-कहीं तेज बारिश होने की संभावना है.

### उत्तराखंड में भूस्खलन बद्रीनाथ राजमार्ग बंद

**गोपेश्वर ।** उत्तराखंड के चमोली जिले में भारी बारिश के कारण शनिवार को कई स्थानों पर भूस्खलन हुआ जिससे बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया. भूस्खलन के बाद मलबे के कारण कमेड़ा, नंदप्रयाग और छिनका में राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है.

### पुडुचेरी में भारी बारिश जनजीवन अस्त-व्यस्त

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी और उसके उपनगरों में शुक्रवार को भारी बारिश हुई, जिससे कई आवासीय कॉलोनियों में और सड़कों पर जलभराव हो गया तथा आम जनजीवन प्रभावित हुआ. पुडुचेरी में गुरुवार और शुक्रवार को भारी बारिश हुई. बारिश के पानी में 40 वर्षीय एक व्यक्ति के बह जाने की खबर है. कांग्रेस विधायक एम वैथियानाथन शुक्रवार रात घटनास्थल पर पहुंचे और अधिकारियों को लापता व्यक्ति का जल्द से जल्द पता लगाने का निर्देश दिया. पुडुचेरी के लोगों ने कहा कि बारिश से सड़कें जलमग्न हो गई हैं.

# भारत मालदीव में शुरू करेगा यूपीआई से भुगतान सेवा

- जयशंकर ने मालदीव के रक्षा मंत्री से सुरक्षा संबंधों पर चर्चा की

**भाषा। माले**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और मालदीव ने यहां एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. उन्होंने कहा कि इस समझौते का मालदीव के पर्यटन क्षेत्र पर 'बहुत सकारात्मक' प्रभाव पड़ेगा. जयशंकर की तीन दिवसीय आधिकारिक मालदीव यात्रा के दौरान शुक्रवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, मालदीव में (ए) डिजिटल भुगतान प्रणाली की शुरुआत पर भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम और मालदीव के आर्थिक विकास और व्यापार मंत्रालय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ सकारात्मक बैठक की और द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग व क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने में साझा हित पर चर्चा की. जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मालदीव की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)